**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 | 22.6 |
| डालटनगंज | 30.2 | 25.6 |
| धनबाद | 32.0 | 25.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शनिवार 26 जुलाई 2025 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 02, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 109 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


# झारखंड के समग्र विकास में कृषि एवं संबद्ध सेवाओं की भूमिका सर्वोपरि



अयोध्या नाथ मिश्र

राज्यों के बीच आर्थिक असमानता राष्ट्रीय समेकित विकास को दुष्प्रभावित तो करता ही है, क्षेत्रीय असंतुलन पैदा करता है. परिणाम होता है, समग्र विकास में प्रभावित राज्य पीछे छूट जाता है और उसे बीमारू, पिछड़ा आदि कई विशेषणों की त्रासदी झेलने पड़ती है. आज यह असमानता सिर चढ़ कर बोलती है. बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश के मजदूर थोक भाव में देश-विदेश में रोजी-रोटी के लिए संघर्ष करते मिल जाएंगे. ऐसा नहीं कि देश में जो राज्य आगे या पहली पंक्ति में खड़े हैं, उनकी समृद्धि पूर्व से ऐसी ही थी. पर संसाधन तकनीक और विजन के आधार पर ये बहुत आगे निकल गए हैं, चाहे आर्थिक उत्पादन के मानक हो या जीवन के भिन्न-भिन्न आयाम. आज सिक्किम, गोवा, तेलंगाना, कर्नाटक, हरियाणा, तमिलनाडु, गुजरात को समृद्धि और विकास में जो मुकाम हासिल है, वहां 70-80 के दशक में या उसके पहले भी ऐसा ही था, ऐसा नहीं कहा जा सकता. पर इन राज्यों ने अपने प्रत्येक संसाधन प्राकृतिक हों, मानव, बौद्धिक हों या अन्य, सबका बेहतर विजन युक्त उपयोग किया है. अधिकाधिक अधिकतम गुणात्मक उपयोग ने उन्हें उत्पादक बनाया है, समृद्ध बनाया है. पर कुछ राज्य, जो निचले पायदान पर लुढ़क रहे हैं, वे अब उनसे स्पर्धा की बात सोच भी नहीं सकते. इनमें बिहार 28 वें, उत्तर प्रदेश 27 वे और झारखंड 26 वें को राष्ट्रीय औसत तक पहुंचाने के लिए भारी मशक्कत करनी होगी.

**सभी क्षेत्र में संतुलित वृद्धि की अपेक्षा:** सेकेंडरी क्षेत्र अर्थात उत्पादन बिजली, गैस, जलापूर्ति निर्माण अवसंरचना आदि में ग्रोथ रेखांकित हुई है, इकोनॉमी को समर्थन मिला है, पर उतार चढ़ाव भी देखा गया है. इस सेक्टर में 3.48 % की दर से वृद्धि रेखांकित हुई है. इस प्रकार आमतौर पर प्राथमिक क्षेत्र में विगत 20-21 से 22-23 के कालखंड में प्राथमिक क्षेत्र का 6.9% सेकेंडरी का 10.7% और टर्सियरी क्षेत्र में 9.5% के हिसाब से इकोनामिक ग्रोथ, बढ़ोतरी देखी गई है. कुल मिलाकर इस अवधि में जीएसवीए में 9.4% वृद्धि आकलित है, पर वृद्धि का यह अनुपात प्रति व्यक्ति आय और देश के सकल घरेलू उत्पाद में हमारी जीएसडीपी की समानुपाती अभिवृद्धि के लिए पर्याप्त नहीं है. प्रत्येक क्षेत्र से आधिकाधिक संतुलित वृद्धि की अपेक्षा है. प्राथमिक क्षेत्र से मूल रूप से कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन तथा खनन एवं क्वेरीज की बात करें, तो राज्य में कृषि संबद्ध सेवाओं की इकोनॉमी में कमी आई है. दूसरी ओर खनन और भूतत्व क्षेत्र की आय में बढ़ोतरी हुई है. 2016-17 से 23-24 के बीच यहां कृषि एवं संबद्ध सेवाओं की इकोनॉमी में कमी आई है तो दूसरी और खनन क्षेत्र की आय में वृद्धि हुई है. 2016-17 से 23 -24 के बीच कृषि एवं संबद्ध सेवाओं की 61.4% की हिस्सेदारी 56.9 पर आ गई है, वहीं खनन की सहभागिता बढ़ कर 38.6% से 43.1% की हो गई है. कृषि क्षेत्र का पिछड़ना चिंता जनक है. इसके लिए सम्यक प्रयास बहुत आवश्यक हैं. झारखंड के गांव-गरीब, वन- प्रांतर की प्रति व्यक्ति आय जीएसडीपी एवं समग्र विकास के लिए संतुलित सिंचाई क्षमता के साथ कृषि एवं संबद्ध सहायक सेवाओं, देशज उत्पाद, बागवानी तकनीक एवं वानिकी क्षेत्र का सिंचाई समर्थित विकास अतिआवश्यक है.

**(लेखक सामाजिक -आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र के सचिव हैं)**

### संपन्नता मापने का मानक

संपन्नता मापने का अभी तक का मानक राज्यों का जीएसडीपी और वहां के नागरिकों की प्रति व्यक्ति आय रहा है. सभी प्रकार के विकास समृद्धि और ग्रोथ के ये ही आधार होते हैं. योजनाओं के सूत्रण के लिए इसे ही अधिक महत्व दिया जाता है. इस तुला पर बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड निचले पायदान पर हैं. आगे निकल गए राज्यों के नागरिकों की प्रति व्यक्ति आय, जीएसडीपी और अपेक्षाकृत पीछे छूटे राज्यों की स्थिति में भारी अंतर है. यह अंतर केवल आंकड़ा नहीं है, अपितु राज्य के निवासियों का भाग्य-भविष्य है. जीवन में विकास, समृद्धि, ग्रोथ की गाड़ी इन आंकड़ों की गलियों से ही शीर्ष पर पहुंचती है, मूल्यांकन होता है, समर्थन- सहायता मिलते हैं. देशी- विदेशी पूंजी निवेश का भी यह एक कारक बनता है. झारखंड का जीएसडीपी 2023-24 में देश के सकल घरेलू उत्पाद का वर्तमान मूल्य पर 1.56% है. यदि क्षेत्रफल और जनसंख्या के आधार पर देखा जाए, तो यह अनुपात बहुत पीछे ले जाता है. वहीं प्रति व्यक्ति आय के मामले में हमारा राज्य 23-24 में देश की प्रति व्यक्ति आय के 57.15% पर है. इस अवधि में देश की प्रति व्यक्ति आय वर्तमान मूल्य पर 184 205 रुपए वार्षिक है, तो हमारे राज्य की आय 105 274 रुपए मात्र है. आलोच्य अवधि में से सिक्किम 587 743, तेलंगाना 356 56 4 और कर्नाटक का एक आदमी 332926 वार्षिक आय कर रहा है. हरियाणा, तमिलनाडु और गुजरात की बात अलग ही है. छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान भी हमसे आगे हैं. इस क्षेत्र में अर्थात आर्थिक रूप से राज्य को सशक्त बनाने के लिए बहुत कुछ प्रयास करना होगा.

### मानव विकास इंडेक्स में भी बहुत पीछे

इसी प्रकार आय का आधार विविध सेवाओं उत्पादन में पीछे रहना मानव विकास इंडेक्स (एचडीआई) में समानुपाती वृद्धि के लिए श्रेयस्कर नहीं है. यदि हम राज्य के ग्रास स्टेट वैल्यू ऐडेड (जीएसवीए) को देखें तो टर्टियरी सेक्टर अर्थात व्यापार परिवहन वित्तीय मामले रियल एस्टेट लोक प्रशासन आदि से 40% की सहभागिता विगत कई वर्षों से बनी हुई है. 23-24 में इस क्षेत्र का सहयोग 44.4% तक रहा. दूसरा बड़ा क्षेत्र सेकेंडरी अर्थात निर्माण बिजली, पानी, गैस उत्पादन आदि सेवाओं की सहभागिता भी जीएसवीए में 35% तक रेखांकित हुई. पर कृषि, वानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि के प्राथमिक क्षेत्र की स्थिति सराहनीय नहीं कही जाएगी. आर्थिक विकास में इसकी साझेदारी पूर्व की अपेक्षा कम हुई है, 20% पर पहुंच गई है. यह क्षेत्र आम गांव-गरीब, जनजातीय, वंचित से जुड़ा है, जहां अभाव है और है दैन्य! सबसे बड़ी बात है कि अन्न उत्पादन में यह अनुपात 23-24 महजु 5.02% रहा है. इसके ऊपर आम जीवन निर्भर करता है. राज्य में कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, वानिकी, हर्बल उत्पाद तथा बागवानी को समर्थित कर इस क्षेत्र को आगे बढ़ाया जाना समेकित विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है. खाद्यान्न के मामले में सक्षमता, स्वावलंबन, ग्रामीण इकोनॉमी को तेज गति से ग्रोथ देंगे, साथ ही कुपोषण का बेहतर निदान हो पाएगा. समय पर भरपेट पौष्टिक भोजन हजार नियामक से बेहतर कहा गया है.

## ब्रीफ न्यूज

### राबड़ी बोलीं- तेजस्वी की जान को है खतरा

**पटना।** बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने अपने बेटे तेजस्वी यादव को लेकर शुक्रवार को बड़ा बयान दिया है. राबड़ी ने बिहार चुनाव से पहले विधानमंडल के अंतिम सत्र के अंतिम दिन कहा कि तेजस्वी यादव पर चार बार जानलेवा हमले हो चुके हैं. 2005 से चल रही नीतीश कुमार सरकार में असुरक्षा को लेकर उन्होंने चुनाव से पहले यह बड़ा बयान दिया है. इसपर राज्य सरकार ने कहा कि यह चुनावी स्टंट है. अगर ऐसी बात है तो लिखित जानकारी दें, सरकार जांच करेगी.

### सरकारी स्कूल की छत गिरी, 8 बच्चों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के झालावाड़ में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ. मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय की छत गिरी, जिसके बाद दीवार भी ढह गई. इस हादसे में आठ बच्चों की मौत हो गई. जबकि कई अन्य बच्चे घायल हो गए. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जांच के आदेश दिए हैं. घटना के बाद से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है. शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने हादसे में आठ बच्चों की मौत की पुष्टि की है.

### उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रिटर्निंग अफसर

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को रिटर्निंग अफसर नियुक्त किया है. इसके अलावा राज्यसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव गरिमा जैन और निर्देशक विजय कुमार को सहयोगी रिटर्निंग अफसर नियुक्त किया गया है. रिटर्निंग अफसर निर्वाचन से जुड़ी प्रक्रिया के संचालन और निगरानी के लिए उत्तरदायी अधिकारी होते हैं. आयोग ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी.

### जाति जनगणना न कराने पर राहुल गांधी ने जताया अफसोस, कहा

# कांग्रेस सरकार में चूक हुई

एजेंसियां। नयी दिल्ली




राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस पार्टी द्वारा ओबीसी भागीदारी महासम्मेलन का आयोजन हुआ. इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, अशोक गहलोत समेत कई दिग्गज नेता शामिल हुए. सभा को संबोधित करने के दौरान राहुल ने कहा कि अब ओबीसी की लड़ाई उनकी पहली प्राथमिकता होगी. तेलंगाना की जातीय गणना को उन्होंने सियासी तूफ़ान बताया.

साथ ही उन्होंने आरएसएस को ओबीसी का सबसे बड़ा दुश्मन बताया. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि ओबीसी समुदाय की समस्याओं को वो समय रहते नहीं समझ पाए, और ये उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक भूलों में से एक रही. उन्होंने कहा, अगर मैंने ओबीसी की पीड़ा यूपीए शासन के दौरान समझ ली होती, तो उसी वक्त जातीय जनगणना करा दी होती. मै अब इसे सुधारना चाहता हूं. राहुल ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मीडिया ने प्रधानमंत्री के गुब्बारे को फुलाया है और उनमें कोई दम नहीं है.

उन्होंने कहा कि उन्हें दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के मुद्दों को समझने में समय लगा, लेकिन ओबीसी की स्थिति को उन्होंने देर से पहचाना. मैंने मनरेगा, खाद्य सुरक्षा कानून, वन अधिकार कानून जैसे मुद्दों पर ठीक काम किया, लेकिन ओबीसी को लेकर मैं चूक गया.

**अब ओबीसी की लड़ाई मेरी प्राथमिकता:** राहुल ने कहा कि अब वे इस मोर्चे पर पीछे नहीं हटेंगे, और जातीय जनगणना से लेकर आरक्षण विस्तार तक, वो ओबीसी के हकों की लड़ाई को निर्णायक मोड़ तक ले जाएंगे. उन्होंने कहा, प्रियंका गांधी से पूछिए, अगर राहुल गांधी कुछ ठान ले, तो क्या वो पीछे हटते हैं?

**तेलंगाना की जातीय गणना सुनामी जैसी:** राहुल गांधी ने कांग्रेस शासित तेलंगाना सरकार की जातीय जनगणना को 'तूफान' बताया और कहा कि उसके आंकड़े चौंकाने वाले हैं. तेलंगाना के कॉर्पोरेट दफ्तरों में कितने ओबीसी, दलित, आदिवासी हैं, यह एक मिनट में सामने आ जाता है. उन्होंने कहा, करोड़ों के पैकेज सवर्णों के पास हैं, जबकि ओबीसी, दलित, आदिवासी श्रम कर रहे हैं.

**मोदी कोई बड़ी समस्या नहीं :** मोदी पर हमला करते हुए राहुल ने कहा, नरेंद्र मोदी कोई बड़ी समस्या नहीं हैं. वो तो बस अपने प्रचार का एक शो हैं. उनके पास असली ताकत नहीं. वो हमारे सिर पर चढ़ गए हैं, असल समस्या आरएसएस है. राहुल ने ओबीसी से सीधे कहा कि उनका असली विरोधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) है. उन्होंने दावा किया कि जातीय जनगणना के बाद आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा खुद-ब-खुद टूट जाएगी. उन्होंने उदाहरण दिया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पहले ही यह दीवार तोड़ दी है.

## नरेंद्र मोदी झूठों के सरदार: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भागीदारी न्याय सम्मेलन में पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि मोदी 'झूठों के सरदार' हैं. झूठ बोलना ही उनका काम है. उन्होंने देश से झूठ बोला कि हर साल युवाओं को 2 करोड़ नौकरी दूंगा, विदेश से कालाधन लाऊंगा. सबको 15-15 लाख दूंगा. किसानों को एमएसपी दूंगा. बैकवर्ड क्लास की आमदनी बढ़ा दूंगा. नरेंद्र मोदी संसद तक में झूठ बोलते हैं. इसलिए हमें लोगों को समझाना चाहिए कि मोदी देश को गुमराह कर रहे हैं और झूठ बोलने वाले प्रधानमंत्री देश, समाज का भला नहीं कर सकते.

**अगर 30 और सीटें मिली होतीं, तो कांग्रेस की सरकार होती :** खरगे ने लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों पर भी बात की. उन्होंने दावा किया कि अगर कांग्रेस को 30 और सीटें मिलतीं, तो आज देश में उनकी सरकार होती. खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने 2024 का लोकसभा चुनाव सामाजिक न्याय के मुद्दे पर लड़ा था. उन्होंने जोर देकर कहा, अगर कांग्रेस को 30 और सीटें मिल जातीं, तो हम सरकार बना लेते.



### आरएसएस-बीजेपी के लोग जहर बांटते हैं

खरगे ने कहा कि किसी भी समाज को तीन चीजों की जरूरत है. पहला- विचार (शिक्षा), दूसरा- मनुष्य बल और तीसरा आर्थिक बल. इन तीन चीजों में से किसी के पास एक भी नहीं है तो आगे नहीं बढ़ सकता. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि आरएसएस-बीजेपी के लोग जहर बांटते हैं. ये लोगों को आपस में बांटने का काम करते हैं, लेकिन हमें एकजुट रहना है. हिम्मत के साथ कांग्रेस पार्टी का साथ देना है. जिस तरह से आजादी के समय लोगों ने साथ दिया था, वैसे ही अगर आप लोगों ने हमारा साथ दिया तो कांग्रेस पार्टी को कोई हिला नहीं सकता.

### बड़ी पहल: भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया आदेश

# पूरे देश में कराया जाएगा वोटरों का वेरिफिकेशन

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने देश भर में मतदाता सूची की व्यापक जांच और सत्यापन के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है. आयोग के इस विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उद्देश्य मतदाता सूची से फर्जी और अवैध प्रविष्टियों को हटाना तथा मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना है. यह कदम बिहार में हाल ही में शुरू किए गए सत्यापन अभियान के बाद उठाया गया है, जहां 35.6 लाख नामों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया चल रही है.

**क्या है वोटर वेरिफिकेशन अभियान:** चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि अगस्त 2025 से पूरे देश में मतदाता सत्यापन प्रक्रिया शुरू की जाएगी. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध मतदाताओं, विशेष रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों से आए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करना और उनकी फर्जी वोटर आईडी को हटाना है. इसके लिए मतदाताओं को अपनी नागरिकता, पहचान और निवास स्थान साबित करने के लिए दस्तावेज जमा करने होंगे.

**क्यों उठाया यह कदम:** चुनाव आयोग का कहना है कि यह कदम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है. मतदाता सूची में गड़बड़ियों को रोकने और फर्जी मतदान को खत्म करने के लिए यह सत्यापन जरूरी है. आयोग ने बायोमेट्रिक सत्यापन और आधार से लिंकेज जैसे उपायों को भी बढ़ावा दिया है, जिससे मतदाता पहचान की प्रामाणिकता बढ़ाई जा सके.

**कैसे होगा सत्यापन :** दस्तावेज सत्यापनः मतदाताओं को आधार, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट जैसे दस्तावेज जमा करने होंगे.

**बायोमेट्रिक सत्यापन:** पहचान की सटीकता के लिए बायोमेट्रिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा.

**पता सत्यापन:** बूथ लेवल अधिकारी व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं के पते की जांच करेंगे.

## एसआईआर में कवर हुए बिहार के 99.8% वोटर

**नयी दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है. चुनाव आयोग ने बताया है कि बिहार के 99.8 फीसदी मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं. बचे हुए 0.2 फीसदी मतदाताओं की सूची सभी राजनीतिक दलों के साथ चुनाव आयोग ने साझा कर दी है. चुनाव आयोग के अनुसार बिहार के 7.23 करोड़ मतदाताओं ने सक्रिय भागीदारी के साथ एसआईआर प्रक्रिया में पूरा विश्वास जताया है. चुनाव आयोग ने 7.23 करोड़ मतदाताओं के प्रपत्र प्राप्त कर लिए हैं और उनका डिजिटलीकरण किया जा चुका है. इन सभी मतदाताओं के नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे. शेष बचे मतदाताओं के प्रपत्रों और बीएलओ की रिपोर्ट का डिजिटलीकरण भी 1 अगस्त 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा.

**बचे हुए मतदाताओं का क्या?:** चुनाव आयोग ने कहा कि जिन मतदाताओं ने फॉर्म नहीं भरे हैं या दिवंगत हो चुके हैं, या फिर स्थायी रूप से किसी दूसरी जगह पर पलायन कर चुके हैं, उनकी सूची सभी 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को 20 जुलाई को भेज दी गई थी. ऐसा इसलिए किया गया, ताकि 1 अगस्त को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में कोई गलती न रहे.

**इन पार्टियों को भेजी बचे हुए मतदाताओं की सूची:** बसपा, भाजपा, माकपा, कांग्रेस, राजद, जदयू, रालोसपा, भाकपा माले, रालोजपा, लोजपा (आर), नेशनल पीपुल्स पार्टी और आम आदमी पार्टी.




### 1 सितंबर तक आपत्ति जता सकते हैं सभी दल

एसआईआर के पहले चरण की सफलता का श्रेय बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, 38 जिलाधिकारी (जिला निर्वाचन पदाधिकारी), 243 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (ईआरओ), 2,976 सहायक ईआरओ, 77,895 मतदान केंद्रों पर नियुक्त बीएलओ, स्वयं सेवक गण, सभी 12 राजनीतिक दलों, उनके 38 जिला अध्यक्षों और उनके द्वारा नामित 1.60 लाख बीएलए को दिया गया है. एसआईआर आदेश के अनुसार, 1 अगस्त से 1 सितंबर तक कोई भी मतदाता या राजनीतिक दल निर्धारित प्रपत्र भरकर किसी भी छूटे हुए योग्य मतदाता के नाम को जोड़ने अथवा किसी अपात्र मतदाता का नाम हटाने हेतु दावा या आपत्ति संबंधित ईआरओ को प्रस्तुत कर सकता है.

# बनी सहमति, लोकसभा में सोमवार से नियमित होगी सदन की कार्यवाही

एजेंसियां। नयी दिल्ली

मानसून सत्र में विपक्ष की नारेबाजी और विरोध के बीच निचले सदन की कार्यवाही शुक्रवार को भी स्थगित रही. इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलाई. सदस्यों से सदन को चलने देने का आग्रह किया. ऑपरेशन सिंदूर पर एक सत्र पर भी चर्चा हुई. उधर, राज्यसभा की कार्यवाही भी स्थगित कर दी गई. बैठक में सोमवार से सदन सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बनी है. इसी दिन ऑपरेशन सिंदूर पर भी चर्चा होगी. बिहार में एसआईआर पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्ष के विरोध के बीच बिरला ने संसद में प्रश्नकाल, चर्चा और संवाद को जारी रखने की अपील की और कहा कि सभी सांसदों को संसदीय मर्यादा का पालन करते हुए जनहित के मुद्दों पर बहस होनी चाहिए. विपक्ष का कहना था कि एसआईआर से बिहार में लाखों वोटरों को लिस्ट से हटाया जा रहा, जो संविधान और लोकतंत्र पर जानबूझकर किया गया हमला है.

**पीएम कब बोलेंगे, यह विपक्ष तय नहीं कर सकता: रिजिजू:** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि चर्चा के दौरान विपक्ष से कौन बोलेगा यह सरकार तय नहीं कर सकती और सरकार से कौन बोलेगा, यह विपक्ष तय नहीं करेगा. उन्होंने कहा कि सारे मुद्दे हमने सुने और उस पर विचार करेंगे लेकिन एक साथ सब पर चर्चा नहीं हो सकती है. पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चचा होगी. अगले विषय के बारे में बाद में तय करेंगे. साथ ही उन्होंने कहा, पीएम को कब बोलना है, यह विपक्ष तय नहीं कर सकता. सरकार की ओर से चर्चा की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कर सकते हैं. साथ ही चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी हिस्सा लेंगे. इस चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है. उन्होंने कहा कि पहले सप्ताह में केवल एक ही बिल पास कर पाए हैं.

### इंडिया गठबंधन का विरोध प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी

इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद भवन के मकर द्वार पर विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसदों के विरोध प्रदर्शन में भाग लिया. यह विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गया. इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने हिस्सा लिया.

### डीआरडीओ का कमाल : भारत ने अब ड्रोन से दाग दी गाइडेड मिसाइल

# परीक्षण में सफल रही यूएलपीजीएम-वी3, मजबूत हुई सैन्य क्षमता

शुभम संदेश डेस्क

भारत ने यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल-वी3 का सफल परीक्षण किया है. यह परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में स्थित नेशनल ओपन एरिया रेंज परीक्षण स्थल पर किया गया. इस शानदार उपलब्धि की जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार एक्स के जरिए साझा की. सफल परीक्षण को लेकर रक्षा मंत्री ने लिखा, भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देते हुए डीआरडीओ इंडिया ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में स्थित परीक्षण रेंज, नेशनल ओपन एरिया रेंज (एनओएआर) में यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है. यूएलपीजीएम-वी3 प्रणाली के विकास और सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और इंडस्ट्री पार्टनर्स, एमएसएमई और स्टार्ट-अप को बधाई. यह सफलता साबित करती है कि भारतीय उद्योग अब महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने और उत्पादन करने के लिए तैयार है.

**देश के कई हिस्सों में हो चुका है परीक्षण:** इससे पहले मई में, भारतीय सेना ने पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और जोशीमठ सहित देश भर के प्रमुख स्थानों पर व्यापक क्षमता का प्रदर्शन किया था. 31 मई को जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ये क्षेत्र परीक्षण लगभग युद्ध जैसी परिस्थितियों में किए गए थे. जिसमें अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों के प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक युद्ध सिमुलेशन को एकीकृत किया गया था. 27 मई को थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बबीना फायरिंग रेंज का दौरा किया और चल रहे प्रदर्शनों की समीक्षा की तथा सभी हितधारकों से बातचीत की. यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 भारत की रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एक उन्नत हथियार प्रणाली है. जो ड्रोन से लॉन्च की जाती है. यह हथियार प्रणाली आधुनिक युद्ध की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई है. यह भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है.



### मिसाइल की मुख्य विशेषताएं

हवा से सतह पर मार करने वाली प्रिसिजन-गाइडेड इस मिसाइल को विशेष रूप से ड्रोन के लिए डिजाइन किया गया है. इसमें इमेजिंग इन्फ्रारेड सीकर के साथ पैसिव होमिंग जैसी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो दिन और रात दोनों समय सटीक निशाना लगाने में सक्षम है. 12.5 किलो की यह फायर-एंड-फॉरगेट मिसाइल एक छोटी ड्यूलथ्रस्ट सॉलिड प्रोपल्शन यूनिट द्वारा संचालित होती है. यह दिन में अधिकतम 4 किमी और रात में 2.5 किमी की दूरी तक मार कर सकती है. अडानी और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) यूएलपीजीएम परियोजना के प्रमुख विनिर्माण भागीदार हैं, जबकि डीआरडीओ इन हथियारों के विकास और परीक्षण के लिए जिम्मेदार है. यूएलपीजीएम वी3, वी2 और वी1 का उन्नत संस्करण है.

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें

शुभम संदेश। रांची



झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कर लेने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है. वह 15 अगस्त को रांची और दुमका में होनेवाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक कर रही थीं.

मुख्य सचिव ने बारिश का मौसम होने के कारण निर्देश दिया कि झंडोत्तोलन निर्धारित समय से संपन्न हो, इसके लिए सभी जरूरी कार्य समय रहते संपन्न कर लिया जाए. स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी मैदान में और दुमका के पुलिस लाइन में आयोजित होता है. रांची में मुख्यमंत्री और दुमका में राज्यपाल झंडोत्तोलन करते हैं. दोनों जगह होने वाले समारोह के को देखते हुए मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि समारोह के दौरान राष्ट्रीय गान के समय प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करेंगे.

**मोरहाबादी मैदान में अस्थायी मंच को पूर्व के मंच के आकार का बनाने का निर्देश :** मुख्य सचिव ने रांची के मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए निर्मित होने वाले अस्थायी मंच को पूर्व के मंच के आकार का बनाने का निर्देश दिया. मंच की गुणवत्ता और सुरक्षा मानक पर विशेष ध्यान देने को कहा. उन्होंने मोरहाबादी में समारोह के प्रसारण के लिए लगी एलइडी स्क्रीन पर तस्वीरें स्पष्ट आये, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

इसके अलावा आमंत्रण कार्ड की छपाई और वितरण, स्वतंत्रता सेनानियों एवं अन्य महपुरुषों की मूर्तियों की सफाई तथा माल्यार्पण, समारोह स्थल पर आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल तक मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को लाने और ले जाने की व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल एवं अस्थायी शौचालय की व्यवस्था, समारोह स्थल के सभी पहुंच पथ एवं फ्लैंक की मरम्मत और रंग-रोगन, समारोह स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया.

### सीधा प्रसारण और मीडिया के लिए विशेष निर्माण का निर्देश

इसके अतिरिक्त समारोह के सीधा प्रसारण की व्यवस्था और मीडिया के लिए इनक्लोजर निर्माण का भी निर्देश दिया गया. ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के जिम्मे दिया गया. समीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था, अग्निशमन और यातायात, पार्किंग आदि के लिए भी निर्देश दिये गये. मुख्य समारोह के दौरान आकर्षण का केंद्र रहने वाले परेड के रिहर्सल को समन्वय के साथ ससमय पूर्ण कर लेने को कहा गया है. मुख्य समारोह में सीआरपीएफ, जैप, आईआरबी, जिला पुलिस, फायर बिग्रेड, होम गार्ड एवं एनसीसी के पुरुष व महिला बटालियन तैनात होंगे. इसी तरह राज्यभर के जिलों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए भी पूर्व की तरह चाक-चौबंद व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है.

## अटल के योगदान की कर रही अनदेखाः मरांडी

**रांची।** झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के जरिये अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदल कर मदर टेरेसा के नाम पर किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है. उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को अनदेखा करने का आरोप लगाया. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार राजनीति के निम्न स्तर पर उतर गयी है. उन्होंने मुख्यमंत्री सोरेन से यह पूछा है कि इसे कृतघ्नता कहा जाए या नैतिक पतन, कि राज्य सरकार ने मोहल्ला क्लिनिक के नाम से अटल बिहारी वाजपेयी का नाम हटाने का निर्णय लिया है? मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड राज्य के निर्माण में अटल बिहारी वाजपेयी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड की धरती से जनता से वादा किया था कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनी, तो झारखंड के लोगों को एक अलग राज्य का उपहार दिया जाएगा और जैसे ही उनकी सरकार बनी, उन्होंने अपना यह वादा निभाया.

## एक नजर

### जीएसटी घोटाले के आरोपित जमशेदपुर के व्यवसायी विक्की भालोटिया को नहीं मिली बेल

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय में शुक्रवार को लगभग 800 करोड़ रुपए के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) घोटाला के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित विक्की भलोटिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान न्यायालय ने विक्की की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. उच्च न्यायालय के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की पीठ में विक्की की जमानत पर सुनवाई हुई. विक्की पर शेल कंपनियों के नाम पर जीएसटी इंट्री कर 800 करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़े का आरोप है। इस मामले की जांच ईडी कर रही है. उल्लेखनीय है कि शिव कुमार देवड़ा, सुमित गुप्ता, अमित गुप्ता समेत कई अन्य आरोपियों ने लगभग 14,325 करोड़ रुपये के फर्जी चालान तैयार किए हैं. इन फर्जी चालानों के माध्यम से 800 करोड़ रुपये से अधिक का फर्जी टैक्स क्रेडिट क्लेम किया गया, जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान हुआ. ईडी और जीएसटी इंटेलिजेंस की संयुक्त जांच में सामने आया की आरोपियों ने 90 से अधिक शेल कंपनियों का इस्तेमाल कर फर्जी लेनदेन दिखाए और टैक्स चोरी की. ये कंपनियां कागज पर ही मौजूद थीं और इनका संचालन केवल इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) प्राप्त करने के लिए किया जा रहा था.

### रघुवर की उपाधि पर झामुमो ने उठाए सवाल

**रांची ।** झामुमो के केंद्रीय सदस्य और मीडिया पैनलिस्ट धीरज दुबे ने रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय (आरसीयू) के द्वितीय दीक्षांत समारोह में पूर्व सीएम रघुवर दास को डॉक्टरेट की मानद उपाधि देने पर सवाल उठाया है. दुबे ने रघुवर के सम्मान पर ऐतराज जताते हुए शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मानद उपाधि जैसी प्रतिष्ठित सम्मान केवल उन व्यक्तियों को दी जानी चाहिए, जिन्होंने शिक्षा, समाजसेवा, विज्ञान या कला के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया हो. यदि ऐसे सम्मान राजनीतिक समीकरणों या आपसी संबंधों के आधार पर दिया जाने लगा, तो इससे शिक्षा संस्थानों की साख और उपाधियों की गरिमा प्रभावित होती है.

### सहारा समूह पर सीआईडी ने दर्ज किया नया केस

**रांची।** सहारा इंडिया समूह की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं. झारखंड सीआईडी ने 13.25 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में सहारा समूह के खिलाफ नया केस दर्ज किया है. यह केस रांची के धुर्वा निवासी संतोष कुमार की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है. संतोष ने साल 2022 में डोरंडा थाना में पहली शिकायत की थी, जिसके आधार पर अब सीआईडी ने जांच शुरू की है. इस पूरे मामले की जांच का जिम्मा एक डीएसपी रैंक के अधिकारी को सौंपा गया है. एफआईआर में सहारा इंडिया समूह के शीर्ष अधिकारियों, निदेशकों और कई शाखा प्रबंधकों के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन का आरोप लगाया गया है. एफआईआर सहारा समूह की 3 सहकारी समितियों पर दर्ज हुई है. इनमें सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और सहारा यूनिवर्सल मल्टीपर्पस सोसाइटी लिमिटेड शामिल हैं. इसके अलावा सहारा क्यू शॉप के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है. शिकायतकर्ता संतोष कुमार का कहना है कि उन्होंने और अन्य जमाकर्ताओं ने कुल मिलाकर करीब 13 करोड़ 25 लाख रुपये सहारा में निवेश किए थे. पैसा मैच्योर हो चुका है, लेकिन फिर भी अब तक वापस नहीं मिला. उन्होंने बताया कि जब निवेश किया गया था, तब सहारा इंडिया के अधिकारियों ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि पैसा ब्याज समेत सुरक्षित लौटाया जाएगा. लेकिन कई साल बीतने के बाद भी किसी को पैसा नहीं मिला है. एफआईआर में सहारा इंडिया के कई बड़े अधिकारियों का नाम है, जिनमें सुब्रत रॉय (अब दिवंगत) – प्रबंध निदेशक, ओपी श्रीवास्तव – डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, अंजू लता – निदेशक और शैलेंद्र शुक्ला – डिप्टी सीनियर मैनेजर हैं.

- 13.25 करोड़ रुपए की ठगी का है मामला

### पूर्व विधायक अंबा प्रसाद मामले में ईडी की जांच तेज, डीएमओ से लिए अहम दस्तावेज

**रांची।** बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद से जुड़े मामले में ईडी ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है. गुरुवार को ईडी की टीम ने हजारीबाग के खनन पदाधिकारी (डीएमओ) अजीत कुमार से कुछ अहम दस्तावेज लिए. ईडी अब इन दस्तावेजों के आधार पर पूरे मामले का विश्लेषण कर रही है. कुछ दिन पहले ईडी ने डीएमओ कार्यालय में सर्वे किया था और वहां से कुछ दस्तावेज जब्त किए थे. हालांकि, कुछ कागज बाकी रह गए थे, जिन्हें अब टीम ने अपने कब्जे में लिया है. बता दें कि ईडी ने 4 जुलाई को अंबा प्रसाद और उनके परिवार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी. छापेमारी अंबा प्रसाद के कार्यालय, भाई अंकित राज के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के ठिकाने और बालू कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के ठिकानों पर की गई थी. इस दौरान ईडी को अवैध बालू खनन से जुड़े दस्तावेज मिले थे. साथ ही, अंकित राज के सीए के यहां से लगभग 15 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए. खनन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, ईडी यह पता लगा रही है कि बालू की लीज किसे दी गई थी, और खनन के अधिकार किनके नाम पर थे. ईडी अब यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि किन लोगों की मिलीभगत से अवैध कारोबार चला.

### राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता बने प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव

**रांची।** राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता को राजद झारखंड प्रदेश प्रधान महासचिव बनाया गया है. उनका मनोनयन गरीबों के मसीहा राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने किया. उन्हें यह जिम्मेदारी संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा प्रदेश स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से दी है. प्रदेश महासचिव बनने पर भोक्ता ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी सौंपी गई हैं, उसे ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करूंगा. उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने और जनआंदोलन के माध्यम से जनता के मुद्दों को उठाने की दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे. पूर्व मंत्री को प्रदेश प्रधान महासचिव बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है. बधाई देने वालों में राजद महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, राजद जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी के अलावा राजद नगर अध्यक्ष पंकज यादव, रिंकू खान, अब्दुल्लाह अंसारी, अभिषेक निषाद, विनोद भोगता, बब्लू यादव, मुकेश भोगता, भोला वर्मा, मुकेश यादव समेत कई शामिल हैं.

### 108 एम्बुलेंस सेवा 28 जुलाई से ठप होने की आशंका

## कर्मियों ने बेमियादी हड़ताल का किया ऐलान



शुभम संदेश। रांची

झारखंड में आपातकालीन चिकित्सा सेवा के तहत संचालित 108 नंबर की एम्बुलेंस सेवा 28 जुलाई से ठप हो सकती है. झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ ने अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर 28 जुलाई से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की घोषणा की है. इससे पहले बीते मंगलवार को संघ के सदस्यों ने रांची में प्रदर्शन कर स्वास्थ्य विभाग का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया था, लेकिन उन्हें कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली.

संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 1500 से 2000 मरीजों को लाभ मिलता है. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सेवा बाधित हुई और मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा, तो इसकी जिम्मेदारी एम्बुलेंस संचालित करने वाली एजेंसी और स्वास्थ्य विभाग की होगी.

**वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारी :** रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश कुमार सिंह और सिविल सर्जन ने बताया कि हड़ताल के संभावित असर को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार की जा रही है. रांची जिले में करीब 16 एम्बुलेंस उपलब्ध हैं, जिनमें से 8 एम्बुलेंस सदर अस्पताल के पास हैं. इसके अतिरिक्त एमपी एमएलए कोटे से प्राप्त एम्बुलेंस और सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत मिली एम्बुलेंस को भी तैनात किया जाएगा ताकि आपात स्थिति में मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो.

**कर्मचारियों की मुख्य मांगें**

- 108 एम्बुलेंस कर्मियों की सेवा अवधि को 60 वर्ष तक किया जाए.
- 26 जून 2025 को परिचालन संस्था के साथ तय हुए 9 बिंदुओं को लागू किया जाए.
- बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर कर्मियों को एनएसएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) के माध्यम से सीधे वेतन का भुगतान किया जाए.
- पूर्व में निलंबित एम्बुलेंस कर्मचारियों की सेवा बहाल की जाए और भ्रष्ट अधिकारियों को हटाया जाए.

### सैनिक स्कूल तिलैया से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों एवं मुद्दों पर बैठक

## झारखंड में एक और सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए करें पहलः मुख्य सचिव

शुभम संदेश। रांची



मुख्य सचिव अलका तिवारी ने झारखंड में एक अतिरिक्त सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए प्रक्रिया शुरू करने हेतु स्कूली शिक्षा सचिव को निर्देशित किया है. उन्हें बताया गया कि राज्य में एक अतिरिक्त सैनिक स्कूल की जरूरत है. कुछ राज्यों में दो सैनिक स्कूल चल रहे हैं. पूरे देश के अलग-अलग सैनिक स्कूलों की तुलना में राज्य के तिलैया स्थित सैनिक स्कूल में सर्वाधिक 875 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. वहीं मुख्य सचिव ने सैनिक स्कूल, तिलैया के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि स्कूल की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने में कोई कोताही नहीं होगी. वह शुक्रवार को सैनिक स्कूल तिलैया से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों एवं मुद्दों पर अपनी अध्यक्षता में बैठक कर रही थीं.

### छात्रों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच कोडरमा में होगी

मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि सैनिक स्कूल, तिलैया में अध्ययनरत छात्रों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच अब कोडरमा में ही होगी। अब तक इसके लिए छात्रों को हजारीबाग जाना पड़ता था. इससे काफी परेशानी होती थी. मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, स्कूली शिक्षा सचिव श्री उमाशंकर सिंह समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और सैनिक स्कूल, तिलैया के प्रतिनिधि मौजूद थे.

### 9.49 करोड़ से बहाल होगी नई जलापूर्ति योजना

सैनिक स्कूल तिलैया में 9.49 करोड़ रुपये से नई जलापूर्ति योजना बहाल की जाएगी. इसकी तकनीकी स्वीकृति पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से प्राप्त हो चुकी है. सैनिक स्कूल, तिलैया में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया. वहीं स्कूल स्थित स्टॉफ क्वार्टरों के रख-रखाव के लिए भवन निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया. दूसरी ओर स्कूल के कर्मियों के पेंशन, पारिवारिक पेंशन, एनपीएस तथा अन्य लाभ राज्य सरकार द्वारा वहन करने का प्रस्ताव सैनिक स्कूल, तियैया द्वारा रखा गया. बताया गया कि इस मद में लगभग 7 करोड़ रुपए व्यय होंगे. इसके आलोक में मुख्य सचिव ने स्कूली शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि वे इसके लिए दूसरे राज्यों में स्थित सैनिक स्कूलों के मॉडल का परीक्षण कर लें, फिर उसके आधार पर आगे बढ़ें.

### एसआईआर पर बिहार में चुनाव बहिष्कार के विचार से कितना सहमत है झामुमो?

## सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर लगाया चुनाव आयोग के दुरूपयोग का आरोप

शुभम संदेश। रांची



बिहार में चुनाव आयोग के निर्देश पर हो रहे मतदाता सूची के सघन विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीति गरमाई हुई है. बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव बहिष्कार के विचार पर बात करने की बात कही है. बिहार के बाद पूरे देश में भी एसआईआर कराने की तैयारी हो रही है. झारखंड में सत्ताधारी पार्टी झामुमो के नेता सुप्रियो भट्टाचार्य से इस पर बात की गई. एसआईआर के विरोध में तेजस्वी यादव के चुनाव बहिष्कार के विचार को लेकर झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अगर किसी भी राज्य या देश के विपक्ष के नेता के मन में चुनाव बहिष्कार का विचार आता है, तो यह अपने आप में एक गंभीर मामला है.

**लोकतांत्रिक ढांचे के लिए संकट का समय :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देखिए, अगर मुख्य विपक्षी दल का कोई नेता यह कहने पर मजबूर हो जाए कि हम चुनाव बहिष्कार को लेकर बैठक करेंगे, तो यह बहुत गंभीर मुद्दा है. यह हमारे लोकतांत्रिक ढांचे के लिए संकट का समय है, जब चुनाव आयोग एक राजनीतिक दल के लिए काम करता है और लोगों में सांप्रदायिक विभाजन पैदा करता है. तो हमें लगता है कि इस देश का संवैधानिक ढांचा और लोकतांत्रिक व्यवस्था खत्म हो जाएगी.

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि विपक्ष के नेता के मन में चुनाव बहिष्कार का विचार आना ही दर्शाता है कि यह मुद्दा बहुत गंभीर है. चुनाव आयोग द्वारा दिए गए हलफनामे में कहीं भी घुसपैठ शब्द का जिक्र नहीं है, लेकिन भाजपा नेता और आयोग के सूत्र विदेशी घुसपैठ और नागरिकता की बात कर रहे हैं. अगर एक चुनाव आयुक्त नागरिकता का फैसला करेगा, तो क्या गृह मंत्रालय ढोल बजा रहा है?

### चुनाव आयोग सभी दलों को समान अवसर प्रदान करे

झामुमो नेता ने कहा कि अब सदन में नहीं, बल्कि सड़कों पर संघर्ष करने का समय आ गया है. संविधान की रक्षा के लिए बिहार की धरती से फिर से संपूर्ण क्रांति का नारा बुलंद किया जाएगा. उन्होंने कहा कि अभी भी केवल चुनाव बहिष्कार ही एकमात्र विकल्प नहीं बचा है, बल्कि चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह चुनावों में सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर प्रदान करे. जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को फटकार लगाई है, भाजपा ने ईडी की जगह चुनाव आयोग का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है, यह एक गंभीर मामला है. वहीं सीपीएम नेता वृंदा करात ने रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि चुनाव आयोग बिहार में लगभग 52 लाख मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित करने की साजिश कर रहा है, इसके लिए विपक्षी दलों ने चुनाव का बहिष्कार न करके संघर्ष करने का फैसला किया है.

### झारखंड शराब घोटालाः आईएएस विनय चौबे की बेल पर अब 1 अगस्त को सुनवाई

## हाईकोर्ट ने एसीबी को काउंटर एफिडेविट दायर करने का दिया निर्देश

शुभम संदेश। रांची



झारखंड शराब घोटाला के आरोपी राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई. इस दौरान न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को काउंटर एफिडेविट दायर करने का निर्देश दिया. अब इस मामले में सुनवाई के लिए अदालत ने 1 अगस्त की तारीख निर्धारित की है. कोर्ट ने शुक्रवार को एसीबी की उस हस्तक्षेप याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एजेंसी ने अपना शपथपत्र वापस लेने का अनुरोध किया था.

**एसीबी द्वारा दर्ज प्राथमिकी और गिरफ्तारी को दी है चुनौती :** दरअसल विनय चौबे ने अपनी याचिका में एसीबी द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी और गिरफ्तारी को चुनौती दी है. उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर और सभी दंडात्मक कार्रवाई को रद्द किया जाए.

20 मई को पूछताछ के बाद विनय चौबे को एसीबी ने किया था गिरफ्तार

उल्लेखनीय है कि 20 मई 2025 को एसीबी ने शराब घोटाले से जुड़े मामले में विनय चौबे को पूछताछ के लिए बुलाया था. पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर कर लिया था. फिलहाल विनय चौबे न्यायिक हिरासत में हैं और राज्य सरकार के उन पर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है.

## विमर्श

### विस अध्यक्ष ने संसदीय संघ के 68वें सम्मेलन की तैयारी को लेकर की बैठक

## बारबाडोस में आयोजित सम्मेलन में झारखंड के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे

शुभम संदेश। रांची



राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 68वां सम्मेलन बारबाडोस में आयोजित होने जा रहा है. यह सम्मेलन 6 अक्टूबर से लेकर 13 अक्टूबर तक बारबाडोस में आयोजित होगा. सम्मेलन में भाग लेने के लिए विधानसभा अध्यक्ष कक्ष में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा के कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई.

**बारबाडोस में होना है राष्ट्रमंडल संघ सम्मेलन :** बारबडोस कैरेबियन सागर में स्थित एक द्वीप देश है. यह लेसर एंटिल्स द्वीप समूह का हिस्सा है और वेस्टइंडीज के सबसे पूर्वी द्वीप के रूप में जाना जाता है. झारखंड से भी, इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए डेलीगेट्स जाएंगे. डेलीगेट्स की संख्या और नाम जल्द ही तय किए जाएंगे. स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने कहा कि इस सम्मेलन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ से जुड़े देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा होने के बाद उसका पालन किया जाता है.

**मीटिंग में मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष रहे अनुपस्थित :** स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में विधायक नीरा यादव, अनंत प्रताप देव, दशरथ गगरई, नवीन जायसवाल आदि मौजूद थे. हालांकि बैठक में सदन के नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी अनुपस्थित रहे. आठ सदस्यीय, कार्यकारिणी समिति में स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावा बतौर सदस्य पांच विधायक नीरा यादव, विधायक अनंत प्रताप देव, विधायक दशरथ गागराई, नवीन जायसवाल और ममता देवी शामिल है.

### राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा में 137 सदस्य

गौरतलब है कि स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा के सभापति हैं. जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसके उपसभापति हैं. राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा में सदस्यों की संख्या वर्तमान में 137 है. हर साल आयोजित होने वाले संघ के सम्मेलन में स्पीकर के नेतृत्व में सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल भाग लेता है.

### विधायक अनंत प्रताप देव बोले-डेलीगेट्स के नाम विस अध्यक्ष जल्द करेंगे घोषणा

इस साल अक्टूबर में यह सम्मेलन बाराडोस में आयोजित हो रहा है. जिसमें झारखंड से भी डेलीगेट्स शामिल होंगे. जेएमएम विधायक और राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा के कार्यकारिणी समिति के सदस्य अनंत प्रताप देव ने बताया कि अभी डेलीगेट्स के नाम तय नहीं हुए हैं, लेकिन जल्द ही इसकी घोषणा विस अध्यक्ष खुद करेंगे.

- **न्यू साउथ वेल्स में आयोजित हुआ था पिछला राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन :** बहरहाल हर बार की तरह इस बार भी झारखंड समेत देशभर के राष्ट्रमंडल संसदीय संघ से जुड़े सदस्य इसमें शामिल होंगे. गौरतलब है कि इससे पहले 67वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन 3 से 8 नवंबर 2024 तक न्यू साउथ वेल्स की संसद और सीपीए न्यू साउथ वेल्स शाखा द्वारा आयोजित किया गया था.

### झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में नई नियुक्तियां

## संगठन को मजबूत करने की तैयारी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अल्पसंख्यक विभाग में संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए चेयरमैन मंजूर अंसारी ने कई नई नियुक्तियों की घोषणा की है. ये नियुक्तियां अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी की सहमति और झारखंड प्रभारी जीनल एन. गाला के निर्देश पर की गई हैं.

जिलावार प्रभारी भी किए गए नियुक्त, जिनमें रांची, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, गढ़वा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम समेत सभी जिलों के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है. मंजूर अंसारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने की अपील की है. उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, इमरान प्रतापगढ़ी, झारखंड प्रदेश प्रभारी राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और जीनल एन. गाला के नेतृत्व में पूरी निष्ठा से कार्य करें.

### प्रदेश स्तर पर नियुक्त पदाधिकारी

- महासचिव : मोहम्मद हसनैन आलम
- महासचिव सह प्रवक्ता : जैतुन कुमार जॉन
- महासचिव सह कार्यालय प्रभारी : गुलाम रब्बानी

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शनिवार 26 जुलाई 2025 I श्रावण शुक्ल पक्ष 02, संवत 2082 I रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 109 I मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




# पिता की दूसरी शादी से नाराज बेटे ने सौतेली मां का गला काटा, बहन की हालत गंभीर

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**

पिता की दूसरी शादी से नाराज एक बेटे ने अपनी सौतेली मां की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी. इस घटना में सौतेली मां की मौत हो गई है. वहीं, उसकी सौतेली बहन भी गंभीर रूप से घायल हो गई है. घटना पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र के बेड़मा बभंडी इलाके की है. घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है.रामगढ़ थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह ने बताया कि जसीमुद्दीन अंसारी नाम के व्यक्ति ने दिल्ली में मजदूरी करने के दौरान तेजू नाम की महिला से शादी की थी. शादी के बाद वह उसे अपने पैतृक घर ले आया, जहां उसकी पहले से ही पत्नी और बच्चे थे. जसीमुद्दीन ने दोनों पत्नियों को अलग-अलग घरों में रखा था. जसीमुद्दीन का बेटा नौशाद अपने पिता की दूसरी शादी से नाराज चल रहा था. नाराजगी के कारण दोनों पत्नियों और परिवार के बीच विवाद भी चल रहा था.थाना प्रभारी ने बताया कि इसी नाराजगी के कारण नौशाद तेजू के घर गया, जहां दोनों के बीच झगड़ा हो गया. इस झगड़े में नौशाद ने अपनी सौतेली मां तेजू की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी. वहीं इस घटना में उसकी सौतेली बहन भी जख्मी हो गई. जख्मी बहन को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है.थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. मृतका दिल्ली की रहने वाली थी और कुछ साल पहले उसकी शादी जसमुद्दीन से हुई थी.

### सौतेली मां की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए आरोपित नौशाद को गिरफ्तार कर लिया है. हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार बरामद करने के लिए छानबीन तेज की गई है. घटना के बाद नौशाद भागने की तैयारी में था, लेकिन रामगढ़ के थाना प्रभारी ओमप्रकाश साह ने उसे गिरफ्तार कर लिया. उन्होंने बताया कि पूरे मामले में जांच की जा रही है. घटनास्थल के आसपास स्थिति सामान्य बनाई जा रही है. प्रभावित परिवार की ओर से आवेदन मिलने पर आरोपित युवक को जेल भेजा जाएगा.

## देवरानी ने जेठानी की कर दी हत्या, पति से अवैध संबंध का था शक

**शुभम संदेश। पाकुड़**

जिले में एक देवरानी ने अपनी जेठानी की हत्या कर दी. पति से जेठानी के अवैध संबंध के शक इस घटना को अंजाम दिया गया है. गुरुवार देर रात उठे विवाद के बाद बात हाथापाई पर पहुंच गई और देवरानी ने डंडे से पीट कर जेठानी की हत्या कर दी. घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित कालीदासपुर पंचायत के धारसुड़ी गांव के बड़ियाटोला की है. देवरानी को शक था कि उसके पति का अपनी भाभी से अवैध संबंध है और इस वजह से अक्सर उनमें विवाद होता था. इधर, पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है.

मृतका की पहचान मुंडरी किस्कू के रूप में की गई है. उसके तीन बच्चे हैं. मृतका के पड़ोसी चूड़का मरांडी ने बताया कि आरोपी संझली किस्कू (21) को शक था कि उसकी जेठानी मुंडरी का उसके पति के साथ अवैध संबंध है. इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ. स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था. घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव कुमार झा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सोनाजोड़ी सदर अस्पताल भेज दिया है.

## हजारीबाग में पूर्व सीएम केबी सहाय की मूर्ति क्षतिग्रस्त

### स्थानीय लोगों में रोष, प्रशासन सख्त



**शुभम संदेश। हजारीबाग**

हजारीबाग के सेंट कोलंबस कॉलेज के सामने स्थित केबी सहाय पार्क में असामाजिक तत्वों ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय केबी सहाय की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया है. इस घटना को लेकर शहरवासियों में रोष है, वहीं प्रशासन ने सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया है. यह वही केबी सहाय पार्क है, जो हजारीबाग की ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक माना जाता है. लेकिन बीती रात असामाजिक तत्वों ने इस गौरवशाली विरासत पर हमला कर दिया, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केबी सहाय की मूर्ति को क्षति पहुंचा कर न सिर्फ उनकी स्मृति का अपमान किया गया, बल्कि सामाजिक सौहार्द पर भी चोट की गई है. घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन हरकत में आया. जिले के उपायुक्त से बात करते हुए सामाजिक संगठनों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

शहर के कई बुद्धिजीवी और सामाजिक संगठन भी इस घटना से आहत हैं और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. स्थानीय लोग इस मूर्ति को सिर्फ एक स्मारक नहीं, बल्कि एक प्रेरणा के रूप में देखते हैं. फिलहाल पार्क में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है. प्रशासन ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है. देखना यह होगा कि कब तक दोषियों की पहचान कर उन्हें सजा दिलाई जाती है.

## जमशेदपुर में लाखों के गहने और नकदी ले उड़े चोर

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना क्षेत्र की टेल्को कॉलोनी में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं. रोड नंबर-20 स्थित क्वार्टर नंबर के 2/8 में चोरों ने पीछे के गेट की कुंडी उखाड़ कर घर में घुसे और दो अलमारियों को तोड़ डाला. अलमारियों से करीब 40 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने लेकर चोर फरार हो गए. इसके अलावा चोरों ने एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस सहित कई जरूरी दस्तावेज भी चुरा लिए हैं. घटना की सूचना गुरुवार देर रात पीड़ित राजीव कुमार दास ने टेल्को थाना को दी. राजीव दास बी शिफ्ट ड्यूटी कर रात में जब घर लौटे तो देखा कि ताला टूटा हुआ है. उनकी पत्नी अपनी बहन के यहां रांची धुर्वा गई हुई हैं. जबकि बेटी भुवनेश्वर में पढ़ाई कर रही है. उन्होंने बताया कि फिलहाल उन्होंने पुलिस जांच के चलते घर का सामान नहीं छुआ है.

### जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट जारी

# 342 अभ्यर्थी चयनित, आशीष अक्षत टॉपर

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने बहुप्रतीक्षित सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है. कुल 342 अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए चयनित किया गया है. टॉपर की सूची में आशीष अक्षत ने पहला स्थान प्राप्त किया है. आयोग की वेबसाइट jpsc.gov.in पर परिणाम उपलब्ध है. यह सिर्फ एक परीक्षा का परिणाम नहीं, बल्कि देरी, आंदोलन और संघर्ष के बाद मिली सफलता है, जिससे हजारों प्रतियोगियों को राहत और संतोष मिला है. आयोग ने चयन प्रक्रिया को योग्यता और आरक्षण नियमों के अनुसार बताया है. सफल उम्मीदवारों के चेहरे भले ही आज खिले हों, लेकिन इस परीक्षा के विभिन्न चरणों में अभ्यर्थियों को बार-बार सड़कों पर उतरना पड़ा. मुख्य परीक्षा से लेकर इंटरव्यू और फिर फाइनल रिजल्ट तक प्रक्रिया में लगातार देरी और अस्पष्टता को लेकर आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे.

**आंदोलन बना दबाव का कारण :** जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 की मुख्य परीक्षा के दौरान ही संगठित विरोध शुरू हो गया था. अभ्यर्थियों ने मूल्यांकन में पारदर्शिता, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच प्रक्रिया, उत्तर कुंजी की शुद्धता और परिणामों की समयसीमा को लेकर साफ़ नाराज़गी जताई थी. इसको लेकर रांची, हजारीबाग, धनबाद, गढ़वा समेत कई जिलों में आंदोलन, घेराव, ज्ञापन और सोशल मीडिया अभियान चलाए गए. एक समय ऐसा भी आया जब जेपीएससी मुख्यालय के बाहर छात्र टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए. लगातार दबाव और जनप्रतिनिधियों की ओर से हस्तक्षेप के बाद ही आयोग ने धीरे-धीरे प्रक्रिया को आगे बढ़ाया.

**342 पदों पर होगी नियुक्ति :** इस परीक्षा के तहत राज्य के विभिन्न प्रशासनिक, पुलिस, वित्त, श्रम, उत्पाद, योजना और सामाजिक सुरक्षा सेवा जैसे विभागों में कुल 342 पदों पर नियुक्ति की जाएगी. आयोग के अनुसार, चयन पूरी तरह से योग्यता, अंक व आरक्षण नियमों के अनुरूप किया गया है.

**संघर्षशील चयन प्रक्रिया :** जेपीएससी की यह परीक्षा उन प्रतियोगियों के लिए भी उदाहरण बनी है, जिन्होंने हार नहीं मानी. परीक्षा की प्रक्रिया लंबी रही—विज्ञापन, प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार और फिर अंतिम चयन सूची—इन सबके बीच समय-समय पर अनिश्चितता, असमंजस और असंतोष का माहौल बना, लेकिन अभ्यर्थियों ने संगठित रहकर अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाई और संविधानिक ढांचे के भीतर न्याय की मांग की.



### अब जब आया रिजल्ट तो जश्न भी, सुकून भी

अब जबकि 342 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सफल घोषित कर दिया गया है, तो इन युवाओं के लिए यह सिर्फ एक नौकरी नहीं, बल्कि उनके संघर्ष की जीत भी है. खास बात यह रही कि परिणाम मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में मिले अंकों के आधार पर तैयार किया गया.

### टॉपर्स की सूची में झारखंड के होनहार

आशीष अक्षत ने इस बार टॉप कर राज्य भर में पहला स्थान हासिल किया है. अभय कुमार दूसरे स्थान पर और रवि रंजन कुमार तीसरे स्थान पर रहे. गौतम गौरव, श्वेता, राहुल कुमार विश्वकर्मा, रोबिन कुमार, संदीप प्रकाश, स्वाति केशरी और राजीव रंजन जैसे नाम भी टॉप-10 में शामिल हैं, जिन्होंने राज्य की युवा शक्ति को गौरवान्वित किया है.

### 864 उम्मीदवारों का हुआ था इंटरव्यू के लिए चयन

झारखंड सिविल सेवा परीक्षा 2023 के तहत 342 पदों पर भर्ती होनी थी, जिसके लिए 342 उम्मीदवारों को अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया है. आपको बता दें कि जेपीएससी मेन्स एग्जाम में सफल हुए 864 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था. यह भी बता दें कि जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के लिए 27 जनवरी 2024 को विज्ञापन जारी हुआ था. 17 मार्च को प्रारंभिक परीक्षा हुई थी. 22 अप्रैल को जारी परिणाम में 7011 अभ्यर्थी सफल हुए थे. अब अगला पड़ाव है ट्रेनिंग और सेवा में योगदान, जहां ये युवा अधिकारी झारखंड के प्रशासनिक तंत्र में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण लेकर प्रवेश करेंगे.

### डीएसपी की पाठशाला के 140 छात्र जेपीएससी की परीक्षा में सफल



**रांची।** झारखंड पुलिस के तेजतर्रार डीएसपी विकास चंद्र श्रीवास्तव की पाठशाला से इस वर्ष 140 अभ्यर्थियों ने जेपीएससी की परीक्षा में बाजी मारी है. इनमें से चार छात्रों ने टॉप टेन (10) में जगह बनाई है. डीएसपी वर्दी वाले टीचर के नाम से मशहूर हैं. इस वर्ष उनकी पाठशाला से जिन 140 अभियर्थियों ने जेपीएससी की परीक्षा पास किया है, उनमें स्टेट टॉपर आशीष अक्षत, अभय कुजूर (दूसरा रैंक), श्वेता (पांचवां रैंक) और संदीप प्रकाश (आठवां रैंक) शामिल हैं. दरअसल, डीएसपी विकास चंद्र श्रीवास्तव 2012 से छात्रों को बिना फीस के पढ़ा रहे हैं. उनका यूट्यूब में डीएसपी की पाठशाला के नाम से प्रोफाइल है, जिसमें वो अभ्यर्थियों को पढ़ाते हैं. डीएसपी विकास चंद्र श्रीवास्तव अपने पाठशाला के छात्रों की सफलता से काफी उत्साहित है. उन्होंने कहा कि दिनभर नौकरी करने के बाद रात में जो अपना व्यक्तिगत समय मिलता है, उसी में वह छात्रों को पढाया करते हैं. अवकाश के दिन कक्षा की अवधि और बढ़ जाती है. उनकी ऑनलाइन क्लास में न केवल झारखंड, बल्कि जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु सहित देश के कई अन्य राज्यों के छात्र भी शामिल होते हैं.

डीएसपी विकास चंद्र ने बताया कि उनके पिता भी एक शिक्षक थे. उन्होंने समाज के प्रति दायित्व की उन्हें एक सीख दी थी. वह उसी का अनुसरण कर रहे हैं. श्रीवास्तव ने कहा कि उनके इस काम में परिवार का भी पूरा सहयोग मिलता है.



### कौन हैं टॉपर आशीष अक्षत

टॉपर आशीष अक्षत का चयन डीएसपी पद के लिए हुआ है. आशीष अक्षत मूल रूप से धनबाद के रहने वाले हैं. उन्होंने डी नोबिलि स्कूल धनबाद से अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की. इसके बाद उन्होंने एनआईटी जमशेदपुर से पढ़ाई की. इसके बाद वे दिल्ली चले गए और वहीं सिविल सेवा की तैयारी करने लगे. वर्तमान में भी वे दिल्ली में हैं. रिजल्ट की जानकारी मिलने के बाद उनके साथ-साथ उनके परिवार में भी खुशी का माहौल है.

## गढ़वा में सबसे अधिक 116 मिमी हुई बारिश

**शुभम संदेश। रांची**

राज्य के गढ़वा जिले के सगमा में सबसे अधिक 116.2 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है. राज्य के अन्य हिस्सों में भी पिछले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश दर्ज की गई है. राज्य के जिन इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई है, इनमें हजारीबाग जिले के गारु में 102.2, गढ़वा जिले के धुरकी में 85.5 और भवनाथपुर में 69.9, रांची के कांके स्थित बीएयू में 57.2, लातेहार के सरयू में 52, खूंटी के रनिया में 46.4, चक्रधरपुर 40.6, पदमा डिवीसी में 40, मनोहरपुर में 34.2 मिलीमीटर बारिश शामिल है. वहीं, मौसम विभाग ने 26 और 29 जुलाई को भी राज्य के विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से काले घने बादल छाए रहे और बारिश भी हुई. शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री, जमशेदपुर में 33, डालटेनगंज में 33.2, बोकारो में 32.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

## बरमसिया पंचायत सचिव घूस लेते रंगेहाथ हुआ

**शुभम संदेश। साहिबगंज**

एसीबी ने बरमसिया पंचायत सचिव संतोष कुमार को बरहेट प्रखंड कार्यालय के पास एक चाय की दुकान से 3,500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम पंचायत सचिव को अपने साथ दुमका ले गई. जानकारी के अनुसार एसीबी के डीएसपी दुमका की टीम को जनमन आवास योजना में बरहेट प्रखंड के बरमसिया पंचायत के करमटोक पहाड़ निवासी सुनील ने आवास योजना में 7500 रुपये की घूस मांगने की शिकायत की थी. शिकायतकर्ता ने यह आरोप बरमसिया पंचायत सचिव संतोष कुमार पर लगाया था. शिकायत की पुष्टि के बाद एसीबी ने योजना तैयार की और टीम के सदस्यों को बरहट प्रखंड कार्यालय के बाहर चाय की दुकान के पास तैनात किया गया. इसी बीच आवेदक के द्वारा पंचायत सचिव संतोष कुमार को चाय पीने के बहाने चाय दुकान के पास बुलाया और उन्हें घूस की पहली किस्त 3500 रुपये थमा दिया. इस दौरान एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथों घूस लेते हुए पकड़ लिया.

गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम पंचायत सचिव को प्रखंड कार्यालय ले गई. जहां प्रारंभिक पूछताछ के बाद पंचायत सेवक संतोष कुमार को अपने साथ दुमका ले गई.

## गिरिडीह डीसी ने खनन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**शुभम संदेश। गिरिडीह**

जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने शुक्रवार को जिला खनन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं की समीक्षा की और राजस्व में बढ़ोतरी के लिए ठोस रणनीति अपनाने का निर्देश दिया. उन्होंने खनन कार्यालय में रखी गई पंजियों की जांच की और निर्देश दिया कि सभी अभिलेखों को पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुसार व्यवस्थित रखा जाए. उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए नियमित रूप से जांच अभियान चलाए जाएं. उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कहीं से अवैध खनन या खनिजों के अवैध परिवहन की सूचना मिले तो उस पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाए. विशेष रूप से वन क्षेत्रों में हो रहे अवैध क्रशर संचालन और माईका के अवैध उत्खनन व प्रेषण पर भी पूरी नजर रखने और नियमित छापामारी अभियान चलाने की बात कही. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन खनिज संसाधनों के संरक्षण और राजस्व के पारदर्शी संग्रहण को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

## स्वर्णरेखा नदी में कूदी महिला का शव बरामद हुआ

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

मानगो ब्रिज से स्वर्णरेखा नदी में कूदने वाली महिला की पहचान हो गई है. शुक्रवार को उसका शव बिरसानगर लुपुंगडीह नदी क्षेत्र से बरामद किया गया. मृत महिला का नाम नाजिया परवीन (20) वर्ष था. पुलिस के अनुसार, नाजिया की शादी कुछ साल पहले हुई थी, लेकिन पति से तलाक हो जाने के बाद वह अपने परिवार से अलग रह रही थी. फिलहाल वह कहां और किसके साथ रह रही थी, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है. गुरुवार दोपहर को नदी में महिला के छलांग लगाने की घटना के बाद पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया था कि महिला कौन थी और उसने ऐसा कदम क्यों उठाया. घटनास्थल से पुलिस को उसका बुर्का और चप्पल बरामद हुआ था. इसके बाद गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन नदी में बारिश का पानी होने के कारण तेज बहाव और उफान से तलाशी अभियान में कठिनाई आई. अंततः शुक्रवार को उसका शव बरामद किया गया.

पुलिस का कहना है कि अबतक परिजनों ने किसी भी थाने में महिला की गुमशुदगी या कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई थी. पुलिस तलाक के बाद उसके जीवन में आई परिस्थितियों, मानसिक स्थिति और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है ताकि उसके खुदकुशी करने के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

### बोल बम का नारा है : धूप और गर्मी के बावजूद चरम पर कांवरियों का उत्साह

# देवघर बाबाधाम में दिन-रात लग रहा भक्तों का तांता

**शुभम संदेश। देवघर**

श्रावणी मेला को लेकर देवघर में प्रतिदिन लाखों की संख्या में भक्त आ रहे हैं. धूप और गर्मी को दरकिनार करते हुए श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आ रही है. भारी संख्या में कांवरिया अपने साथ सुल्तानगंज से जल लेकर पैदल यात्रा कर रहे हैं.कांवरियों के लिए जिला प्रशासन के द्वारा बेहतर इंतजाम किए जाते हैं ताकि आने वाले लाखों का कांवरिया सुगम तरीके से भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर सके. शुक्रवार की बात करें तो सुबह से ही कावड़ियों का तांता लगा हुआ है. बोल बम का नारा लगाते हुए सभी



कांवरिया मंदिर परिसर में प्रवेश कर रहे हैं.जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को देर शाम तक के सरकारी आंकड़ों के अनुसार लगभग सवा दो लाख श्रद्धालुओं ने बैद्यनाथ धाम स्थित ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक किया. वहीं शुक्रवार को भी मौसम कड़ी धूप के साथ शुरू हुई लेकिन धीरे-धीरे तापमान में गिरावट देखने को मिली. जिससे कांवरियों को काफी राहत महसूस हुई. बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप को देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से कांवरियों के लिए जगह-जगह पर पानी के इंतजाम किए गए हैं. कांवरिया पथ पर जिला प्रशासन और नगर निगम की तरफ से 11 मिस्ट कूलिंग, इंद्र वर्षा कराई जा रही है ताकि चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी में लोगों को राहत मिल सके.वहीं कांवरिया पथ पर जगह-जगह पानी कब इंतजाम रखा गया है. जिला प्रशासन की तरफ से जल मित्र के रूप में लोगों को बहाल किया गया है ताकि कांवरिया पथ पर चल रहे कांवरियों को पानी की सुविधा मिलती रहे. जिला प्रशासन की तरफ से यह बताया गया है कि श्रावणी मेला शुरू होने के बाद देवघर में अब तक करीब 25 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं. प्रतिदिन डेढ़ लाख से दो लाख श्रद्धालु देवघर पहुंच रहे हैं. श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए हजारों पुलिस बल की तैनाती की गई है. इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस बल भी राजधानी रांची से मंगाए गए हैं.बता दें कि श्रावणी मेला के दौरान देवघर में पूरे देश और दुनिया से लोग पूजा के लिए आते हैं. लोगों के बीच यह मान्यता है कि जो भी सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाते हैं. उनकी हर मनोकामना पूरी होती है.

### जमशेदपुर : आरटीआई कार्यकर्ताओं को मिल रही धमकियां

## विधायक सरयू राय से मिले प्रतिनिधिमंडल के सदस्य

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिले के आरटीआई कार्यकर्ताओं को उनके सवालों का जवाब तो नहीं मिल रहा है, लेकिन उन्हें धमकियां जरूर दी जा रही हैं. जो भी आरटीआई कार्यकर्ता सवाल पूछता है, उन्हें फोन पर धमकी दी जाती है. किसी को हाथ जलाने की धमकी दी जाती है, तो किसी को दुष्परिणाम भुगतने की धमकी मिल रही है. ऐसे में आरटीआई कार्यकर्ता संघ (केंद्रीय समिति) की ओर से शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय से मुलाकात की. इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल की ओर से सरयू राय से मांग की गई कि इस पूरे प्रकरण को वह विधानसभा में उठाएं. सरयू राय ने प्रतिनिधियों से कहा कि वह इस सवाल को निवेदन के माध्यम से या फिर शून्यकाल में उठाएंगे.



ज्ञापन के अनुसार, आरटीआई कार्यकर्ता संघ के महासचिव कृतिवास मंडल को 18 मई 2025 को रात 10 बजकर 11 मिनट पर एक नंबर से कॉल आया. कॉल करने वाले ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी. 20 मई को इस धमकी की सूचना उन्होंने एसएसपी को दी, लेकिन अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है. जादूगोड़ा के आरटीआई कार्यकर्ता सुनील मुर्मू को भी फोन पर धमकी दी गई. उन्हें धमकी एक मुखिया की ओर से दी गई. पुलिस ने दोनों पक्षों पर बीएनएसएस की धारा 126 के तहत कार्रवाई कर पूरे मामले को हल्का कर दिया.

ज्ञापन में इन लोगों ने मांग की है कि कृतिवास मंडल को धमकाने वाले कृष्णा कुमार और पोटका प्रखंड कार्यालय से जुड़े पदाधिकारियों व कर्मियों पर कार्रवाई की जाए. उन्होंने परसुडीह थाना प्रभारी फैज अहमद और डिप्टी एसपी (लॉ एंड ऑर्डर) की निष्क्रियता की जांच कराने की भी मांग की. प्रतिनिधिमंडल में वरीय सामाजिक कार्यकर्ता पूरबी घोष, कृतिवास मंडल, सुनील मुर्मू, सुलोचना देवी आदि उपस्थित थे.

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ डीएवी हेहल में डीएवी स्पोर्ट्स शुरू

शुभम संदेश। रांची



रांची में डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में शुक्रवार को डीएवी स्पोर्ट्स का उद्घाटन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मार्च पास्ट, ध्वजारोहण और शपथ ग्रहण के बाद गुब्बारे उड़ाकर की गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्फूर्ति का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता को भी निखारता है. विद्यालय स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएं भविष्य के खिलाड़ियों के लिए सशक्त मंच तैयार करती हैं.

वहीं विशिष्ट अतिथि अजय नाथ शाहदेव, अध्यक्ष, जेएससीए ने कहा कि खेलों के माध्यम से टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ सोच विकसित होती है. उन्होंने स्कूल के इस प्रयास की सराहना की है. इस दो-दिवसीय क्षेत्रीय प्रतियोगिता में झारखंड ज़ोन-जी (क्लस्टर-तीन) के 10 डीएवी विद्यालयों से आए एक लाख से अधिक छात्र-छात्राएं यू-14, यू-17 और यू-19 आयु वर्ग में शूटिंग (एयर पिस्टल एवं राइफल), बास्केटबॉल ,हैंडबॉल, वुशू, एरोबिक्स, कबड्डी, जूडो, रोलर स्केटिंग एवं एथलेटिक्स जैसी विविध स्पर्धाओं मंस अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं.

## सहयोग की भावना से ओतप्रोत करने की पहल : प्राचार्य

विद्यालय के प्राचार्य बिपिन राय (क्षेत्रीय सहायक पदाधिकारी,डीएवी झारखंड) ने कहा कि डीएवी स्पोर्ट्स केवल खेलों का आयोजन नहीं, बल्कि यह नई पीढ़ी को आत्मानुशासन, नेतृत्व और सहयोग की भावना से ओतप्रोत करने की एक पहल है. इस प्रतियोगिता की संकल्पना एवं मार्गदर्शन डॉ वी सिंह, निदेशक (पीएस), डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति, नई दिल्ली और संयोजक, डीएवी स्पोर्ट्स के सौजन्य से हुआ. वहीं उद्घाटन समारोह पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने खिलाड़ियों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षा-जगत के विशिष्ट जन, अभिभावकों के अलावा एमके सिन्हा (प्राचार्य, डीएवी कपिलदेव), एसके मिश्रा (प्राचार्य, डीएवी बरियातू), संजीत कुमार मिश्रा (प्राचार्य, डीएवी बोकारो), किरण यादव (प्राचार्या, डीएवी नीरजा सहाय), डॉ तापस घोष (प्राचार्य, डीएवी पुंदाग), बुबुन शरण (प्राचार्या, डीएवी सिल्ली), एसएल गुप्ता (स्थायी सदस्य, डीएवी सीएमसी सहित अन्य उपस्थित थे.

# रांची से छात्रा को किडनैप कर बिहार ले जा रहा था लड़का, गयाजी में धरा गया

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र से 13 वर्षीय एक नाबालिग छात्रा के अपहरण और यौन शोषण के प्रयास के मामले में फरार आरोपी शिवनंदन महतो को पुलिस ने बिहार के गया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपी एक कपड़ा व्यवसायी का पुत्र है और उस पर पहले भी इसी प्रकार के मामलों में प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है. पीड़िता के पिता ने सदर थाना में दर्ज शिकायत में बताया कि उनकी बेटी 21 जुलाई को दोपहर लगभग 12:15 बजे घर के पास एक दुकान से सामान लेने निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी. तलाश के दौरान परिवार को जानकारी मिली कि शिवनंदन, जो पहले से उनके घर आता-जाता था, छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है. घटना के दिन वह एक कार में आया था और छात्रा को लेकर फरार हो गया.

**पूर्व में भी दर्ज हैं गंभीर मामले :** जांच के दौरान यह सामने आया कि शिवनंदन एक आदतन अपराधी है. इससे पूर्व हजारीबाग में भी एक नाबालिग बच्ची को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में उसके विरुद्ध केस दर्ज है. पुलिस के अनुसार, वह पहले परिवारों से जान-पहचान बनाता है और फिर बच्चों को निशाना बनाता है.

**जांच जारी, पीड़िता का बयान और मेडिकल रिपोर्ट प्रतीक्षित :** सदर थाना पुलिस ने छात्रा को मेडिकल जांच के लिए भेजा है, हालांकि रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं हुई है. पुलिस पीड़िता का बयान दर्ज करने की प्रक्रिया में है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि इस अवधि में उसके साथ क्या-क्या हुआ.

### गया में गिरफ्तार, चार सहयोगियों से पूछताछ

शुरुआती जांच में मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने शिवनंदन का पीछा किया. वह पहले हजारीबाग में एक दोस्त के यहां रुका, फिर रामगढ़ होते हुए गया (बिहार) पहुंचा. सफर के दौरान वह अलग-अलग जगहों पर अपने जानने वालों के यहां ठहरता रहा. पुलिस ने हजारीबाग और रामगढ़ में उसके चार सहयोगियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, और फिर गया पुलिस को सूचना दी. गया में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसे छात्रा के साथ पकड़ लिया. इसके बाद रांची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया और रांची ले आई.

## बिजली विभाग का तार चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

# आठ अपराधी गिरफ्तार,जेल गए, 40 बंडल स्क्रैप तार बरामद

शुभम संदेश। रांची



चुटिया थाना क्षेत्र में बिजली विभाग (टीआरडब्ल्यू), पावर हाउस से तार- स्क्रैप चोरी के मामले में रांची पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस उप-महानिरीक्षक सह एसएसपी रांची के आदेशानुसार गठित विशेष टीम ने मामले का उद्भेदन करते हुए आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से 40 बंडल स्क्रैप तार, घटना में प्रयुक्त स्कूटी और 6 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. रांची सिटी एसपी के निर्देशन एवं एसएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने छापामारी अभियान चलाकर इस संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया. गिरोह स्थानीय स्तर पर सक्रिय था और योजनाबद्ध तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था.

पुलिस के अनुसार, जिन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें गुड्डू होरो (18), केतारी बागान, थाना नामकुम, रांची), रोहित कुमार (24) विवेक थापा (25), मड्डे उर्फ दीपक महली (28), पवन यादव (18) , रॉकी नायक (26), आर्यन मुंडा(20) शामिल है. एक अन्य अपराधी का विवरण भी पुलिस के पास है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है. पुलिस ने दावा किया कि उसे भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. अपराधियों के पास से 40 बंडल स्क्रैप तार, स्कूटी (होंडा डियो, रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच01डीडब्ल्यूयू-6788) व 06 मोबाइल फोन बरामद किया गया है. पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में से गुड्डू होरो और एक अन्य का आपराधिक इतिहास भी रहा है. चोरी में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश में छापामारी अब भी जारी है.

## रांची में पेट्रोल पंप से हथियारबंद बदमाशों ने 50 हजार रुपये लूटे

शुभम संदेश। रांची



रांची में एक बार फिर अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आए. विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड पर एक पेट्रोल पंप पर तीन नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने देर रात धावा बोला और बंदूक की नोक पर लगभग 50 हजार रुपये लूट लिए. घटना के दौरान पंप कर्मियों के साथ मारपीट भी की गई. पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है. घटना के वक्त रांची में तेज बारिश हो रही थी, जिसका फायदा उठाते हुए अपराधियों ने रेनकोट और हेलमेट पहन कर अपनी पहचान छुपाई. शुरुआत में वे आम ग्राहकों की तरह पेट्रोल भरवाने के बहाने पहुंचे, लेकिन थोड़ी ही देर में हथियार निकाल कर कर्मियों को कब्जे में ले लिया. विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट की और कैश काउंटर से पैसे लेकर फरार हो गए.

सूचना मिलने पर विधानसभा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे. पुलिस ने पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए हैं, जिसमें अपराधियों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिख रही हैं. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बदमाशों ने जिस बाइक का इस्तेमाल किया, उसकी नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की गई थी.

**बढ़ रही हैं बाइक सवार अपराधियों की घटनाएं :** रांची में हाल के महीनों में बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों द्वारा की जा रही आपराधिक घटनाएं जैसे मोबाइल लूट, चेन स्नैचिंग और अब पेट्रोल पंप लूट लगातार बढ़ती जा रही हैं. यह घटना भी इन्हीं मामलों की श्रृंखला का हिस्सा प्रतीत हो रही है. पुलिस के अनुसार, लुटेरों के किस गिरोह से संबंध हैं, इसकी जांच जारी है. अपराधियों के भागने की दिशा में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है. पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## कोर्ट से राहत: लापरवाही से नाबालिग की मौत के मामले में डायटिशियन समापिका दास बरी

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची की पोक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने कोलकाता निवासी डायटिशियन समापिका दास को नाबालिग की लापरवाही से हुई मौत के मामले में संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है. यह घटना 21 नवंबर 2019 को कांके रोड स्थित गांधी नगर कॉलोनी में हुई थी, जब 16 वर्षीय लड़की दास के घर में अकेली थी और माचिस से खेलते समय आग लगने से बुरी तरह झुलस गई थी. मामले में शुरू में यूडी केस दर्ज हुआ था, लेकिन बाद में विस्तृत जांच में सामने आया कि मृतका से घरेलू काम कराया जा रहा था और वह समय पर बाहर नहीं निकल सकी, क्योंकि उसके पास घर की चाबी नहीं थी. पुलिस ने किशोर न्याय अधिनियम, बाल श्रम निषेध कानून और बंधुआ मजदूरी अधिनियम के तहत आरोप लगाए थे. हालांकि ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष समापिका दास के खिलाफ आरोप साबित नहीं कर सका और अदालत ने उन्हें साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया.

## एक नजर

### हेमंत सोरेन सरकार के फैसले जनता के लिए लाभकारी : कैलाश यादव



**रांची।** राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार द्वारा जनहित में लिए जा रहे ऐतिहासिक निर्णयों का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि श्रमिकों के वेतन में 7% की बढ़ोतरी, रिम्स में आयुष्मान दर पर पेसमेकर की सुविधा, विश्वविद्यालय सेवा आयोग का गठन, मदर टेरेसा क्लीनिक की शुरुआत और होटल अशोका को राज्य के अधीन करने जैसे फैसले जनता के लिए लाभकारी हैं. यादव ने कहा कि सरकार ने सामाजिक समरसता, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यटन, रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्रों में बेहतर कार्य किए हैं. उन्होंने सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार लोकहित में समर्पित है और चौमुखी विकास का रोडमैप तैयार कर रही है. राजद की ओर से उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री समूह को बधाई दी है.

### ऑपरेशन नार्कोस : आरपीएफ ने रांची रेलवे स्टेशन से 10 किलो गांजा बरामद किया

**रांची।** 'ऑपरेशन नार्कोस' के तहत रांची रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को बड़ी सफलता मिली है. आरपीएफ पोस्ट रांची की फ्लाइंग टीम ने प्लेटफॉर्म नंबर 1ए से लावारिस हालत में एक पिठ्ठू बैग से 10 किलो अवैध गांजा (मारिजुआना) बरामद किया. यह कार्रवाई कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर की गई थी. चेकिंग के दौरान बैग संदिग्ध हालत में मिला, जिसकी तलाशी में नीले और भूरे रंग की पैकिंग में गांजा पाया गया. जांच डीडी किट से पुष्टि के बाद गांजा को विधिवत जब्त कर जीआरपी रांची को सौंप दिया गया. मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(बी) के तहत केस दर्ज किया गया है. जब्त गांजा की अनुमानित कीमत एक लाख रुपये बतायी गयी है.

### तार सिंह लिंडवार बने भाकपा के कांके अंचल के सचिव



**रांची।** राजधानी रांची के कांके स्थित मनहा गांव में भाकपा का 24 वां कांके अंचल सम्मेलन मंगरा उरांव की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुआ. इस मौके पर पार्टी के जिला सचिव सह पर्यवेक्षक अजय सिंह ने अंचल सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि कांके भाकपा का मजबूत आधार क्षेत्र रहा है. भूमि और जमीन आंदोलन साहूकारों के खिलाफ भाकपा ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी है और जीत हासिल किया है. इन संघर्षों में कई लोगों ने कुर्बानियां दी हैं। इसलिए कांके में पार्टी को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा. मौके पर अंचल सचिव हसीब अंसारी ने संगठनिक और राजनैतिक रिपोर्ट पेश किया. वहीं मौक सभी कार्यकर्ताओं ने रिपोर्ट पर चर्चा की और सर्वसम्मति से रिपोर्ट और आगे के आंदोलन की रूप रेखा तय की गई. साथ ही इस अवसर पर 15 सदस्यीय अंचल कमिटी का चुनाव किया गया. इसमें तार सिंह लिंडवार को कांके अंचल का सचिव चुना गया. राज्य परिषद के साथी इशाक अंसारी ने भी नए सचिव को बधाई देते हुए कांके अंचल में पार्टी की गतिविधियों को तेज करने का आहवान किया. मौके पर जिला सम्मेलन में शामिल होने के लिए 15 डेलीगेट का चुनाव किया गया. सम्मेलन में किरण कुमारी, शुक्रा उरांव, चेता उरांव, डेविस कुजूर, दिनेश साहू, इशाक अंसारी, किशोर, मंगरा उरांव, सुखदेव हसीब अंसारी सहित अन्य शामिल हुए.

### मां काली सेना का भव्य जागरण तीन अगस्त को

**रांची।** मां काली सेना रांची महानगर की ओर से आगामी तीन अगस्त को अल्बर्ट एक्का चौक पर भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा. मां काली सेना के प्रवक्ता नमन भारतीय ने शुक्रवार को बताया कि इस बार हजारीबाग की मोना सिंह, पटना से अजय स्टार के कलाकारों द्वारा भव्य जागरण और कोलकाता-पटना के कलाकारों द्वारा भजन के साथ नृत्य संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी. मां काली सेना के सेना प्रमुख भोलू सिंह ने कहा कि जागरण का उद्घाटन शाम 7 बजे किया जाएगा. आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ संरक्षक जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, सुमित तिवारी, राम पांडे, बंटी वर्मा, राजेश ठाकुर सहित अन्य लोग जुटे हुए है.

### 43 स्टॉलों के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध

**रांची।** नामकुम स्थित आरसीएच परिसर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के उद्देश्यों और कार्यों से आमजनों को अवगत कराने के लिए स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है. शुक्रवार को मेले का चौथा दिन था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने पहुंचे. यह मेला 28 जुलाई तक चलेगा. मेले में एनएचएम के 43 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां एलोपैथ, आयुर्वेद और होमियोपैथ चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, जांच और दवाइयां दी जा रही हैं. एक्सरे, ईसीजी, बीपी, शुगर, मुख रोग, बहरापन, नेत्र जांच और सिकल सेल जैसी महत्वपूर्ण जांच की सुविधा भी उपलब्ध है.

मेले के दौरान स्वच्छता और सफाई कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ओपीडी सेवा, किट बेस्ड टेस्ट, बीपी, डायबीटीज टेस्ट, एनसीडी स्क्रीनिंग, दवा वितरण और काउंसिलिंग सेवाएं शामिल रहीं. स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और व्यवस्था का निरीक्षण निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने किया. उन्होंने सभी स्टॉलों और प्रदर्शनी का अवलोकन किया. बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टॉलों को पुरस्कृत किया जाएगा.

### असंगठित श्रमिकों की मजदूरी बढाना स्वागत योग्य निर्णय : कैलाश

**रांची।** प्रदेश राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया महागठबंधन की सरकार जनहित में फैसले ले रही है. इसका सीधा लाभ राज्य के आम लोगों को मिल रहा है. उन्होंने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकार सामाजिक समरसता, विधि व्यवस्था, मईयां सम्मान योजना, छात्रवृति, श्रम रोजगार कौशल विकास का काम, स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है. यादव ने कहा कि राज्य में टीएसी का गठन, विश्वविद्यालय सेवा आयोग का गठन, अटल क्लीनिक की जगह मदर टेरेसा क्लीनिक खोलने, रिम्स अस्पताल में आयुष्मान की दर पर मरीजों को पेसमेकर लगाने और असंगठित मजदूरों की मजदूरी में सात प्रतिशत फीसदी की वृद्धि सहित कई जनहित का निर्णय लिया है.

# राज्यपाल की भूमिका समाप्त करना असंवैधानिक लोकतंत्र पर हमला : प्रतुल शाहदेव

शुभम संदेश। रांची



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड सरकार के उस निर्णय की तीव्र आलोचना की है, जिसमें विश्वविद्यालयों में कुलपति, प्रति-कुलपति समेत प्रमुख पदों की नियुक्ति से राज्यपाल की भूमिका को समाप्त किया गया है. उन्होंने इसे असंवैधानिक, दुर्भावनापूर्ण और लोकतंत्र के मूल ढांचे पर सीधा प्रहार बताया. आरोप लगाया कि झारखंड सरकार बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पंजाब जैसे विपक्ष शासित राज्यों के मॉडल पर चल रही है, जहां राज्यपाल की शक्तियों में कटौती कर शिक्षा व्यवस्था का राजनीतिकरण किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि यह निर्णय विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को समाप्त करने और राजनीतिक हित साधने की मंशा से लिया गया है.

शाहदेव ने कहा कि राज्यपाल संविधान के संरक्षक होते हैं और विश्वविद्यालयों में कुलाधिपति के रूप में उनकी भूमिका संस्थानों की निष्पक्षता और गरिमा सुनिश्चित करती है. संविधान निर्माताओं ने भी राज्यपाल की इस भूमिका को मान्यता दी है, जिसे हेमंत सरकार कमजोर करना चाहती है. उन्होंने आशंका जताई कि इस कदम से विश्वविद्यालयों में योग्य लोगों की जगह चाटुकारों की नियुक्ति होगी, जिससे राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को गहरा नुकसान होगा. उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे पर संज्ञान लें और निर्णय की समीक्षा कराएं.

**आमने सामने**

## शिक्षा में सुधार पर भाजपा का हमला बेबुनियाद

# राज्यपाल की आड़ में सस्ती राजनीति कर रही है भाजपा : विनोद पांडेय

शुभम संदेश। रांची



झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयास पर भाजपा के विरोध को भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बताया है. उन्होंने कहा कि भाजपा का विरोध सिर्फ इसलिए है, क्योंकि वह सत्ता से बाहर है और अब विश्वविद्यालयों को भी अपनी राजनीतिक प्रयोगशाला बनाना चाहती है. पांडेय ने स्पष्ट किया कि हेमंत सरकार द्वारा लाया गया नया प्रस्ताव पूरी तरह संवैधानिक है और इसका उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाना है. उन्होंने राज्यपाल की भूमिका को लेकर भाजपा की बयानबाजी को पाखंड बताते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार विश्वविद्यालयों में मनमानी नियुक्तियां करती है, तब भाजपा को लोकतंत्र और संविधान की याद नहीं आती.

पांडेय ने झारखंड में उच्च शिक्षा की बदहाली के लिए पूर्ववर्ती भाजपा सरकारों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि आज भी राज्य के 80-85% छात्रवृत्ति लाभार्थी दूसरे राज्यों में पढ़ रहे हैं, जो राज्य की बौद्धिक संपदा का पलायन है. इसे रोकना बेहद जरूरी है. उन्होंने विश्वास जताया कि यह विधेयक राज्य को उच्च शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनाएगा और युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा. उन्होंने भाजपा से आग्रह किया कि वह नकारात्मक राजनीति छोड़कर राज्यहित में रचनात्मक भूमिका निभाए.

**कार्यशाला** एसबीयू में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ

# जीआईएस तकनीकों पर दिया गया विशेष जोर

शुभम संदेश। रांची



सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू), रांची के सिविल एवं एनवायरमेंट इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आईईईई जीआरएसएस यंग प्रोफेशनल और साउथ एशिया अलायंस ऑफ डिजास्टर रिसर्च इंस्टीट्यूट्स के सहयोग से "आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली और तकनीक" विषय पर दो दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ किया गया. यह कार्यशाला 25 और 26 जुलाई को आयोजित की जा रही है. कार्यक्रम का उद्घाटन एसबीयू के माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने किया. अपने संबोधन में उन्होंने कार्यशाला की पहल की सराहना की और कहा कि जलवायु परिवर्तन, बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से निपटने के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित ज्ञान और साझा अनुसंधान को बढ़ावा देना आवश्यक है. उन्होंने युवाओं से पर्यावरणीय खतरों के समाधान में नवाचार लाने का आह्वान किया.

एसबीयू के कुलसचिव प्रो. एस. बी. डांडिन ने अपने विचार साझा करते हुए रिमोट सेंसिंग में "एकीकरण" और "संवर्धन" जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि ये तकनीकें आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल रही हैं. कार्यक्रम संयोजक डॉ. सागर सारंगी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि भौगोलिक सूचना प्रणाली आज आपदा जोखिम को समझने, पूर्वानुमान लगाने और उससे निपटने के लिए एक अत्यंत उपयोगी उपकरण बन गया है. उन्होंने ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म जैसे क्यूजीआईएस के माध्यम से स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर योजना निर्माण की उपयोगिता को रेखांकित किया. उद्घाटन सत्र में बीआईटी मिश्रा के डॉ. वी. एस. राठौर ने जीआईएस और रिमोट सेंसिंग की ऐतिहासिक प्रगति तथा आपदा योजना में उनके प्रयोग पर चर्चा की. प्रो. ए. पी. कृष्णा ने प्रभावी आपदा प्रबंधन हेतु भू-स्थानिक तकनीकों की भूमिका को समझाया और युवाओं को इस दिशा में अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया. डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी ने उत्तराखंड और ओडिशा की केस स्टडी के माध्यम से इन तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग को प्रस्तुत किया.

इस कार्यशाला में 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो बीआईटी मेसरा, रांची विमेंस कॉलेज, निर्मला कॉलेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार, नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय तथा एसबीयू रांची जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से थे. आईईईई जीआरएसएस छात्र सदस्य स्नेहा कौर और सैकत पात्रा ने यंग प्रोफेशनल एम्बेसडर सुश्री अनुवा चौधरी के नेतृत्व में कार्यशाला संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनुवा चौधरी ने प्रस्तुत किया, जबकि सत्र का संचालन डॉ. मीता वर्मा ने किया. कार्यशाला का समापन 26 जुलाई को एक "आइडियाथॉन" के साथ होगा, जिसमें आपदा जोखिम न्यूनीकरण से संबंधित नवाचारों एवं विचारों पर गहन चर्चा की जाएगी.

# वोकेशनल पाठ्यक्रमों को हर हाल में लागू करे सरकार : तनुज खत्री

शुभम संदेश। रांची



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सदस्य तनुज खत्री ने उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात कर उन्हें झारखंड राज्य विवि विधेयक के कैबिनेट स्वीकृति पर बधाई दी. उन्होंने वोकेशनल पाठ्यक्रमों को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की. खत्री ने कहा कि झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में वोकेशनल (व्यावसायिक) पाठ्यक्रम पहले से ही सेल्फ फाइनेंस मोड में संचालित हो रही है. डॉ तनुज ने मंत्री से आग्रह किया कि इन वोकेशनल पाठ्यक्रमों को औपचारिक मान्यता और संरचनात्मक समर्थन प्रदान करते हुए पूरी तरह से लागू किया जाए, जिससे छात्रों को रोजगारोन्मुख शिक्षा का वास्तविक लाभ मिल सके. मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक को कैबिनेट में मंजूरी दे दी गई है. यह विधेयक राज्य की विश्वविद्यालय प्रणाली में दक्षता, पारदर्शिता और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा. उन्होंने बताया कि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आश्वासन दिया है कि सरकार इस विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है. जल्द ही ठोस निर्णय लिया जाएगा. खत्री ने कहा कि यह विधेयक राज्य के युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा और झारखंड को उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है. मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी और सचिव असद फ़राज़ सहित अन्य मौजूद थे.

## ब्रीफ न्यूज

### बस और कार में टक्कर कोई हताहत नहीं

**बरवाडीह** । छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को एक बड़ी सड़क दुर्घटना होते-होते बच गई. घटना थाना क्षेत्र के हरातु पंचायत के गेंठा गांव के पास हुई, जहाँ सिंह बस और एक कार के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिंह बस डाल्टनगंज से महुआडांड़ की ओर जा रही थी, जबकि कार गुमला से उत्तर प्रदेश की दिशा में बढ़ रही थी. गेंठा के समीप अचानक दोनों वाहन आमने-सामने आ गए और जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इस हादसे में कार सवार सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे. गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई.

### सड़क सुरक्षा पर आयोजित हुई प्रतियोगिता

मेदिनीनगर. स्थानीय विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया. इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर नाटक प्रस्तुत किया गया. साथ ही पेंटिंग व ड्रॉइंग प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया. नर्सरी की इंचार्ज पूजा दुबे के देखरेख में पोस्टर मेकिंग आयोजित कराया गया तथा जूनियर के बच्चो के द्वारा रजनी प्रिया के निर्देशन में एक नाटक प्रस्तुत किया गया. स्कूल के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने बच्चों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक तथा सतर्क रहने की सलाह दी. वहीं, प्राचार्य मनोहर पांडेय, उप-प्राचार्य अनीश कुमार पांडेय तथा सिनियर विंग इंचार्ज डॉ. राम प्रवेश पंडित आदि ने सड़क पर होनेवाली दुर्घटनाओं का कारण और उसके बचाव के बारे में अवगत कराया.

### कार पलटने से बाल-बाल बचे युवक

**बालूमाथ (लातेहार)**। थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरपा के पास पिछली देर रात को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. जब एक चलती कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई. इस दुर्घटना में कार में सवार दोनों युवक बाल-बाल बच गए. हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार मनसिंघा मुरपा निवासी रोहित कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता शामलाल यादव अपने एक साथी के साथ किसी आवश्यक कार्यवश मुरपा से भगिया की ओर जा रहे थे. रास्ते में अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई. हालांकि इस दुर्घटना में दोनों युवकों को मामूली चोटें आई हैं. जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई. घटना की जानकारी मिलते ही मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डांग दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. पलटी हुई कार को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया. जिससे अवागमन फिर से सुचारू रूप से चालू हो पाया. पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं है, फिर भी मामले की गहन जांच की जा रही है. ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके.

### डीडीसी को जिला पार्षद ने सौंपा छह सूत्री मांग पत्र

**कांडी**। प्रखंड की जिला पार्षद उत्तरी की सुषमा कुमारी ने प्रखंड से जुड़ी मूलभूत समस्याओं से संबंधित छह सूत्री मांगपत्र सौंपा.डीडीसी को सौंपे मांगपत्र में कहा है कि प्लस दो उच्च विद्यालय कांडी में लगभग 2500 बच्चे अध्यनरत हैं.वहां पीने के पानी की समस्या है.मध्य विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे पानी पीने के लिए काफी व्यस्त सड़क पारकर हाईस्कूल परिसर में जाना पड़ता है.उससे कभी भी सड़क दुर्घटना हो सकती है.पेयजल की व्यवस्था की जाए.उसके अलावा ग्राम पंचायत डूमरसोता में आंगनबाड़ी केंद्र के पास जर्जर सड़क बनाने की मांग की.

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले पलामू सांसद, रेल परियोजनाओं पर की चर्चा

# जल्द शुरू होगा रेलवे की दो परियोजनाओं पर काम: राम

शुभम संदेश । मेदिनीनगर



पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने आज नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत दो लंबित महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं क्रमशः गया-रफीगंज इमामगंज-डालटनगंज एवं बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर नई रेल लाइन निर्माण से संबंधित विस्तार से चर्चा की.

श्री राम ने कहा कि मैं वर्ष 2014 से ही दोनों महत्वपूर्ण लंबित रेल परियोजनाओं को पूर्ण कराने हेतु संसद में एवं पत्राचार तथा रेलवे मंडल संसदीय समिति की बैठकों के माध्यम से लगातार मामले को उठा रहा हूं.

पलामू संसदीय क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. गया-रफीगंज इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन परियोजना का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय. यह परियोजना स्वीकृत है लेकिन कम प्राथमिकता के कारण रुकी हुई है. बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर नई रेलवे लाइन का शीघ्र कार्यान्वयन किया जाय. यह महत्वपूर्ण परियोजना झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी. इन दोनों रेल परियोजनाओं को पूर्ण होने से न केवल मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी बल्कि बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के संबंधित जिलों के निवासियों को भी सुविधा होगी. सांसद श्री राम ने बताया कि रेल मंत्री ने रेलवे बोर्ड इंफ्रास्ट्रक्चर सदस्य नवीन गुलाटी व संबंधित पदाधिकारियों से दोनों परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली. उक्त पदाधिकारियों ने बताया कि गया-रफीगंज इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन का परियोजना रिपोर्ट इस माह के अंत तक समर्पित कर या जाएगा. बरवाडीह चिरिमिरी अंबिकापुर नई रेलवे लाइन का भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है. माननीय मंत्री जी ने दोनो परियोजनाओं के निर्माण कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया. सांसद श्री राम ने कहा कि उपरोक्त दोनों परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण होने से जनता की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी एवं आवागमन सुगम होगा.

## उपायुक्त समीरा एस ने की पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा, कहा

# हर हाल में योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिले



शुभम संदेश । मेदिनीनगर

उपायुक्त समीरा एस ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में कृषि, गव्य, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, भू-संरक्षण एवं पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा की. मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मत्स्य बीज उत्पादकों को स्पॉन आपूर्ति के 9300 प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध 3320 के बीच वितरण किया गया है. इसी तरह जलाशय में ग्रासकार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का 4 लाख संचयन किये जाने का लक्ष्य है. उपायुक्त ने मत्स्य प्रसार प्रशिक्षण एवं अनुसंधान योजना, समेकित मत्स्य पालन योजना, फीड बेस्ड फिशरीज, केज कल्चर विस्तार योजना के तहत किये जा रहे विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली. वहीं गव्य विकास योजना अंतर्गत दो दुधारू गाय का वितरण, कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना, प्रगतिशील देरी कृषकों की सहायता योजना, पशु आहार एवं चार विकास योजना सहित प्रशिक्षण प्रसार एवं कौशल विकास योजना के तहत किया जा रहे हैं कार्यों की समीक्षा की. पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान पशुओं को दिये जाने वाले चारा की उपलब्धता की जानकारी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पशुओं में हो रहे टीकाकरण कार्य,बकरा विकास योजना,बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना, बतख चूजा वितरण योजना, ब्रायलर कुकुट पालन, सूकर विकास योजना की जानकारी लेते हुए पशुपालन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यो को लक्ष्य के अनुरूप करते हुए सभी योग्य लाभुकों को इसका लाभ मिले. इस दौरान डीसी ने बकरा एवं सुकर पालकों के प्रशिक्षण,कृत्रिम व प्राकृतिक गर्भधारण से उत्पन्न बच्चे, चिकित्सा किए गए पशुओं की संख्या समेत अन्य जानकरी ली. इसी तरह उपायुक्त ने कृषि विभाग द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रकार के बीज वितरण की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की. मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी आदि मौजूद थे.

### समूह की महिलाओं को दिलाएं ऋण: डीडीसी



**मेदिनीनगर**। पलामू डीडीसी जावेद हुसैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीसीसी एंड एनआरएलएम उप समिति की बैठक हुई. बैठक में जेएसएलपीएस की डीपीएम द्वारा समूह का क्रेडिट लिंकेज, ऋण निकासी, बीमा क्लेम सेटलमेंट, व्यक्तिगत ऋण में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य के अनुरूप जुलाई माह तक की प्रगति को पेश किया गया, जिसकी समीक्षा करते हुए डीडीसी ने सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक को कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य हासिल करने के लिए निर्देश दिया तथा किसी भी बैंक शाखा में दस्तावेज पेंडिंग होने पर वरीय पदाधिकारी को सूचित करने को कहा गया. जिला समन्वय समिति की बैठक में डीडीसी ने सभी बैंकों के वरीय पदाधिकारी एवं जेएसएलपीएस के कर्मियों को आपसी समन्वय बना कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया. डीडीसी ने समूह की महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से ऋण प्रदान कर आजीविका गतिविधि से जोड़ने तथा लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया. समूह की महिलाओं को उद्यमी दीदी, स्वयं सिद्ध ऋण, मुद्रा ऋण एवं अन्य व्यक्तिगत ऋण योजना के माध्यम से व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध कराने हेतु सभी बैंक के वरीय पदाधिकारियों को आगामी एक माह में सखी मंडल की कम से कम 200 महिला उद्यमियों को व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया. थे.

### खेल मैदान योजना में अनियमितता उजागर

- चार कर्मियों से वसूली का आदेश
- मजदूरी भुगतान में की गई थी हेराफेरी

**हुसैनाबाद (पलामू)**। प्रखंड के दरूआबेनी पंचायत अंतर्गत ग्राम बेनी खुर्द में मनरेगा के तहत संचालित 'पोटो हो खेल मैदान समतलीकरण योजना' में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है. प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 85,237 की योजना में 77,200 की मजदूरी भुगतान की गई थी, जबकि वास्तविक कार्य मात्र 15,484 के बराबर हुआ.

जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर पुनः सहायक अभियंता अमित मेहता एवं कनीय अभियंता नीरज कुमार गुप्ता द्वारा स्थल निरीक्षण और मजदूरों से पूछताछ की गई. जांच में पाया गया कि योजना में केवल 36,024 की मजदूरी कराई गई, जिससे 41,176 की अतिरिक्त राशि का भुगतान हुआ.

प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ने अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई का आदेश दिया है. ,

आदेशानुसार, पंचायत की मुखिया बबीता देवी से 12,352, प्रभारी पंचायत सचिव अखिलेश कुमार शर्मा से 12,353, कनीय अभियंता पंकज कुमार से 8,236 एवं ग्राम रोजगार सेवक मो. नसीम कौसर से 8,235 की वसूली का निर्देश जारी किया गया है. सभी को तीन दिनों के भीतर प्रखंड नजारत में राशि जमा करनी होगी.

## अंतिम क्षण में भी उम्मीद बरकरार रखना अच्छे खिलाड़ी की पहचान: सौरभ प्रकाश

शुभम संदेश । मेदिनीनगर



स्थानीय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में आज से दो दिवसीय संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शुरू हुई. प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू डीईओ सौरभ प्रकाश ने आगंतुक अतिथियों के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इसके बाद अतिथियों ने खेल ध्वज फहराकर प्रतिभागियों के साथ डीएवी गान गाया. सौरभ प्रकाश ने बताया कि आज मुझे मेरा बचपन याद आ गया. उन्होंने कहा कि हार में भी मनोबल बनाए रखना, अनुशासन का पालन करना, टीम भावना, मित्रता का भाव बनाए रखना हम खेल के माध्यम से ही सीख सकते हैं. इससे हमारा शारीरिक, मानसिक विकास होता है और हम सर्वांगीण विकास कर पाते हैं. प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है कि सभी प्रतिभागी अपने खेल प्रदर्शन में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी का परिचय देंगे. डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2025 के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में तृतीय संभाग के कुल 10 विद्यालयों के छात्र भाग ले रहे हैं. इसमें कुल 265 छात्र (135 बालक एवं 130 बालिकाएं) शामिल हैं. प्रतियोगिता 14 वर्ष, 17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के बीच संपन्न होगी. इसमें कुल 7 जिलों के 10 विद्यालयों में रांची से डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, सिल्ली व खलारी, गढ़वा से डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर व गढ़वा, डीएवी लातेहार, लोहरदगा, गुमला व सिमडेगा तथा डाल्टनगंज के छात्र शामिल हैं. विद्यालय में कराटे, ताइक्वांडो, कुश्ती, बॉक्सिंग व भारोत्तोलन प्रतियोगिता होगी. समारोह के अंत में अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा शांति पाठ के साथ समापन हुआ. मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजा, सदस्य डॉ. जयकुमार, गुरवीर सिंह, डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज डाल्टनगंज के प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव, डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## उपायुक्त ने खेल और पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

शुभम संदेश । लातेहार

उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में खेल एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला खेल पदाधिकारी संजीत कर के द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं आगामी गतिविधियों की अद्यतन जानकारी देते हुए बताया गया कि पर्यटन स्थल के विकास करने हेतु लातेहार जिला अंतर्गत तीन नए पर्यटक स्थल ललमटिया डैम श्रेणी सी एवं उदयपुरा कोमो पहाडी एवं चरका बाँच मोगर को श्रेणी डी कटेगरी में अधिसूचित किया गया है. उपायुक्त ने जिले में पर्यटन स्थलों के विकास की दिशा में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि चिन्हित स्थलों पर आधारभूत संरचनाओं का विकास तेजी से किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक आकर्षित हो सकें.

खेल विभाग की समीक्षा करते हुए लातेहार जिला अंतर्गत विभिन्न खेल स्टेडियम की जानकारी लेते हुए नए स्पोर्टस कम्पलेक्स एवं प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम बरवाडीह एवं हेरेहेज का निर्माण पर चर्चा की गई. खेल विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने हेतु पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं नियमित रूप से आयोजित की जाएं. जिले अंतर्गत सभी आवासीय एवं डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षणरत खिलाडियो को स्ट्रेंथ एण्ड कंडीशन ट्रेनिंग के लिए जोर दिया गया, ताकि खिलाडी शारीरिक रूप से मजबूत फुर्तीले और खेल के समय लगने वाले चोट से बचाव एवं बेहतर प्रदर्शन कर सके. इसके लिए सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों को जीम ट्रेनिग में भागीदारी पर जोर दिया गया.

बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला खेल पदाधिकारी सह पर्यटन पदाधिकारी संजीत कुमार उपस्थित थे

### हर्षोल्लास से मनाया गया हम पार्टी का स्थापना दिवस

**मेदिनीनगर**। रामगढ़ प्रखंड के करमा गांव में हम पार्टी सेक्युलर का 10वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास मनाया गया. कार्यक्रम का उदघाटन जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की उपस्थिति में केक काटकर किया. मौके पर मौजूद लोगों ने पार्टी को मजबूत बनाने का भी संकल्प लिया. कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजीत कुमार भुईयां ने किया. मौके पर श्री तिवारी समेत पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया. उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर भारत के आम जनमानस की पार्टी है और जनता के आशीर्वाद से सड़क से लेकर संसद तक पार्टी का अस्तित्व कायम हो गई है और मात्र 10 वर्षों के अल्प समय में हम पार्टी सेक्युलर भारत की प्रमुख पार्टियों में शुमार हो गई है.

## आक्रोश

## बरवाडीह बस स्टैंड से दुकानें हटाने को लेकर विवाद गहराया

# दुकानदारों ने विधायक से लगाई न्याय की गुहार

शुभम संदेश । बरवाडीह



बरवाडीह बस स्टैंड परिसर में दुकानों को हटाने को लेकर प्रखंड प्रशासन और स्थानीय दुकानदारों के बीच विवाद गहराता जा रहा है. अंचल अधिकारी मनोज कुमार द्वारा 13 दुकानदारों को 24 घंटे के भीतर दुकान खाली करने का अल्टीमेटम दिए जाने से दुकानदारों में काफी आक्रोश है. दुकानदारों का आरोप है कि प्रशासन उनके वर्षों पुरानी रोजी-रोटी पर एकतरफा फैसला थोप रहा है. मामला छात्रावास के लिए प्रस्तावित नए रास्ते के निर्माण से जुड़ा है. दुकानदारों का कहना है कि जब छात्रावास के पश्चिम दिशा में पहले से ही वैकल्पिक रास्ता मौजूद है, तो फिर पूर्व दिशा में दुकानों व सरकारी शौचालय को तोड़कर 12 फीट चौड़ा नया रास्ता बनाने की योजना अव्यवहारिक है. प्रस्तावित क्षेत्र में केवल 7-8 फीट की जगह उपलब्ध है, वहीं बगल में सरकारी शौचालय भी स्थित है. दुकानदारों ने तर्क दिया कि जब निर्माण सामग्री पहले पश्चिम दिशा से ही पहुँचाई गई थी, तो अब पूर्व दिशा में दुकानों को उजाड़कर रास्ता बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है.

**सुरक्षा दृष्टिकोण से भी अव्यवहारिक है प्रस्तावित रास्ता**

दुकानदारों का कहना है कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी पूर्व दिशा में नया रास्ता बनाना उचित नहीं है. पश्चिम से पूर्व दिशा तक की दूरी लगभग 150 मीटर है, और पूर्व दिशा में गर्ल्स स्कूल (छात्रावास) स्थित है. यदि छात्रावास के लिए मुख्य रास्ता पूर्व दिशा से बनाया जाता है, तो यह स्कूल की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा. ऐसे में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं. दुकानदारों ने आरोप लगाया कि प्रशासन बिना किसी पुनर्वास योजना या वैकल्पिक व्यवस्था के उन्हें दुकान खाली करने का आदेश दे रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है. कई दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने सरकार द्वारा प्रस्तावित नई दुकानों के लिए आवेदन भी कर रखा है, परंतु लॉटरी प्रक्रिया में विलंब के कारण अभी तक उन्हें कोई स्थान नहीं मिला है. ऐसी स्थिति में प्रशासन का यह कदम उनकी आजीविका पर सीधा हमला है.

**विधायक रामचन्द्र सिंह से हस्तक्षेप की मांग:** दुकानदारों ने मामले में स्थानीय विधायक रामचन्द्र सिंह से हस्तक्षेप की मांग की है. उनका कहना है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रशासन को निर्देश दिया जाए कि पश्चिम दिशा में मौजूद पुराने रास्ते का ही उपयोग किया जाए और पूर्व दिशा में दुकानों को हटाकर नया रास्ता बनाने की योजना पर पुनर्विचार हो. दुकानदारों का कहना है कि यह केवल उनका व्यापारिक मुद्दा नहीं, बल्कि छात्राओं की सुरक्षा का भी सवाल है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता.

## एक नजर



### स्लीपवेल और मैट्रेस के शो-रूम का उद्घाटन

**लातेहार**। लातेहार शहर के मानस पथ में दीपक स्टील एंड फर्नीचर प्रतिष्ठान में स्लीपवैल और मैट्रेस कंपनी का शो रूम का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। उद्घाटन भाजपा नेता राकेश कुमार दुबे, यूनिटी ऑफसेट के प्रोपराइटर राजू रंजन सिंह, अमर इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर अविनाश कुमार, मनीष कुमार और उमेश दुबे आदि ने संयुक्त रूप से किया. मौके कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक शिशिर कुमार और राजन कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे. प्रतिष्ठान के संचालक दीपक विश्वकर्मा ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में स्लीपवेल और मैट्रेस का हर रेंज उपलब्ध होगा. उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही प्रतिष्ठान का लक्ष्य है. भाजपा नेता श्री दुबे ने कहा कि लातेहार में ब्रांडेड कंपनी का शो रूम का खुलना क्षेत्र की समृद्धि का परिचायक है. मौके पर राजेश पाठक, रामचंद्र राम, ब्रजेश अग्रवाल, गौरव दास, लक्की विश्वकर्मा आदि मौजूद थे.

### ताईकांडो प्रतियोगिता में भाग लेने जमशेदपुर रवाना हुई विभा



**लातेहार**। नेशनल ताइकांडो प्रतियोगिता अंडर- 19 मे भाग लेने के लिए विभा रानी शुक्रवार की सुबह जमशेदपुर के लिए रवाना हुई है. लातेहार जिले से मात्र एक खिलाड़ी विभा रानी का नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है. विभा जिप सदस्य विनोद उरांव की पुत्री है. श्री उरांव ने बताया कि नेशनल के लिए चयनित सभी खिलाड़ी 26-30 जुलाई तक कोचिंग कैंप केवी टाटा नगर मे रहेंगी. इसके बाद 30 जुलाई को बेंगलुरु के लिए रवाना किया जाएगा. यहां दो से छह जुलाई तक नेशनल प्रतियोगिता में चयनित सभी खिलाड़ी भाग लेंगे. नेशनल प्रतियोगिता केवी नंबर वन जलाहली बंगलुरू मे होगी. मौके पर मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि लातेहार जिले से मात्र विभा रानी को नेशनल प्रतियोगिता में चयन होना गर्व की बात है. मौके पर पंचायत समिति सदस्य पिंटू रजक, केंद्रीय विद्यालय लातेहार की शिक्षक नंदनी किरण, सुनील प्रसाद व अख्तर अंसारी मौजूद थे.

### बालूमाथ की मनीषा गुप्ता को जेपीएससी में 86वीं रैंक



**बालूमाथ (लातेहार)**। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा की परीक्षा में बालूमाथ की बिटिया मनीषा गुप्ता (निशु) ने 86 वॉ रैंक हासिल कर अपनी कामयाबी का परचम लहराया है. शहर से सटे भामाशाह नगर निवासी विनोद कुमार की पुत्री मनीषा गुप्ता को झारखंड प्रशासनिक सेवा की अफसर बनने में कामयाबी हासिल की है. सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली मनीषा गुप्ता के पिता विनोद कुमार मामूली व्यवसाई हैं. दो पुत्र और एक पुत्री के रूप में मनीषा गुप्ता है. मनीषा के एक भाई सूरज कुमार इंजिनियर के रूप में कार्यरत हैं. मनीषा गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता, शिक्षक समेत सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दौरान प्रेरित करने वाले लोगों को दी है. मनीषा गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा बालूमाथ स्थित दून सेंट्रल एजुकेशन एकेडमी में हुई. रांची में ही रहकर मनीषा ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की. मनीषा ने प्रशासनिक अधिकारी के रूप में चयन होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब लक्ष्य को सामने रखकर परीक्षा की तैयारी की जाती है तो सफलता अवश्य मिलती है. मनीषा की इस सफलता पर समाजसेवी प्रेम प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद, राजू गुप्ता, अरुण कुमार, हाजी जैनुल आबेदीन, जुनैद अनवर, मो इमरान, महेंद्र सोनी, जितेंद्र सोनी, महेंद्र रजक समेत अनेक गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मनीषा के उज्जवल भविष्य की कामना की है.

### विधायक ने महिला समूह के बीच अनुदान पर ट्रैक्टर सौंपा



**बालूमाथ (लातेहार)**। क्षेत्रीय विधायक प्रकाश राम ने शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत भूमि संरक्षण निदेशालय, जेएएमटीटीसी के द्वारा महिला समूह के बीच अनुदान पर ट्रेक्टर सौंपा. कृषि उपकरण के रूप में प्रखंड के खरटिया की आम दल महिला समूह को अनुदान पर ट्रैक्टर सौंपते हुए विधायक प्रकाश रामने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी पर आधारित खेती करने से ही सही उपज पाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि महिला समूह को ट्रैक्टर दिया जा रहा है. इसका सही उपयोग कर महिला समूह स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के साथ आय का श्रोत भी सृजित कर पाएंगी. मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी, अंचल अधिकारी विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा यादव, अशोक कुमार साहू समेत महिला समूह की सदस्य व आम लोग मौजूद रहे.

### जन शिकायत निवारण में डीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**लातेहार**। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया. जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा. जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा. आज के जन शिकायत निवारण में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए. जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, मुआवजा से संबंधी जुड़े आवेदन आये. जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया.

### गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ ने उपायुक्त के कोर्ट का बहिष्कार किया

**गढ़वा** । जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा 25 जुलाई 2025 से डीसी के कोर्ट का अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया गया है. जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भृगुनाथ चौबे की अध्यक्षता में शुक्रवार को आमसभा की आपात बैठक की गई ,जिसमें निर्णय लिया गया की डीसी के कोर्ट का अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा. गढ़वा डीसी के द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता शंभू नाथ दुबे के साथ अमर्यादित और न्यायालय के गरिमा के विरुद्ध दुर्व्यवहार किया गया है जिस पर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने उनके कोर्ट का अनिश्चितकालीन बहिष्कार का निर्णय लिया है. इस बाबत अधिवक्ता शंभू नाथ दुबे के द्वारा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर आग्रह किया था कि एक केस के बहस में गढ़वा डीसी के द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया एवं अभद्र टिप्पणी करते यह कहा गया कि किसी स्मार्ट अधिवक्ता को रखो और इसके बाद डीसी ने शंभू नाथ दुबे को बिना किसी कारण के न्यायालय से बाहर जाने को कहा.

## ब्रीफ न्यूज

### 26 को खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती पर विमर्श सत्र

**हजारीबाग।** झारखंड उत्पाद (मदिरा की बिक्री हेतु दुकानों की बन्दोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025 के तहत प्रस्तावित खुदरा उत्पाद दुकानों की बन्दोबस्ती प्रक्रिया को लेकर हजारीबाग में विमर्श सत्र का आयोजन किया जा रहा है. सहायक आयुक्त उत्पाद शिवकुमार साहू ने दी.विमर्श सत्र 26 जुलाई को अपराह्न 3:30 बजे, सहायक आयुक्त उत्पाद कार्यालय, पुराना समाहरणालय भवन, हजारीबाग में आयोजित होगा. इसका उद्देश्य बन्दोबस्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, सुलभ एवं समावेशी बनाना है. सत्र में इच्छुक आवेदकों एवं संबंधित हितधारकों को आमंत्रित किया गया है ताकि वे नियमावली की जानकारी प्राप्त कर सकें और अपने सुझाव व सवाल रख सकें.

### चोरों ने पांच घरों में किया हाथ साफ

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के नईटांड़ एवं रघुनियाडीह में बीती रात अज्ञात चोरों ने पांच घरों को निशाना बनाया है. नईटांड़ में राजकुमार साव के घर से करीब 5 हजार नगद एवं करीब 10 हजार का जेवर, सुनील कुमार के घर से दो हजार नगद एवं बर्तन, सुरेंद्र कुमार के घर से एक साइकिल, एक हजार नगद एवं रघुनियाडीह से साजिद खान के घर से 20 हजार नगद, घरेलू सामान एवं निजाम खान के घर से 5 हजार नगद सहित घरेलू सामान की चोरी हुई है. सूचना पर एसआई समसुद्दीन खान घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली. थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह ने कहा कि जांच पड़ताल की जा रही है.

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, एक घायल

**चंदवारा (कोडरमा)।** तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत पिपराडीह पंचायत के गैड़ा में शुक्रवार को ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए.मृतक की पहचान दिगंबर यादव (उम्र 19 वर्ष) के रूप में की गई है.मिली जानकारी के अनुसार दिगंबर यादव को शुक्रवार को लगभग 10:00 बजे अपने गांव के धान खेत में ट्रैक्टर से जोताई करवानी थी, जिसके लिए उसने गांव के ही एक ट्रैक्टर वाले को खेत जोतने का जिम्मा दे दिया.उक्त ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर दिगंबर के खेत के पास खड़ा कर खाना खाने चला गया.दिगंबर यादव अपने पड़ोस के रहने वाले हरेंद्र यादव नामक एक अन्य युवक के साथ ट्रैक्टर में बैठा और स्वयं ही खेत जोतने निकल पड़ा.

### चाय दुकान से शराब और बीयर बरामद, एक गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत शहीद चौक के पास स्थित एक चाय दुकान एवं मकान में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की गई.एसपी के निर्देश पर पुअनि ओम प्रकाश कुमार, थाना प्रभारी डोमचांच के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर छापामारी की गई. कार्रवाई के दौरान पुलिस को विभिन्न कंपनियों की कुल 303 बोतल अंग्रेजी शराब (लगभग 137 लीटर), जिसकी अनुमानित कीमत ₹1,30,000 है, और 256 बोतल बीयर (लगभग 88 लीटर), जिसकी कीमत ₹15,000 है, बरामद हुई. पुलिस ने अवैध शराब का भंडारण एवं व्यापार करने के आरोप में सूरज साव निवासी महथाडीह (सिंगलोडीह), थाना डोमचांच, को गिरफ्तार किया.इस संबंध में डोमचांच थाना कांड संख्या 60/25, दिनांक 25.07.2025, के तहत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है .

## हजारीबाग में महापुरुषों की प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त होने पर कांग्रेसियों ने दिया धरना, कहा

# जिला प्रशासन प्रतिमाओं की पुनर्स्थापना करे

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को असामाजिक तत्वों द्वारा संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व कृष्ण बल्लभ सहाय और स्वतंत्रता सेनानी शहीद सिद्धू-कान्हू की आदमकद प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त किए जाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया. यह कार्यक्रम संत कोलंबस कॉलेज परिसर और पीडब्ल्यूडी चौक पर हुई घटनाओं को लेकर आयोजित किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की. उन्होंने महापुरुषों की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे समाज की एकता और सांस्कृतिक मूल्यों पर हमला बताया. उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं बेहद निंदनीय हैं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए.धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त के नाम अनुमंडल पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा. इसमें दोनों महापुरुषों की प्रतिमाएं नए सिरे से स्थापित करने, आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने और सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई.कार्यक्रम में प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, विनोद सिंह, मीडिया अध्यक्ष निसार खान, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, वरिष्ठ नेता मिथिलेश दुबे, संजय तिवारी, गुड्डू सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, मनीषा टोप्पो सहित कई कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए.

### मूर्तियां खंडित करना सम्मान पर हमला : हर्ष अजमेरा



**हजारीबाग ।** शहर में शुक्रवार को घटित घटनाओं ने सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक मूल्यों को गहराई से झकझोर दिया है. पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय के.बी. सहाय और जनजातीय स्वाभिमान के प्रतीक वीर सिद्धू-कान्हू की प्रतिमाओं को खंडित किए जाने पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने गहरा आक्रोश और पीड़ा व्यक्त की है.हर्ष अजमेरा ने कहा कि यह केवल मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने का मामला नहीं, बल्कि यह पूरे हजारीबाग के सम्मान और आत्मसम्मान पर सीधा प्रहार है. उन्होंने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं हमारे इतिहास और आदर्शों की जीवित प्रतीक होती हैं, जो हमें प्रेरणा देती हैं और समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं. उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं किसी भी सच्चे देशभक्त और संवेदनशील नागरिक के लिए असहनीय हैं.

## कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

# योजनाओं की शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का दिया निर्देश



**शुभम संदेश । कोडरमा**

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा आवास योजना, वन पट्टा वितरण, कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण योजना सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई. मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्राप्त आवेदनों का शीघ्र सत्यापन कर पात्र लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान किया जाए.

उन्होंने विभाग को लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ समयबद्ध तरीके से दिया जाए. मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत उन्होंने अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को चिह्नित कर सहायता राशि उपलब्ध कराने पर जोर दिया.

बिरसा आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी लंबित आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया. इसके अतिरिक्त वन पट्टा वितरण सूची, कब्रिस्तान घेराबंदी योजना तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत पीड़ितों को राहत मुआवजा देने हेतु प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर समेत संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे.

### असामाजिक तत्वों ने सिद्धू कान्हू की प्रतिमा खंडित की



**हजारीबाग ।** हजारीबाग में जिस तरह से महापुरुषों की प्रतिमाओं को निशाना बनाया जा रहा है, वह बेहद निंदनीय और शर्मनाक है. असामाजिक तत्वों ने सिद्धू कान्हू चौक पर स्थित वीर सिद्धू-कान्हू चौक पर स्थापित संथाल विद्रोह के महानायक वीर सिद्धू-कान्हू मुर्मू की प्रतिमा को भी खंडित कर दिया गया है. जिसको लेकर भारी आदिवासी संगठन, जिला कांग्रेस कमेटी , भाजपा सहित अन्य संगठनों ने सांकेतिक रूप से धरना देते हुए विरोध दर्ज कराया है . इस दौरान लोगों ने कहा कि यह कृत्य हजारीबाग के गौरव और शांति को भंग करने का एक ओछा प्रयास है. उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पत्थर की प्रतिमाओं को नुकसान पहुंचाना नहीं, . ऐसे कार्यों से हजारीबाग का सौहार्द बिगड़ता है और इसकी समृद्ध विरासत को ठेस पहुंचती है. सभी संगठनों ने प्रशासन से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि इस कायराना हरकत के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें तत्काल चिन्हित किया जाए और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए. साथ ही विखंडित की गई प्रतिमाओं को अतिशीघ्र पुनर्स्थापित कर उन्हें सुदृढ़ किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो.

### उपायुक्त के जनता दरबार में सुनी गईं समस्याएं

**हजारीबाग।** जिला समाहरणालय परिसर में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आमजनों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए. दरबार में पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड में त्रुटि, पीएम आवास, सड़क निर्माण, बिजली आपूर्ति, भूमि एवं पारिवारिक विवाद, और चिकित्सा सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें मुख्य रूप से सामने आईं. उपायुक्त ने हर फरियादी की बात गंभीरता से सुनी और कई मामलों में मौके पर ही टेलीफोन से निर्देश जारी किए. जनता दरबार में उपस्थित विशेष रूप से गरीब, महिला, वृद्ध, दिव्यांग, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों को निःशुल्क न्यायिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के अधिवक्ता को भी जोड़ा गया है. इसके तहत लोगों को निःशुल्क कानूनी परामर्श, मुकदमा दर्ज कराने में सहायता और केस के लिए अधिवक्ता की नियुक्ति की जा रही है. उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है.

### डोभा में डूबा मासूम सूरज, गांव में पसरा मातम

**चौपारण (हजारीबाग)।** बहेरा पंचायत के गोशला गांव में शुक्रवार की सुबह उस वक्त मातम पसर गया, जब 15 वर्षीय किशोर सूरज कुमार पांडेय का शव उसके घर के पास स्थित डोभा से बरामद हुआ. सूरज गुरुवार शाम को रोज की तरह खेलने निकला था, लेकिन रात भर वापस नहीं लौटा. परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की, पर सफलता नहीं मिली. शुक्रवार सुबह घर के पास स्थित डोभा में जब उसकी चप्पल तैरती दिखी, तो परिजनों को अनहोनी का अंदेशा हुआ. ग्रामीणों की मदद से डोभा की तलाशी ली गई, जिसमें सूरज का शव पानी में मिला. सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. सूरज चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था. उसके पिता पाकिस्तान पांडेय का निधन लगभग 10–11 वर्ष पहले ही हो चुका था. अब बेटे की असमय मौत से माँ मसोमात बेसुध हो गई हैं. उनका रो-रोकर बुरा हाल है. पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि डोभा को ढंकने अथवा सुरक्षित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटना की पुनरावृत्ति न हो.

### जेपीएससी में डोमचांच के पंकज को मिला 272वां रैंक

**डोमचांच (कोडरमा)।** डोमचांच नगर पंचायत वार्ड संख्या 12 के निवासी पंकज कुमार ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षा में 272वां स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है. पंकज वर्तमान में चंदवारा प्रखंड के जयपुर कांको स्थित अपग्रेडेड +2 उच्च विद्यालय में इतिहास के पीजीटी शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं. उनकी इस सफलता से परिवार और पूरे गांव में खुशी का माहौल है. पंकज ने बताया कि वह शुरू से ही प्रशासनिक सेवा में जाना चाहते थे और यह उनका जेपीएससी का पांचवां प्रयास था, जिसमें उन्होंने सफलता पाई. इस सफलता के साथ उन्हें जिला श्रम अधीक्षक का पद मिला है. पंकज ने अपनी सफलता का श्रेय माता सुमा देवी, सेवानिवृत्त शिक्षक पिता त्रिलोकी नाथ, भाई मनोज रजक, पत्नी नीलम कुमारी और जीजा नगर आयुक्त योगेन्द्र प्रसाद को दिया.

### वाहन जांच अभियान में 20हजार जुर्माना वसूला

**जयनगर (कोडरमा)।** सड़क सुरक्षा को लेकर जयनगर में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. यातायात प्रभारी सलाउद्दीन खान के नेतृत्व में जयनगर थाना गेट के समीप विशेष चेकिंग अभियान के तहत दोपहिया वाहनों की जांच की गई. इस दौरान हेलमेट नहीं पहनने, वाहन के वैध कागजात न होने, ओवरलोडिंग और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन जैसे मामलों में चालान काटे गए. कुल मिलाकर 20,000 का जुर्माना वसूला गया. यातायात प्रभारी ने बताया कि यह अभियान लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया है. उन्होंने कहा कि वाहन चालक हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी का रजिस्ट्रेशन और बीमा जैसे आवश्यक दस्तावेज हमेशा अपने पास रखें. ट्रैफिक नियमों का पालन कर ही हम सड़क दुर्घटनाओं को कम कर सकते हैं और स्वयं की व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं.

### पदमा की मिनी पाठक ने जेपीएससी में पाई सफलता

**पदमा (हजारीबाग)।** झारखंड लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में पदमा प्रखंड के सरैया पाठक टोला निवासी मिनी पाठक ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. सेवानिवृत्त शिक्षक स्वर्गीय अच्युतानंद प्रसाद पाठक की सुपुत्री मिनी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव में खुशी का माहौल है. मिनी की सफलता ने पदमा क्षेत्र का नाम रोशन किया है. इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश की बेटियां भी कड़ी मेहनत, लगन और संकल्प से किसी भी ऊंचाई को छू सकती हैं. गांव में मिठाइयां बांटी जा रही हैं और लोग उनके परिवार को बधाई देने पहुंच रहे हैं. यह सफलता सिर्फ मिनी की नहीं, बल्कि उन सभी युवाओं की प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़ा सपना देखने का हौसला रखते हैं. शिक्षा के क्षेत्र में यह उपलब्धि खासकर बेटियों को एक नई दिशा और आत्मविश्वास देगी. मिनी पाठक अब पदमा की युवाओं के लिए एक रोल मॉडल बन गई हैं.

### अबुआ आवास योजना के लाभुकों को मिला तीसरा नोटिस

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड के ढोढा कोला पंचायत में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत आवंटित राशि के बावजूद निर्माण कार्य लंबित रखने वाले लाभुकों पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है. शुक्रवार को प्रखंड पंचायत सचिव रवि रंजन ने ऐसे सभी लाभुकों को तीसरा नोटिस जारी किया. यह नोटिस विशेष रूप से उन लाभुकों को दिया गया है, जिन्होंने राशि प्राप्त करने के 60 दिन बाद भी आवास निर्माण का कार्य शुरू या पूर्ण नहीं किया है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर आवास कार्य पूरा नहीं किया गया, तो संबंधित लाभुकों के खिलाफ सार्टिफिकेट केस दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया के तहत राशि सूद सहित वसूली जाएगी. साथ ही, उनके बैंक खातों को भी फिलहाल के लिए फ्रिज कर दिया गया है. इसके अलावा ऐसे लाभुकों को सरकार की अन्य योजनाओं से भी वंचित रखने की अनुशंसा की गई है. पंचायत सचिव ने बताया कि पंचायत भवन में लंबित आवास लाभुकों की सूची सार्वजनिक रूप से चिपकाई गई है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लोगों में जवाबदेही सुनिश्चित हो.

## एक नजर



### राष्ट्रपति से सम्मानित लोगों का चरही में स्वागत

**चरही ।** झारखंड की पहचान सोहराई कोहबर कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जोराकाठ निवासी सजवा देवी पति मुंशी महतो,रुदन देवी पति भरत महतो,आशा देवी पति कमल महतो, मालो देवी पति लालमोहन महतो और मोहनी देवी पति स्व. रविंद्र महतो को देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र दिया गया. उपरोक्त सभी सम्मानित महिलाओं को चरही स्थित 55 कमेटी के समीप आजसू जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो के नेतृत्व में मिठाई खिलाकर और गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया गया.मौके पर लालचंद महतो,अखिलेश सिंह,अखिल महतो,महेश महतो,माणिक चंद महतो,अमित महतो,फुलेश्वर महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

### स्कूली बच्चों के बीच शैक्षणिक किट का वितरण



**लावालौंग।** लावालौंग प्रखंड के ग्राम पंचायत रिमी स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय रिमी में स्कूली बच्चों के बीच शैक्षणिक कीट का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को कॉपियों सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री दी गई, जिससे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया.कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमाचरण कुमार यादव तथा सहायक शिक्षक अनिल कुमार, अमित कुमार और सुनील कुमार ने मिलकर किया. कीट वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रिमी की मुखिया सुगी देवी विशेष रूप से उपस्थित रहीं.मुखिया सुगी देवी ने कहा कि पंचायत स्तर से बच्चों की पढ़ाई में हर संभव सहयोग दिया जाएगा, ताकि किसी भी छात्र की शिक्षा आर्थिक तंगी के कारण बाधित न हो. कार्यक्रम में बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति से वातावरण उत्सव जैसा बन गया.

### किसान का बेटा बना अफसर, लोगों में हर्ष



**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत ग्राम मसमोहना निवासी टूकन राम के सुपुत्र राकेश राम ने जेपीएससी में 118 रैंक हासिल किया है. उनका चयन जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है. इनका प्रारंभिक शिक्षा मसमोहना के उत्क्रमित मध्य विद्यालय से हुआ है. इसके बाद 12वीं हजारीबाग, बीटेक बीआईटी सिंदरी धनबाद से करने के बाद इनका झारखंड पुलिस अवर निरक्षक के पद पर 2020 में चयन हुआ. वर्तमान में ये झारखंड पुलिस में अवर निरीक्षक के पद पर रांची में अपनी सेवा दे रहे हैं. इन्होंने अपनी सफलता का मुख्य श्रेय अपने माता पिता, दोनों भाई व गुरुजनों को दिया है. इस उपलब्धि पर रमेश सिंह, राजेश सिंह, प्रिंस सिंह, मदन मोहन सिंह, अर्जुन सिंह (सेवा निवृत प्रधानाचार्य), विजय सिंह, अबोध सिंह,मिथलेश साव, अंकित सिंह, ब्रम्हदेव यादव, संजय राम, रंजीत राम, महेश सिंह, रोहित सिंह, राहुल सिंह ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

### कोडरमा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़



**कोडरमा।** जिला प्रशासन कोडरमा एवं इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से झुमरीतिलैया स्थित सीएच हाई स्कूल परिसर में निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया.इस शिविर में मुड़े हुए पैरों, कटे-फटे होंठ, प्लास्टिक सर्जरी एवं पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं. कुल 53 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 10 लोगों की सामान्य जांच (बीपी और शुगर) की गई. 15 लोगों ने प्लास्टिक सर्जरी के लिए और 38 ने पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सेवाओं के लिए पंजीकरण कराया.शिविर में विकृत अंगों से पीड़ित 32 लाभार्थियों को 93 सहायक यंत्र (ऑर्थोसिस) वितरित किए गए, 18 वर्ष से कम आयु के 1 बच्चे की प्लास्टिक सर्जरी और 11 बच्चों की पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी सफलतापूर्वक की गई.

### बस का ब्रेक फेल,बाल-बाल बचे सीसीएल कर्मी



**चतरा।** आम्रपाली परियोजना में ईएंडएम विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है. शुक्रवार को डकरा-पिपरवार से सीसीएल कर्मियों व अधिकारियों को लेकर टंडवा स्थित आम्रपाली कार्यालय आ रही एक बस बसेरिया घाटी में बड़ी दुर्घटना का शिकार होते-होते बच गई. घाटी में बस की ब्रेक अचानक फेल हो गई और वह एक हाइवा से टकराने के बाद घाटी में गिरने से बाल-बाल बची.बस में सवार कर्मियों ने बताया कि बस की स्थिति बेहद जर्जर थी और नियमित मेंटेनेंस नहीं हो रहा था. कर्मियों ने आरोप लगाया कि ईएंडएम विभाग टेंडर प्रक्रिया में घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार में लिप्त है. छोटी-बड़ी गाड़ियों के टेंडर में मनचाहे ठेकेदारों को अधिक दर पर काम दिया जाता है.सूत्रों के अनुसार, हर महीने लाखों रुपये डीजल मद में भुगतान किया जाता है, जबकि वाहन संचालन की स्थिति बेहद खराब है. यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो, तो मगध आम्रपाली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार उजागर हो सकता है. जानकारों का मानना है कि जांच में सीबीआई की एंट्री तय मानी जा रही है.

### अवैध हथियार तस्कर गिरफ्तार, पुलिस को थी तालाश

**कोडरमा।** तिलैया पुलिस ने अवैध देशी हथियार की तस्करी में संलिप्त फरार अपराधी को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि तिलैया थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित द-जिम सेंटर के आसपास एक फरार अभियुक्त बादल कुमार सिंह उर्फ रौशन कुमार सिंह, पिता- बब्लु कुमार सिंह, निवासी सैस गोदाम गली, वार्ड संख्या- 23, तिलैया, घूम रहा है. सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर पुलिस-सह-थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया.पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी कर द-जिम सेंटर परिसर से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने एक देशी पिस्तौल बिहार के एक व्यक्ति से खरीदी थी, जिसे बाद में तिलैया थाना कांड संख्या 39/25 में नामजद अभियुक्त पियुष कुमार को बेचा था.गिरफ्तार अभियुक्त बादल कुमार सिंह पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें तिलैया थाना कांड संख्या- 02/2019, 253/20 और 332/22 शामिल हैं. इन मामलों में उस पर हत्या का प्रयास, मारपीट, छेड़छाड़, धमकी, चोरी जैसे गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विनय कुमार, पुअनि नरेश प्रसाद, पैंथर दल और सशस्त्र बल के जवानों ने अहम भूमिका निभाई. फिलहाल पुलिस तस्करी के पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## आस्था

## पठवा हनुमान मंदिर में 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस संगीतमय पाठ शुरू

# धार्मिक आयोजन से आती है सुख-शांति और समृद्धि : जीएम

**शुभम संदेश । रामगढ़**



रजरप्पा कोयलांचल स्थित पठवा हनुमान मंदिर में सावन महोत्सव के तहत 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस संगीतमय पाठ शुक्रवार से प्रारंभ हुआ.

इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद, स्टॉफ ऑफिसर पीके रामदास, पठवा हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं सेवई उत्तरी पंचायत के मुखिया कुलदीप सिंह ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. पुजारी सुधाकर मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर संकल्प एवं आरती कराई गई.

इससे पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत मुखिया कुलदीप सिंह ने अंग वस्त्र प्रदान कर किया. महाप्रबंधक ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन होने से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि आती है. साथ ही लोगों में धर्म के प्रति आस्था जागृत होती है. उन्होंने इस आयोजन के लिए पठवा हनुमान मंदिर समिति के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी. मुखिया कुलदीप सिंह ने कहा कि यह आयोजन जनमानस की आस्था का प्रतीक है. बिहार के भभुआ से आई श्री हनुमंत मानस हरिकीर्तन मंडली की 7 सदस्यीय टीम द्वारा 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस संगीतमय पाठ किया जा रहा है. मुखिया कुलदीप सिंह ने बताया कि शनिवार को हवन के साथ अखंड रामचरितमानस संगीतमय पाठ की पूर्णाहुति की जाएगी. तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया जाएगा. साथ ही देर संध्या विशेष आरती भी की जाएगी. इस आयोजन को सफल बनाने में पठवा हनुमान मंदिर समिति के संरक्षक उमेश महतो सहित सभी सदस्य जोर-शोर से लगे हुए हैं.

### सीटीए एरियर का निपटारा जल्द होगा: मो ज्याऊद्दीन

**रामगढ़।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि चेकिंग विभाग के सुपरवाइजर्स के अपग्रेडेशन और सीटीए एरियर का मामला जल्द सुलझाया जाएगा. उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड के आदेश 155/2022 के अनुसार अपग्रेडेशन लागू नहीं हो पाया है, जिससे कर्मचारियों को वित्तीय लाभ नहीं मिल सका है. साथ ही, सीटीए एरियर का भुगतान भी लंबित है, जो जनवरी से मई 2024 तक लागू वृद्धि से संबंधित है. इस मुद्दे पर उन्होंने वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अशोक कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा, जिस पर जल्द समाधान का आश्वासन मिला. इसके अलावा, उन्होंने नियंत्रण टीआरएस से यातायात विभाग को देने पर आपत्ति जताई और इस निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की है. मो. ज्याऊद्दीन ने अपर मंडल रेल प्रबंधक अमित कुमार से भी मुलाकात की और टोरी-शिवपुर सेक्शन में कोल डस्ट से प्रभावित रेल आवासों की स्थिति पर चिंता जताई.

### उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं और भू-अर्जन मामलों की समीक्षा की

## मुआवजा भुगतान मे तेजी लाने का दिया निर्देश

शुभम संदेश । लोहरदगा



उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में भू-अर्जन संबंधित मामलों समीक्षा बैठक आयोजित हुई.बैठक में उपायुक्त ने भू-अर्जन पदाधिकारी को जिला के एनएच-143 ए अंतर्गत लोहरदगा बाईपास पथ निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के आलोक में नियमानुकूल मुआवजा की राशि जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया.उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा बाईपास पथ के लिए भूमि-अधिग्रहण का कार्य हो चुका है परंतु अब तक 100 फीसदी रैयतों को मुआवजा भुगतान नहीं होना स्वीकार्य नहीं है.अभी भी काफी संख्या में रैयतों के भुगतान का मामला लंबित है जिसमें भुगतान की गति को तीव्र करने की नितांत आवश्यकता है.लोहरदगा बाईपास और उसके आसपास सरकार की कई महत्वकांक्षी योजनाओं को पूर्ण किया जाना है.लोहरदगा जिला के विकास के लिए सभी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं.ऐसे में भूमि-अधिग्रहण के बाद रैयतों का ससमय भुगतान अत्यंत आवश्यक है.उपायुक्त ने कहा कि एनएच-143 ए पर लोहरदगा बाईपास परियोजना सरकार की महत्वकांक्षी परियोजनाओं में से एक है.इस परियोजना में विलंब के लिए जिला में किसी भी स्तर से लापरवाही क्षमा योग्य नहीं है. इसलिए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया जल्द सम्पन्न कराएं ताकि परियोजना समय पर पूर्ण हो सके.उन्होंने कहा कि जिन रैयतों का अभिलेख सत्यापित हो चुका है उनका भुगतान करें.जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के जरिये उक्त परियोजना में रैयतों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए मौजावार आयोजित किये जा रहे शिविर की जानकारी उपायुक्त को दी।उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आज लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में भू-अर्जन संबंधित मामलों समीक्षा बैठक आयोजित हुई.बैठक में उपायुक्त ने भू-अर्जन पदाधिकारी को जिला के एनएच-143 ए अंतर्गत लोहरदगा बाईपास पथ निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के आलोक में नियमानुकूल मुआवजा की राशि जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया.

उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा बाईपास पथ के लिए भूमि-अधिग्रहण का कार्य हो चुका है परंतु अब तक 100 फीसदी रैयतों को मुआवजा भुगतान नहीं होना स्वीकार्य नहीं है.अभी भी काफी संख्या में रैयतों के भुगतान का मामला लंबित है जिसमें भुगतान की गति को तीव्र करने की नितांत आवश्यकता है.लोहरदगा बाईपास व उसके आसपास सरकार की कई महत्वकांक्षी योजनाओं को पूर्ण किया जाना है.लोहरदगा जिला के विकास के लिए सभी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं.ऐसे में भूमि-अधिग्रहण के उपरांत रैयतों का ससमय भुगतान अत्यंत आवश्यक है.उपायुक्त ने कहा कि एनएच-143 ए पर लोहरदगा बाईपास परियोजना सरकार की महत्वकांक्षी परियोजनाओं में से एक है.इस परियोजना में विलंब के लिए जिला में किसी भी स्तर से लापरवाही क्षमा योग्य नहीं है.इसलिए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया जल्द सम्पन्न कराएं ताकि परियोजना समय पर पूर्ण हो सके.जिन रैयतों का अभिलेख सत्यापित हो चुका है उनका भुगतान करें.जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा उक्त परियोजना में रैयतों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए मौजावार आयोजित किये जा रहे शिविर की जानकारी दी.

### मध्याह्न भोजन बनाने में कागज जलाने की हुई जांच

**गुमला।** भरनो प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जौली में मध्याह्न भोजन निर्माण के दौरान पुस्तकों के कागज जलाए जाने की में छपी खबर मामले में उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुमारी कुजूर की अध्यक्षता में जांच दल गठित किया गया. जांच दल में बीपीओ सूरज लकड़ा, बीआरपी शमीम एजाज और सीआरपी नूर एहसान आलम शामिल थे. प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर भी जांच हुई. जांच प्रतिवेदन में टीम के सदस्यों ने रसोइया का बचाव किया है. टीम के सदस्यों ने कहा कि सभी बिंदुओं पर पूछताछ की गई. जिसमें स्पष्ट हुआ कि 23 जुलाई 2025 को मध्याह्न भोजन के दौरान सिलेंडर का गैस समाप्त हो गया. भोजन आधा बना था. प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश खेस ने सिलेंडर बदलने के गए थे. उसी दौरान दो लोग स्कूल पहुंचे और प्रभारी प्रधानाध्यापक का मित्र बताया. एमडीएम का आधा भोजन बनद गया था जिसे पूरा पकाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लकड़ी का उपयोग कर रहे थे.

## एक नजर



### 450 ग्राम अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**गुमला ।** भरनो थाना की पुलिस ने गांजा कारोबारी मो.सोनू अंसारी 28 वर्ष को खरवागढ़ा नहर के पास से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया. गिरफ्तार सोनू के पास से पुलिस ने 450 ग्राम गांजा, इलेक्ट्रानिक तराजू मशीन एक पीस, पैकेजिंग प्लास्टिक पन्नी 20 पीस और गांजा बिक्री का 1040 रुपये को जब्त कर लिया है. ज्ञात हो कि मो.सोनू अंसारी भरनो थाना क्षेत्र के खरवागढ़ा का रहने वाला है. नहर के पास गांजा बिक्री करने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी. जिसके आधार पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में छापामार दल का गठन किया गया. जिसमें पुलिस अंचल निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, एसआई अभिनंदन कुमार, एसआई मंटू चौधरी व जवान शामिल थे. छापामार दल ले त्वरित कार्रवाई करते हुए गांजा बिक्री करते हुए मो. सोनू अंसारी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने मो. सोनू के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड दर्ज कर उसे जेल भेज दिया. थाना प्रभारी ने बताया कि उसके खिलाफ पहले भी भरनो थाना में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से संबंधित प्राथमिकी दर्ज है.

### कैरो में कांग्रेस की पंचायत कमेटी का विस्तार



**कैरो/लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कैरो प्रखंड के सढ़ाबे, कैरो, गजनी और नरौली पंचायतों में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी गठन हेतु बैठक आयोजित की गई. यह कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद के नेतृत्व में हुआ. बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रशिक्षिका अनामिका सरकार, प्रखंड पर्यवेक्षक एनुल अंसारी एवं मंडल अध्यक्ष महताब अंसारी मौजूद रहे. सभी पंचायतों में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में पंचायत कमेटियों का विस्तार किया गया. प्रखंड पर्यवेक्षक एनुल अंसारी ने कहा कि कांग्रेस को पंचायत और बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए संगठन विस्तार जरूरी है. इस मौके पर पंचायत अध्यक्ष विजय उरांव, नारायण उरांव, परवेज अंसारी, विजय एक्का समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे. अल्पसंख्यक अध्यक्ष रशीद अंसारी, सिराजुल अंसारी, भोला भगत, सलीम खान, जाहिद अंसारी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.

### मध्य विद्यालय कुंटवा के प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

**गुमला ।** शैक्षिक अंचल -2 के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंटवा के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय सोरेंग को जिला शिक्षा अधीक्षक मो. नूर आलम ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय घाघरा को बनाया गया है. निलंबित सहायक शिक्षक पर विभागीय आदेश के अनुकूल काम नहीं करने और मनमानी आदि का आरोप लगा है. जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय सोरेंग की लापरवाही के कारण आठवीं बोर्ड 2025 की परीक्षा के लिए पांच छात्र पंजीयन से वंचित रह गए. इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया था और संपूर्ण प्रभार सहायक शिक्षक करमपाल साहु को देने का आदेश दिया गया था. सहायक शिक्षक करमपाल साहु ने प्रभार नहीं मिलने की जानकारी विभाग को 16 जुलाई को दी. सहायक शिक्षक करमपाल साहु के अभ्यावेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने विजय सोरेंग को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के अधीन कर दिया.

### लगातार वर्षा से जगह-जगह जल जमाव, बढ़ी परेशानी



**गुमला ।** लगातार हो रही वर्षा से अब किसान भी त्राहिमाम करने लगे हैं. अत्यधिक वर्षा के कारण अब फसलों को नुकसान होने लगा है. वर्षा के कारण गांव से शहर तक का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है. शहर के गली मुहल्लों में जल जमाव से स्कूली बच्चे और आम नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के कच्चा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो गया है. गांव के गली मुहल्लों में गंदगी बजबजाने लगी है. दुर्गंध भी निकलने लगा है. लगातार हो रही वर्षा से उरद को भारी नुकसान हो रहा है. धान रोपनी को भी पानी का तेज धार बहा कर ले जा रहा है. मवेशी को घर में बांध कर रखना मजबूरी हो गया है. इधर शहरी क्षेत्र के गली मुहल्लों में भी जल जमाव से लोग परेशान है. हल्की बारिश होते ही डीएसपी रोड व जवाहर नगर में विद्या मंदिर के दोनों ओर घुटना भर पानी जमा हो जाता है. जिसमें पैदल राहगीर, बाइक और कार का आवागमन होता है. जल जमाव में सबसे अधिक स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है.

### कैरो के दो युवाओं ने रचा इतिहास, बने डिप्टी कलेक्टर





**कैरो/लोहरदगा ।** जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र ने एक बार फिर गौरव महसूस किया है. यहां के दो होनहार युवाओं गुलाम रजा और कृष्ण कुमार शुक्ला ने झारखंड लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित होकर नया इतिहास रच दिया है.गजनी पंचायत के गराडीह निवासी गुलाम रजा को परीक्षा में 17वीं रैंक प्राप्त हुई है. वे समाजसेवी मकसूद खान के इकलौते पुत्र हैं. वहीं ग्राम टाटी निवासी कृष्ण कुमार शुक्ला ने 96वीं रैंक हासिल कर पूरे इलाके को गौरवान्वित किया है. वे प्रदीप शुक्ला के पुत्र हैं और एक साधारण किसान परिवार से आते हैं.गुलाम रजा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरूजनों को दिया. उन्होंने बताया कि रांची में रहकर पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की और आज का यह मुकाम हासिल किया. वहीं कृष्ण कुमार शुक्ला ने कहा कि मेहनत, धैर्य और माता-पिता के मार्गदर्शन से कुछ भी संभव है.दोनों युवाओं की सफलता से पूरे कैरो प्रखंड क्षेत्र सहित लोहरदगा जिले में हर्ष का माहौल है.

### किसान खेत पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**भंडरा/लोहरदगा ।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र द्वारा शुक्रवार, 25 जुलाई को भंडरा प्रखंड के ग्राम कुम्हरिया में किसान खेत पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई.कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र के कार्यालय प्रभारी एवं वनस्पति संरक्षण अधिकारी श्री अशोक कुमार एच.पी. ने किया, जबकि ग्राम के उप मुखिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का संचालन सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी श्रीमती गीता एस. ने किया.इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुम्हरिया गांव के 35 किसानों को 14 सप्ताह तक प्रशिक्षण दिया जाएगा. साथ ही कीटनाशकों के दुष्प्रभाव और उनके संतुलित उपयोग के बारे में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा.कार्यक्रम में सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी श्रीमती सुनीता लकड़ा एवं वनस्पति संरक्षण अधिकारी सुश्री प्यारी संगा भी उपस्थित रहीं. किसानों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे उपयोगी बताया.

### ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में काव्य-पाठ प्रतियोगिता



**लोहरदगा।** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल, बक्शी डीपा में कक्षा द्वितीय से पंचम तक के छात्रों के लिए काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा रहीं, जिन्होंने छात्रों की प्रस्तुति से अभिभूत होकर कहा कि शैक्षणिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम हैं.उन्होंने कहा कि हर छात्र में एक विशेष प्रतिभा छिपी होती है, जिसे ऐसे मंचों के माध्यम से निखारा जा सकता है. श्रद्धा केरकेट्टा ने बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.विद्यालय के प्राचार्य एस.के. झा ने बताया कि पाठ्यक्रम में शैक्षणिक गतिविधियों को विशेष रूप से शामिल किया गया है. साथ ही विद्यालय बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक विकास पर भी बराबर ध्यान देता है.कार्यक्रम प्रमुख नूपुर केसरी ने बताया कि प्रतियोगिता में द्वितीय कक्षा से अनुभव कुमार, तृतीय से अति राज, चतुर्थ से समायरा केरकेट्टा और पंचम कक्षा से अश्विनी कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि, प्राचार्य और शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत किया गया.

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर लालगुटवा का मूल्यांकन



**रातू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रातू के अंतर्गत संचालित आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (आरोग्य मंदिर) तारूप एवं लालगुटवा का दो दिवसीय भौतिक मूल्यांकन गुरुवार एवं शुक्रवार को किया गया. यह मूल्यांकन राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) के अंतर्गत किया गया, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त डॉ. चंद्रशेखर तिवारी एवं डॉ. बिराज चंद्र पॉल शामिल थे. केन्द्रीय टीम ने आरोग्य मंदिर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे ओपीडी, प्रयोगशाला (लैब), टीकाकरण कक्ष, प्रसव कक्ष, महिला एवं पुरुष वार्ड आदि का निरीक्षण निर्धारित मानकों के अनुरूप किया. निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और बेहतर हो सके. टीम ने आरोग्य मंदिर की कार्यप्रणाली से संतुष्टि जताई और संचालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए. एनक्वास का उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्रों को गुणवत्ता का आकलन करने तथा सुधार की दिशा में प्रेरित करना है. इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुजीत कुमार कश्यप, बीपीएम वैशाली कृष्णा, बीएएम अभिषेक कुमार तिवारी, अमित कुमार, सोनी प्रसाद, श्वेता भारती, अल्पना, बिंदु रानी, संजय कुमार, पूजा कुमारी, बीणा कुमारी समेत अन्य सीएचओ, एएनएम और सहिया भी उपस्थित रहे.

### न्यूनतम मजदूरी सहित 6 सूत्री मांगों पर हुई चर्चा

**पिपरवार (चतरा)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत बचरा पंचवटी सभागार में स्थानीय वाहन चालकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता जनता मजदूर संघ के जोनल सचिव प्रताप यादव ने की, जबकि संचालन बबलू राम ने किया. बैठक में वाहन चालकों ने अपने वेतन और अन्य सुविधाओं को लेकर आवाज उठाई. चालकों ने न्यूनतम मजदूरी, ड्रेस कोड, सुरक्षा, मेडिकल सुविधा, हाजिरी, भीटीसी, सीएमपीएफ और पेंशन जैसी सुविधाएं देने की मांग रखी. चालकों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें केवल 9,000 प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है, जो महंगाई के दौर में काफी कम है. उन्होंने 22,000 मासिक वेतन की मांग की है. बैठक में बताया गया कि उक्त मांगों को लेकर सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा जा चुका है. यदि 28 जुलाई तक मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो 29 जुलाई से सभी वाहन चालक हड़ताल पर चले जाएंगे और वाहनों का संचालन बंद कर देंगे. इस दौरान प्रताप यादव, बबलू राम, नागेश्वर महतो, मोहम्मद रिंकू, दिलीप कुमार बैठा, अमरजीत सिंह, नकुल पांडेय, अजय तूरी, हरी राय समेत कई चालक उपस्थित रहे. सभी ने एकजुट होकर आंदोलन की चेतावनी दी और कहा कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, आंदोलन जारी रहेगा.

### 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पिपरवार (चतरा)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम में गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के तत्वावधान में 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस आयोजन में विभिन्न पंचायतों से आई महिला प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में रजनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं संगीता कुमारी द्वितीय, देवंती कुमारी तृतीय और रीता कुमारी ने चौथा स्थान हासिल किया. परीता कुमारी, किरण कुमारी, भारती कुमारी, रिंकी कुमारी, रविता कुमारी और एक अन्य भारती कुमारी क्रमशः पांचवें से दसवें स्थान पर रहीं. सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मंडल एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा पिपरवार अध्यक्ष रामलाल महतो, नंदकिशोर कुमार, मुकेश राणा और नवीन साहू द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

### ऑटो पलटने से एक की मौत, चालक घायल

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के बनागुटू गांव के समीप एक तेज गति अनियंत्रित ऑटो के पलटने से सुजीत डुंगडुंग की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और ऑटो चालक विक्रम केरकेट्टा घायल हो गया. मृतक सुजीत कोलेबिरा थाना क्षेत्र के अघरमा का निवासी था. स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया. जहां डाक्टर ने सुजीत को मृत घोषित कर दिया.

### वज्रपात की चपेट में आने से तीन ग्रामीण घायल

**गुमला।** गुमला और पालकोट में गुरुवार की शाम हुई वज्रपात से तीन लोग घायल हो गए. परिवार जनों के सहयोग से तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां तीनों का इलाज चल रहा है. जानकारी के अनुसार गुमला थाना क्षेत्र के कोयनारा टोंगरीटोली में गुरुवार की शाम वज्रपात होने से घर के आंगन में बैठे दंपति आजाद लोहरा और उसकी पत्नी श्वेता कच्छप झुलस गए. परिवार के सदस्यों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है.

### पलामू में नशा कारोबार का भंडाफोड़: 32.90 लाख रुपये नकद बरामद

## 3 क्विंटल डोडा के साथ 8 गिरफ्तार

शुभम संदेश। पलामू



पलामू पुलिस ने नशा के अवैध कारोबार में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 03 क्विंटल 14 किलोग्राम डोडा (अफीम से संबंधित नशीला पदार्थ) के साथ आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है. साथ ही 32,90,400 रुपये नकद, चार वाहन, मोबाइल फोन, और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं. यह कार्रवाई पलामू जिले के पिपराटॉड थाना क्षेत्र में की गई, जहां तस्करी का नेटवर्क सक्रिय था. गिरफ्तार आरोपियों में चार पंजाब के लुधियाना के निवासी हैं. इनकी पहचान हरमीत सिंह (35), पारस चौहान (29), सतबीर सिंह (38) और ओम प्रकाश तिवारी (36) के रूप में हुई है. अन्य आरोपियों में पिपराटॉड थाना क्षेत्र के तितलंगी निवासी डब्लू यादव (60) व उसके दो पुत्र पिंटू यादव (30) और रिंकु यादव (25) तथा लोहरसी निवासी नीरज कुमार पासवान (26) शामिल हैं.

प्रेस वार्ता में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि इस गिरोह का भंडाफोड़ एक दिलचस्प मोड़ के बाद हुआ. आरोपी सतबीर सिंह की बहन, जो पेशे से डॉक्टर हैं, ने एसपी को फोन कर बताया कि उनका भाई झारखंड घूमने आया था और उसका अपहरण कर लिया गया है. सूचना के बाद पुलिस ने तत्काल छापेमारी की, जिससे पूरे नशा कारोबार का पर्दाफाश हो गया. छानबीन में यह बात सामने आई कि सतबीर सिंह के परिजनों ने अपहरण के डर से आरोपी पिंटू यादव के बैंक खाते में 7.50 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे. पुलिस ने उक्त बैंक खाते को तत्काल सीज कर दिया है. गिरफ्तार आरोपियों में पारस तिवारी का नाम भी सामने आया है, जो दोनों पक्षों के बीच बिचौलिया का काम कर रहा था. वहीं, आरोपी नीरज कुमार पासवान स्थानीय चौकीदार का पुत्र है, जो तस्करी में संलिप्त पाया गया.

एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि इस मामले में कुछ स्थानीय पुलिसकर्मियों की संलिप्तता की भी सूचना प्राप्त हुई है, जिसकी जांच लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा द्वारा कराई जा रही है. दोषी पाए जाने पर संबंधित पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस ने आरोपियों के पास से 03 क्विंटल 14 किलोग्राम डोडा, 32,90,400 रुपये नकद, दो होंडा सिटी कार, दो महिंद्रा बोलेरो वाहन, नशा कारोबार से संबंधित एक लाल रंग की डायरी और दस एंड्रॉयड मोबाइल और दो कीपैड फोन बरामद किये. पलामू पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. यदि अपहरण से संबंधित आवेदन प्राप्त होता है, तो उसमें भी अलग से प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी. इस कार्रवाई में लेस्लीगंज (पांकी) के एसडीपीओ मनोज कुमार झा, पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन, पिपराटॉड थाना के एएसआई रामचंद्र सिंह और ओम प्रकाश बैठा, आरक्षी उमेश दास, आईआरबी-10 की डी कम्पनी तथा पांकी थाना के अन्य पुलिस जवान शामिल थे. यह कार्रवाई पलामू पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, जिससे जिले में सक्रिय नशा तस्करी के नेटवर्क को गहरी चोट पहुंची है.

### अवैध बिजली उपयोग पर हुई छापेमारी, पांच ग्रामीणों पर मामला दर्ज

**बुढ़मू।** बुढ़मू-कांके बिजली सबस्टेशन के अभियंता पंकज कुमार ने ठाकुरगांव थाना में अवैध बिजली उपयोग के मामले में पांच ग्रामीणों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है. जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग की टीम ने हाल ही में क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया, जिसके दौरान उरूगुट्टू गांव के मतीउर रहमान, अब्दुल रौफ, अफरोज अंसारी, आरिफ अंसारी और जावेद आलम को बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपयोग करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया. बिजली विभाग के अनुसार, ये सभी लोग घरेलू और व्यावसायिक कार्यों के लिए सीधे बिजली की चोरी कर रहे थे. पकड़े जाने पर इनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज करते हुए इन पर जुर्माना भी लगाया गया है. अभियंता पंकज कुमार ने बताया किबिजली चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और सख्त कार्रवाई की जा रही है.

### मिराई फर्टिलिटी एंड आईवीएफ सेंटर में विश्व आईवीएफ दिवस का आयोजन

## आधुनिक तकनीकी उपकरणों से बेहतरीन सेवाएं देने में सक्षम है सेंटर

शुभम संदेश। रांची



मिराई फर्टिलिटी एंड आईवीएफ सेंटर में शुक्रवार को विश्व आईवीएफ दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया. मिराई फर्टिलिटी एंड आईवीएफ सेंटर गर्भावस्था संबंधित सेवाओं के लिए अपनी श्रेष्ठता के लिए जाना जाता है. दो सालों में मिराई आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर ने रांची एवं झारखंड के बहुत सारे लोगों को माता-पिता बनने का सुख प्रदान किया है. इनमें से कुछ पेसेंट ऐसे थे, जो काफी निराश होने के बाद मिराई आईवीएफ सेंटर आए थे. उनमें एक ऐसे पेसेंट भी थे, जिनकी उम्र 40 वर्ष थी और उनका एएमएच कम था और उनके एग (अंडाणु) की क्वालिटी एवं संख्या भी बहुत कम थी. सभी जगहों पर उन्हें डोनर लेने की सलाह दी गई थी, परंतु मिराई आईवीएफ ने उन्हें अपने एग (अंडाणु) के साथ ही खुशी प्रदान की और उन्हें माता-पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ.

ज्ञातव्य है कि मिराई आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर किसी भी प्रजनन समस्या के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों द्वारा बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है और यहां विशेषज्ञों की टीम ने संस्थान के इस सफर में काफी सहयोग प्रदान किया है. आईवीएफ दिवस को सफल बनाने में हमारे कुछ पुराने पेसेंट भी शामिल हुए. उन्होंने बताया कि उनका प्रेग्नेंसी का सफर बहुत ही अच्छा रहा. दो सालों में मिराई आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर ने बहुत सारे दंपत्तियों को खुशियां प्रदान कीं और उनके घरों को खुशियों से भर दिया. आईवीएफ दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को संस्थान के प्रबंधक ने धन्यवाद दिया, क्योंकि लोग इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बने और इसे सफल बनाने में सहयोग किया.

## किरीगड़ा आंगनबाड़ी केंद्र में ग्रामीणों ने ताला जड़ दिया

शुभम संदेश। पिपरवार



कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू पंचायत के किरीगड़ा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका एवं सेविका की लगातार अनुपस्थिति से नाराज स्थानीय ग्रामीणों ने उप मुखिया सुकुल महतो के नेतृत्व में केंद्र में ताला लगा दिया है. ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र में दोनों कर्मचारियों के नहीं रहने से बच्चे आपस में मारपीट करते हैं. बीते गुरुवार को भी सेविका एवं सहायिका के अभाव में बच्चों के बीच मारपीट हुई, जिसमें ओमप्रकाश महतो के पुत्र अंशु कुमार के सिर में चोट लग गई और वह घायल हो गया. इस घटना की जानकारी पाकर कई महिला-पुरुष ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र खुले होने के बावजूद सेविका एवं सहायिका गायब रहती हैं, जिससे बच्चों की देखभाल में समस्या हो रही है. उन्होंने विभाग से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि जब तक उचित कदम नहीं उठाए जाएंगे, तब तक ताला खुलवाया नहीं जाएगा. घटना स्थल पर बुंडू पंचायत के उप मुखिया सुकुल महतो, नारायण महतो, संतोष महतो, प्रकाश महतो, भुवनेश्वर महतो, फुलेश्वर महतो, रामकृष्ण महतो सहित नमिता देवी, प्रियंका देवी, सुषमा देवी, खुशबू देवी, बिलासो देवी, चुनमुन देवी और कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे. आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका एवं सहायिका से संपर्क नहीं हो सका है, इसलिए उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है. ग्रामीण विभाग से शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहे हैं.

### गुंजन सिंह ने राज्यपाल को महिला सुरक्षा पर ज्ञापन सौंपा

**पिपरवार।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष और बचर उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर महिला सुरक्षा को लेकर एक ज्ञापन सौंपा. इस दौरान महिला कांग्रेस कमेटी की कई सदस्य भी मौजूद रहीं. गुंजन सिंह ने ज्ञापन में केंद्र सरकार का ध्यान महिला अपराधों की बढ़ती संख्या की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि देश में हर घंटे 45 महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं, जिन्हें अब चुपचाप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ज्ञापन में दिल्ली, ओडिशा, मुजफ्फरपुर और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ हुई संगीन घटनाओं का उल्लेख करते हुए महिला कांग्रेस ने सरकार से बलात्कार और उत्पीड़न के मामलों में तत्काल सख्त कार्रवाई करने, महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी तय करने और बच्चियों के लिए ठोस सुरक्षा नीति बनाने की मांग की है.

मंथन

## मंईयां सम्मान योजना में भरोसे की बुनियाद हिली

पूर्वी सिंहभूम जिले में मंईयां सम्मान योजना की राशि अचानक बंद हो जाने से उपजा आक्रोश सरकार के जनकल्याणकारी दावों पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है. जिस योजना के जरिए महिलाएं अपने बच्चों की पढ़ाई, स्कूल फीस और गृह खर्च चला रही थीं, उसका लाभ बिना पूर्व सूचना रोके जाने से हजारों परिवारों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है.महिलाओं ने जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई, जो उनके असहाय होने का संकेत भर नहीं, बल्कि उस टूटते भरोसे का भी प्रतीक है, जो किसी भी कल्याणकारी लोकतंत्र की नींव होता है. रेशमा खातून, सबीता मूर्मू, संगीत देवी जैसी महिलाओं की बातें बताती हैं कि सरकारी प्रक्रिया में न पारदर्शिता है, न संवेदनशीलता. पहले दो महीने तक राशि भेजी गई, उसके बाद वेरिफिकेशन के नाम पर लंबा इंतजार और अब अचानक प्रक्रिया बंद-यह एक सोची-समझी अनदेखी प्रतीत होती है. सरकार यदि वित्तीय या तकनीकी कारणों से योजना पर पुनर्विचार कर रही है, तो उसे लाभुकों को पहले ही जानकारी देनी चाहिए थी. लेकिन यहां न तो कोई स्पष्टीकरण मिला, न ही वैकल्पिक व्यवस्था की कोई घोषणा की गई. यह न केवल जनाकांक्षाओं की उपेक्षा है, बल्कि महिलाओं की गरिमा और आत्मनिर्भरता पर भी आघात है ।सरकार को चाहिए कि वह योजना की स्थिति को स्पष्ट करे, लंबित वेरिफिकेशन पुनः शुरू कर लाभुकों को राहत प्रदान करे. अन्यथा, यह मामला सिर्फ एक योजना का नहीं, जनविश्वास के टूटने का बन जाएगा-जिसकी भरपाई आसान नहीं होगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अब इस मामले में स्वयं हस्तक्षेप की जरूरत है.

नजरिया

## रांची से रेल कनेक्टिवटी को लेकर शुरू हुई सार्थक पहल

रांची के सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की गई मुलाकात निश्चित रूप से रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक कदम है. इस बैठक के माध्यम से उन्होंने रांची और आसपास के क्षेत्रों में रेलवे कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में गंभीरता दिखाई है, जो राजधानी रांची की अव्यवस्थित रेल सेवाओं को लेकर लंबे समय से उठ रही जन अपेक्षाओं को स्वर देने जैसा है. यह उल्लेखनीय है कि उन्होंने न केवल रांची से देश के प्रमुख महानगरों तक सीधी ट्रेन सेवाएं शुरू करने की मांग उठाई, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी शटल और पैसेंजर ट्रेनों की जरूरत को मजबूती से रखा. सिल्ली, मुरी और हजारीबाग जैसे समीपवर्ती क्षेत्रों के लिए छोटी दूरी की शटल और पैसेंजर ट्रेनें आम लोगों, खासकर दैनिक यात्रियों और विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी राहत बन सकती हैं. सिल्ली-मुरी के लिए दिन में चार फेरे वाली शटल ट्रेन का प्रस्ताव व्यवहारिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. वहीं, मेसरा और बरकाकाना होते हुए हजारीबाग को जोड़ने वाली पैसेंजर ट्रेन, दो बड़े शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्रों को आपस में जोड़ कर सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को गति दे सकती है. रेल मंत्रालय को इन सुझावों पर शीघ्र निर्णय लेते हुए राजधानी रांची को उसकी गरिमा के अनुरूप रेल सेवाएं उपलब्ध करानी चाहिए. यह न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नई दिशा देगा.

# न्याय करने के लिए जवाबदेह प्रणाली की जरूरत

प्रियंका सौरभ



**मुंबई ट्रेन धमाकों पर फैसला अभियोजन की निष्क्रियता पर बड़ा सवाल है.**

2006 के मुंबई लोकल ट्रेन धमाकों में 89 लोगों की जान गई. 19 वर्षों तक चले मुकदमे के बाद जब हाईकोर्ट ने सबूतों के अभाव में 12 अभियुक्तों को बरी कर दिया, तो यह न्याय व्यवस्था, जांच एजेंसियों और अभियोजन की निष्क्रियता पर गहरी चोट थी. कमजोर जांच, फॉरेंसिक लापरवाही, जबरन कबूलनामे और गवाहों की सुरक्षा की अनदेखी ने पूरे मामले को खोखला बना दिया. यह घटना हमें बताती है कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक, निष्पक्ष और जवाबदेह प्रणाली की जरूरत है.मुंबई में वर्ष 2006 में हुए लोकल ट्रेन धमाके देश के इतिहास की सबसे भयानक आतंकी घटनाओं में से एक थे. सात जगहों पर ट्रेनों में विस्फोट कर 189 लोगों की जान ली गई और 800 से अधिक लोग घायल हुए. यह हमला केवल मानव शरीरों पर नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र की आत्मा पर किया गया था. पूरा देश सन्न रह गया था. भय, आक्रोश और असहायता के बीच एकमात्र आशा थी– न्याय की. परंतु जब लगभग 19 वर्षों बाद हाईकोर्ट ने इस मामले के 12 आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया, तब एक बार फिर यह प्रश्न गूंजने लगा कि क्या हमारे देश में पीड़ितों को कभी न्याय मिल भी पाता है?

यह निर्णय केवल एक अदालती प्रक्रिया का परिणाम नहीं था, बल्कि यह उस व्यवस्था की पोल खोलने वाला था जिसमें जांच एजेंसियों की निष्क्रियता, अभियोजन की लापरवाही और राजनीतिक हस्तक्षेप की मिलीजुली साजिश वर्षों से न्याय को घुटनों पर लाने का कार्य कर रही है. किसी भी कोर्ट का कार्य तथ्यों, साक्ष्यों और विधिक प्रक्रिया के आधार पर निष्पक्ष निर्णय देना होता है. लेकिन जब जांच ही लचर हो, जब सबूत इतने कमजोर हों कि अदालत उन्हें स्वीकार ही न करे, तो फिर न्यायालय भी विवश हो जाता है. इस मामले में आरोपियों को सज़ा न मिल पाने का दोष न्यायालय पर मढ़ना आसान है, लेकिन वास्तव में जिम्मेदार वे अधिकारी हैं जिन्होंने इस गंभीर आतंकी हमले की जांच को हल्केपन और जल्दबाज़ी से अंजाम दिया. कई आरोपियों के कबूलनामे जबरन करवाए गए, जो कि भारतीय न्यायिक प्रक्रिया में स्वीकार्य नहीं हैं. विस्फोट स्थलों से फॉरेंसिक साक्ष्य समय पर एकत्रित नहीं किए गए. गवाहों की सुरक्षा को नज़रअंदाज़ किया गया. चार्जशीट्स में विरोधाभासी बातें सामने आईं और अभियोजन पक्ष अदालत में अपना पक्ष मजबूती से नहीं रख सका.इन सबका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो सालों से दोषियों को सज़ा दिलाने की उम्मीद में अदालतों के चक्कर काट रहे थे, उन्हें अंत में निराशा ही हाथ लगी. क्या इस देश में किसी आम आदमी की जान की कोई कीमत नहीं है? क्या पीड़ित परिवारों की आंखों के आंसू, उनकी टूटती उम्मीदें और उनके जीवन की असुरक्षा हमारी व्यवस्था को झकझोरने के लिए काफी नहीं?

न्याय केवल अदालत में फैसले देने की प्रक्रिया नहीं है, वह समाज के उस विश्वास की रीढ़ है जो शासन और प्रशासन पर टिका होता है. यदि बार-बार अपराधी बच निकलें, आतंकवादी छूट जाएं और पीड़ित सालों अदालतों की सीढ़ियां चढ़ते रहें तो वह विश्वास ताश के पत्तों की तरह ढह जाता है.मुंबई ट्रेन धमाके की जांच जिस प्रकार से की गई, वह बताता है कि हमारी जांच एजेंसियां न केवल तकनीकी रूप से कमजोर हैं, बल्कि वे राजनीतिक दबाव में काम करने के लिए अभिशप्त भी हैं. भारत में जांच का ढांचा ब्रिटिशकालीन मानसिकता पर आधारित है, जिसमें अपराधी को पकड़ने से ज़्यादा उसे ₹दिखाने₹ पर ज़ोर होता है. और जब मामला आतंकवाद से जुड़ा हो, तो कई बार बेकसूरों को पकड़ कर जनता के गुस्से को शांत करने की कोशिश की जाती है. इससे असली अपराधी कभी पकड़ा ही नहीं जाता और सारा केस अदालत में दम तोड़ देता है. इस मामले में भी कई ऐसे पहलू हैं जो चिंता पैदा करते हैं. जैसे - जांच में देरी, सबूतों का वैज्ञानिक तरीके से संग्रह न होना, अभियुक्तों

**न्याय अपने नैतिक स्वरूप से दूर होता जा रहा है. आखिर में यही कहा जा सकता है कि न्याय केवल कागजी प्रक्रिया नहीं है, वह एक जीवंत विश्वास है, जो हर नागरिक के मन में इस सोच के साथ पलता है कि उसके साथ अन्याय नहीं होगा.**

के विरुद्ध पर्याप्त तकनीकी साक्ष्य न होना, और गवाहों का मुकर जाना. इन कमियों के बावजूद यदि हम न्याय की उम्मीद करें, तो यह केवल छलावा होगा.

वास्तव में न्याय प्रणाली को समयबद्ध, वैज्ञानिक और जवाबदेह बनाने के लिए एक सम्पूर्ण सुधार की आवश्यकता है. सबसे पहले तो अभियोजन विभाग को पुलिस से अलग कर स्वतंत्र इकाई के रूप में स्थापित करना चाहिए. इससे यह सुनिश्चित होगा कि अभियोजन किसी राजनीतिक दबाव या पुलिस की एकतरफा जांच का हिस्सा नहीं बनेगा.दूसरे, गवाह सुरक्षा कानून को प्रभावी तरीके से लागू करना चाहिए. आतंकवाद जैसे मामलों में गवाहों को धमकाना बहुत आम है, जिससे वे अदालत में बयान बदल देते हैं. तीसरे, जांच एजेंसियों को तकनीकी प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरण दिए जाने चाहिए ताकि वे डिजिटल और फॉरेंसिक साक्ष्यों को प्रभावी रूप से इकट्ठा कर सकें.चौथे, फास्ट ट्रैक अदालतें बनाकर ऐसे मामलों की सुनवाई समयबद्ध तरीके से करनी चाहिए, ताकि पीड़ितों को 19 साल तक न्याय की प्रतीक्षा न करनी पड़े. और पांचवां, यदि कोई जांच एजेंसी जानबूझकर कमजोर चार्जशीट बनाती है, तो उसकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए.

जब कोई मामला अदालत में हो, तब मीडिया द्वारा किसी को दोषी या निर्दोष घोषित कर देना, न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करता है. मीडिया ट्रायल से गवाहों पर दबाव बनता है और जनता का पूर्वग्रह उभरता है. यह भी कारण है कि न्याय अपने नैतिक स्वरूप से दूर होता जा रहा है.आख़िर में यही कहा जा सकता है कि न्याय केवल कागज़ी प्रक्रिया नहीं है, वह एक जीवंत विश्वास है, जो प्रत्येक नागरिक के मन में इस सोच के साथ पलता है कि कोई उसके साथ अन्याय नहीं कर सकता. जब यह विश्वास टूटता है, तब देश की आत्मा घायल होती है. मुंबई ट्रेन धमाकों के पीड़ितों के साथ जो हुआ, वह केवल एक अदालती मामला नहीं है- वह पूरे देश के लिए एक चेतावनी है.

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं.)**

## आज का इतिहास

**1844:** प्रमुख शिक्षाविद् गुरुदास बनर्जी का जन्म.
**1876:** इंडियन एसोसिएशन की स्थापना.
**1945:** चर्चिल ने ब्रिटेन के पीएम पद से इस्तीफा दिया.
**1951:** नीदरलैंड, जर्मनी का युद्ध खत्म.
**1953:** कम्युनिस्ट क्रांतिकारी फ़िदेल कास्त्रो के नेतृत्व में क्यूबा की क्रांति की शुरुआत.
**1956:** मिस्र ने स्वेज नहर पर कब्ज़ा किया.
**1965:** मालदीव ब्रिटेन के कब्जे से स्वतंत्र हुआ.
**1997 :** श्रीलंका ने क्रिकेट एशिया कप जीता.
**2005 :** मुंबई में अभूतपूर्व बरसात से जनजीवन ठप्प, हजार से ज्यादा लोगों की मौत.
**2005 :** नासा शटल डिस्कवरी का प्रक्षेपण.
**2008 :** यूरोपीय वैज्ञानिकों ने सौरमंडल के बाहर एक और नये ग्रह की खोज की.
**2008 :** गुजरात के अहमदाबाद में 21 धमाके, 56 मारे गए और 200 से ज्यादा जख्मी.
**2012:** सीरिया में हिंसा, 200 लोगों की मौत.
**2013 :** पाकिस्तान के पराचिनार में बम विस्फोट, 57 मरे.

## छोटी शुरुआत से ही कोई बहुत बड़ा बन सकता है...

चिंतन

एक समय श्रावस्ती के एक गांव में अमरसेन नामक व्यक्ति रहता था. वह बड़ा होशियार था, उसके चार विवाहत पुत्र थे और अपना जीवन निर्वाह कर रहे थे परन्तु समय के साथ अब अमरसेन वृद्ध हो चला था! पत्नी के निधन के बाद उसने सोचा कि धन का उत्तराधिकारी किसे बनाया जाए? इसके लिए उसने चारो बेटों- बहुओं को बुलाया और एक-एक करके गेहूं के पांच दानें दिए और कहा कि मै तीर्थ पर जा रहा. चार साल बाद लौटूंगा और जो भी इन दानों की सही हिफाजत करके मुझे लौटाएगा तिजोरी की चाबियां उसे ही मिलेगी.

पहले बहू-बेटे ने सोचा बुड्ढा सठिया गया है चार साल तक कौन याद रखता है. हम बड़े हैं तो धन पर हक़ हमारा है. ऐसा सोच कर उन्होंने गेहूं के दानें फेक दिए. दूसरे ने सोचा की संभालना तो मुश्किल है. यदि हम इन्हे खा लें तो शायद उनको अच्छा लगे और लौटने के बाद कहें की तुम्हारा मंगल इसी में छुपा था और सारी संपत्ती हमारी हो जाएगी. उन्होंने वो पांच दानें खा लिए. तीसरे ने सोचा हम रोज पूजा तो करते ही हैं और अपने मंदिर में जैसे ठाकुरजी को संभालते हैं, वैसे ही ये गेहूं भी संभाल लेंगे. उनके आने के बाद लौटा देंगे. चौथे बहू-बेटे ने दानों को जमीन में बो दिया और देखते-देखते वे पौधे बड़े हो गए और कुछ गेहूं पैदा हुए. फिर उन्होंने उन्हें भी बो दिया. इस तरह हर वर्ष गेहूं बढ़ता गया. पांच दानें पांच बोरी, 25 बोरी,और 50 बोरियों में बदल गए. चार साल बाद अमरसेन वापस आया तो सबकी कहानी सुनी और जब वो चौथे बहू-बेटों के पास गया तो बेटा बोला, पिताजी, आपने जो पांच दाने दिए थे अब वे गेंहूं की 50 बोरियों में बदल चुके हैं, हमने उन्हें गोदाम में रख दिया, उनपर आप ही का हक़ है. यह देख अमरसेन ने तिजोरी की चाबियां सबसे छोटे बहू-बेटे को सौंप दी और कहा, तुम ही लोग संपत्ति के असल हक़दार हो. इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि मिली हुई जिम्मेदारी को अच्छी तरह निभाना चाहिए और मौजूद संसाधनो, चाहे वो कितने कम ही क्यों न हों, का सही उपयोग करना चाहिए. गेहूं के पांच दाने प्रतीक हैं, जो समझाते हैं कि छोटी शुरुआत करके उसे एक बड़ा रूप दिया जा सकता है.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #War2Trailer
2. सरकारी स्कूल
3. फूलन देवी
4. #KiaraAdvani
5. #HrithikRoshan
6. #JrNTR
7. Xavi
8. #IEXCrash
9. AIFF
10. शिक्षा मंत्री

# बहुरंग

## नई फिल्म: 'वॉर 2' में ऋतिक-एनटीआर का तूफानी एक्शन, ट्रेलर ने मचाया धमाका

यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का इंतजार दर्शक लंबे समय से कर रहे थे. खासकर वे जिन्होंने पहली 'वॉर' फिल्म का रोमांच बड़े पर्दे पर महसूस किया था. अब जबकि 'वॉर 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, फैंस की उत्सुकता अपने चरम पर पहुंच गई है. एक तरफ जहां यशराज बैनर तले बनी फिल्म 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है, वहीं दूसरी ओर 'वॉर 2' भी अब टिकट खिड़की पर तहलका मचाने के लिए कमर कस चुकी है. ट्रेलर ने साफ कर दिया है कि यह फिल्म न सिर्फ एक्शन से भरपूर होगी, बल्कि इसके जरिए यशराज का स्पाई यूनिवर्स और भी भव्य और दिलचस्प मोड़ लेने वाला है.


'वॉर 2' का ट्रेलर वाकई रोंगटे खड़े कर देने वाला है.

एक ओर जहां ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच की टक्कर स्क्रीन पर जबरदस्त टेंशन पैदा करती है, वहीं दूसरी ओर फिल्म में दिखाए गए एक्शन सीक्वेंस और हाई-क्वालिटी वीएफएक्स इसे विजुअल ट्रीट बना देते हैं. एक्शन प्रेमियों के लिए ये फिल्म किसी 'सोने पे सुहागा' से कम नहीं है. फिल्म के डायलॉग्स न केवल ध्यान खींचते हैं, बल्कि किरदारों की मानसिकता और संघर्ष को गहराई से उभारते हैं. ऋतिक और एनटीआर दोनों ही अपने दमदार लुक और अभिनय से एक-दूसरे पर पूरी तरह भारी पड़ते नजर आ रहे हैं.

वहीं कियारा आडवाणी अपने ग्लैमर और ऋतिक के साथ शेयर की गई रोमांटिक केमिस्ट्री के जरिए ट्रेलर को और भी खास बना देती हैं. कुल मिलाकर, 'वॉर 2' का ट्रेलर एक मेगा ब्लॉकबस्टर की पूरी झलक देता है.यशराज फिल्म्स ने अपने दर्शकों को एक बेहतरीन सिनेमाई अनुभव देने के लिए डॉल्बी लैबोरेटरीज के साथ साझेदारी की है. इस सहयोग के तहत, 'वॉर 2' डॉल्बी सिनेमा स्क्रीन पर रिलीज होने वाली भारत की पहली और इकलौती फिल्म बन गई है, जिसे दुनियाभर के कई देशों में इस टेक्नोलॉजी के साथ रिलीज किया जाएगा.

फिल्म को हिंदी और तेलुगू भाषाओं में उत्तर अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत समेत कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में डॉल्बी सिनेमा साइट्स पर लाने की योजना है. इस कदम से न सिर्फ फिल्म का विजुअल और ऑडियो अनुभव नए स्तर पर पहुंचेगा, बल्कि 'वॉर 2' को वैश्विक दर्शकों तक भव्यता के साथ पेश किया जा सकेगा.'वॉर 2' का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं, और इस बार फिल्म को लेकर उत्साह दोगुना है. वजह साफ है, इस हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर से साउथ सुपरस्टार एनटीआर अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं. यह उनकी पहली हिंदी फिल्म है और यही कारण है कि साउथ के दर्शक भी इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं. फिल्म में ऋतिक रोशन एक बार फिर मेजर कबीर धालीवाल के रूप में लौट रहे हैं, जो अपने जबरदस्त एक्शन और स्क्रीन प्रेजेंस से एक बार फिर दुश्मनों के होश उड़ाएंगे. वहीं एनटीआर का किरदार 'विक्रम' इस बार कहानी का मुख्य विलेन होगा, जो कबीर के लिए सबसे खतरनाक चुनौती बनकर उभरेगा. देशभक्ति के जज्बे से भरी यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है.







## वीर पहाड़िया को लेकर चल रही अफवाहों पर तारा ने दिया जवाब



तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया पिछले कुछ समय से अपनी डेटिंग की खबरों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं. अफवाहें हैं कि दोनों एक-दूसरे को सीरियसली डेट कर रहे हैं. हाल ही में दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया गया है, कभी डिनर डेट पर तो कभी मुंबई एयरपोर्ट पर. बीते दिन मुंबई एयरपोर्ट पर एक साथ नजर आने के बाद, दोनों ने हाल ही में एक प्राइवेट इवेंट में एक-दूसरे पर खुलेआम प्यार भी जताया, जिससे इन चर्चाओं को और हवा मिली. अब इन अफवाहों पर तारा सुतारिया ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और वीर के साथ अपने रिश्ते को लेकर स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है, जो फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गई है.

तारा सुतारिया ने पहली बार वीर पहाड़िया संग अपने रिश्ते पर प्रतिक्रिया दी. तारा ने मुस्कुराते हुए कहा, वो बहुत प्यारा है. इन खबरों को देखना और पढ़ना अच्छा लगता है. हालांकि जब उनसे वीर के साथ डेटिंग की अफवाहों की सच्चाई के बारे में सीधा सवाल किया गया, तो तारा ने न तो इसे स्वीकार किया और न ही खारिज किया. उन्होंने बस इतना कहा, माफ कीजिए, मैं इस पर कुछ नहीं कह सकती. तारा और वीर ने हाल ही में एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार की झलक दिखाई थी. दरअसल, तारा ने इंस्टाग्राम पर एपी ढिल्लों के साथ अपने गाने 'तू ही ऐ चान्न, मेरी रात ऐ तू' से जुड़ी कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की थीं. इस पोस्ट पर वीर का कमेंट सभी का ध्यान खींच लाया, उन्होंने लिखा, माई, जिस पर तारा ने जवाब दिया, ₹मेरा₹. इस प्यारी सी बातचीत ने फैंस के बीच इनके रिश्ते की चर्चाओं को और पक्का कर दिया.

बॉक्स ऑफिस रिव्यू

## बॉक्स ऑफिस पर सैयारा का जलवा



मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' ने रिलीज के साथ ही तहलका मचा दिया है. 18 जुलाई को रिलीज हुई इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म ने पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर ज़बरदस्त प्रदर्शन किया है. फिल्म को देखने के लिए कामकाजी दिनों में भी दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है और यह लगातार नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है. अब 'सैयारा' की सातवें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं.

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक 'सैयारा' ने अपनी रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को 18.75 करोड़ रुपये की कमाई की. इसके साथ ही फिल्म का घरेलू कलेक्शन 172.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. महज एक हफ्ते में यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हो चुकी है. केवल भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी 'सैयारा' का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है.

अब तक फिल्म ने दुनियाभर में करीब 220 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार कर लिया है. इस रफ्तार को देखकर फिलहाल तो यही लगता है कि 'सैयारा' का बॉक्स ऑफिस से हिलना फिलहाल मुश्किल है. फिल्म 'सैयारा' से दिग्गज अभिनेता चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे ने बॉलीवुड में अपना अभिनय डेब्यू किया है. वहीं, यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में अनीत पड्डा ने बतौर लीड एक्ट्रेस अपनी शुरुआत की है. दोनों की फ्रेश केमिस्ट्री ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें. रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. शुभांक-3-5-7

**वृष :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी. कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे. शुभांक-5-6-9

**मिथुन :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. किसी नजदीकी शुभ-चिंतक की सलाह उपयोगी सिद्घ होगी. शुभांक-2-5-7

**कर्क :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. पुराने मित्र से मिलन होगा. पुरुषार्थ का सहारा लें. शुभांक-5-6-7

**सिंह :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वविवेक से कार्य करें. शुभांक-4-6-7

**कन्या :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी. आलस्य का त्याग करें. शुभांक-6-8-9

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-6-7-8

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. आय के अच्छे योग बनेगें. संतान की उन्नति के योग हैं. शुभांक-5-6-8

**धनु :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी. विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. मान-सम्मान को ठेस लग सकती है. जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-5-6-7

**मकर :** एकाकी वृत्ति त्यागें. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा. कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभांक-5-8-9

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. मनोविनोद बढ़ेंगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. शुभांक-3-7-9

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. लाभ में आशातीत वृद्घि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं. किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं. "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. इच्छित कार्य सफल होंगें. शुभांक-1-6-9



## रुद्राक्ष की माला धारण करने के बाद इन बातों का जरूर रखें ध्यान

**भगवान शिव के प्रिय माह सावन में रुद्राक्ष धारण करने पर इससे जुड़े कुछ नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। रुद्राक्ष पहनने वाले व्यक्ति को दीर्घायु का आशीर्वाद मिलता है और उसके तेज की वृद्धि भी होती है।**

रुद्राक्ष को काफी पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि रुद्राक्ष धारण करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। ऐसे में इसे धारण करने से लेकर इसे पहनने के बाद भी कई नियमों का पालन करना जरूरी होता है। साथ ही कुछ परिस्थिति में भी रुद्राक्ष पहनने की मनाही होती है।

सनातन धर्म में रुद्राक्ष को विशेष स्थान प्राप्त है। इसे भगवान शिव के प्रतीक के तौर पर देखा जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव के आंसुओं के रुद्राक्ष का निर्माण हुआ था। मान्यता है कि रुद्राक्ष की माला धारण करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। हालांकि, रुद्राक्ष धारण करने के कई नियम भी है।

### इन्हें नहीं धारण करना चाहिए रुद्राक्ष

### गर्भवती स्त्री

ज्योतिष के अनुसार गर्भवती महिला को रुद्राक्ष धारण नहीं करना चाहिए। अगर रुद्राक्ष की माला पहले से पहन रखी है तो, गर्भवती होने के बाद इसे उतार देना चाहिए। बच्चे के जन्म बाद दोबारा रुद्राक्ष धारण कर सकते हैं।

### तामसिक भोजन करने वाले व्यक्ति

ऐसे व्यक्ति जो तामसिक भोजन, यानी शराब और मांस का सेवन करते है, उन्हें रुद्राक्ष धारण नहीं करना चाहिए। माना जाता है कि इससे रुद्राक्ष अपवित्र हो जाता है, जिससे भविष्य में अशुभ परिणाम मिलते हैं।

### सोने के दौरान

सोते समय भी रुद्राक्ष धारण नहीं करना चाहिए। यदि आप सोने के दौरान तकिए के नीचे रुद्राक्ष रखकर सोते है, तो इससे बुरे सपने नहीं आते।

### ये हैं नियम

- रुद्राक्ष धारण करने से पहले इसके मूल मंत्र का 9 बार जाप करें।
- रुद्राक्ष धारण के बाद मांस-मदिरा का सेवन नहीं करना चाहिए।
- श्मशान घाट जाने से पूर्व रुद्राक्ष को उतारकर रख देना चाहिए
- रुद्राक्ष उतारने के बाद इसे पवित्र स्थान पर ही रखना चाहिए।
- रुद्राक्ष की माला का धागा लाल अथवा पीले रंग का होना चाहिए।
- महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान रुद्राक्ष पहनने से बचना चाहिए।
- अपनी रुद्राक्ष माला को किसी अन्य व्यक्ति को नहीं देना चाहिए।



## हरियाली तीज कब है, जानें सही तिथि शुभ मुहूर्त और महत्व

**सावन में पड़ने वाली हरियाली तीज का बहुत महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु के लिए व्रत करती हैं। हरियाली तीज का व्रत रखने से कुंवारी कन्याओं को मनचाहे वर की प्राप्ति होती है। देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। तभी से यह व्रत रखा जाने लगा।**

हिंदू धर्म में हरियाली तीज पर्व का विशेष महत्व है। वहीं हरियाली तीज, जिसे सावन तीज या कुमार पक्ष की तीज के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार भगवान शिव और देवी पार्वती के विवाह का प्रतीक है। यह त्योहार हर साल सावन महीने के दौरान शुक्ल पक्ष की तीसरी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और विधिवत रूप से पूजा-पाठ करती है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन व्रत रखने से सुहागिन महिलाओं को सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हरियाली तीज का त्योहार पूरे भारत में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार प्रेम, विवाह और पर्यावरण के प्रति भक्ति का प्रतीक है। अब ऐसे में इस साल हरियाली तीज कब है।

हरियाली तीज के दिन पूजा का शुभ मुहूर्त क्या है और इस दिन व्रत रखने का महत्व क्या है।

### हरियाली तीज कब है?

हरियाली तीज 2025 में 27 जुलाई, रविवार को मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, सावन शुक्ल तृतीया तिथि 26 जुलाई को रात 10 बजकर 41 मिनट पर शुरू होगी और यह तिथि 27 जुलाई को रात 10 बजकर 41 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार, हरियाली तीज 27 जुलाई को मनाई जाएगी। इस दिन रवि योग का शुभ संयोग भी बन रहा है, जो शाम 4 बजकर 23 मिनट से शुरू होकर 28 जुलाई को सुबह 5 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। रवि योग में पूजापाठ करना और व्रत रखना बहुत ही शुभ फल देने वाला माना जाता है।

### हरियाली तीज व्रत का महत्व क्या है?

सावन माह में ही भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने तपस्या की थी और निर्जला व्रत किया था। इसके पश्चात शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन ही मां पार्वती के कठोर तप और निर्जला व्रत से प्रसन्न होकर भगवान शिव उनके सामने साक्षात प्रकट हुए थे और उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। तभी से इस सावन माह में ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति हरियाली तीज के दिन व्रत रखता है और पूजा-पाठ करता है। उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है।

## हरियाली तीज के दिन पूजा थाली में जरूर शामिल करें ये चीजें, व्रत का मिलेगा पूर्ण फल

सुपारी श्री गणेश का प्रतीक मानी जाती है और श्री गणेश भगवान शिव एवं माता पार्वती के पुत्र है। ऐसे में संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाली सुहागिनों को हरियाली तीज की पूजा में सुपारी रखनी चाहिए। हिन्दू पंचांग के अनुसार, साल में कुल 3 तीज मनाई जाती हैं। इन्हीं में से एक है हरियाली तीज जो इस साल 27 जुलाई को पड़ रही है। हरियाली तीज के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा होती है। ऐसे में पूजा की थाली तैयार करते समय कुछ चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए।

### हरियाली तीज पर पूजा थाली में रखें पान के पत्ते

पान के पत्ते में भगवान विष्णु का वास माना गया है। इसके अलावा, पान के पत्ते का मध्य भाग मां लक्ष्मी का स्थान है। वैवाहिक जीवन के सभी रीति-रिवाज भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी के सानिध्य में होते है। ऐसे में हरियाली तीज पर पूजा थाली में पान के पत्ते अवश्य शामिल करें।

### हरियाली तीज पर पूजा थाली में रखें कुमकुम

कुमकुम सुहागिन स्त्री की पहचान माना जाता है। इसके अलावा, कुमकुम वैवाहिक जीवन की संपन्नता को भी दर्शाता है। हरियाली तीज की पूजा वैवाहिक जीवन को खुशहाल बनाए रखने के लिए की जाती है। ऐसे में इसे भी पूजा थाली में अवश्य शामिल करें एवं माता पार्वती को भी चढ़ाएं।

### हरियाली तीज पर पूजा थाली में रखें अक्षत

चावल को शास्त्रों में धन आकर्षित करने वाला बताया गया है, लेकिन इसके अलावा अक्षत को सुख-समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसे में हरियाली तीज की पूजा थाली में अक्षत जरूर रखें। इससे वैवाहिक जीवन समृद्ध बनेगा और पारिवारिक क्लेश से भी छुटकारा मिल जाएगा।

### पूजा थाली में रखें पांच सुपारी

सुपारी का तीज पूजा में बहुत महत्व है। सुपारी श्री गणेश का प्रतीक मानी जाती है और श्री गणेश भगवान शिव एवं माता पार्वती के पुत्र हैं। ऐसे में संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाली सुहागिनों को हरियाली तीज की पूजा में सुपारी रखनी चाहिए। इससे संतान का भाग्य भी खुलता है।





## भगवान शिव को पाने के लिए पार्वती जी ने रखा था हरियाली तीज का व्रत

सावन के महीने का हर दिन अपने आप में महत्वपूर्ण माना जाता है। सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन हरियाली तीज का व्रत रखा जाता है। हरियाली तीज को हरतालिका तीज भी कहा जाता है। इस साल हरियाली तीज का व्रत 27 जुलाई को रखा जाने वाला है। हरियाली तीज पर्व को सुहागिन महिलाएं पूरे विधि-विधान से मनाती हैं। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है। वहीं, कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए इस दिन व्रत रखती है। हरियाली तीज के दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं। इस दिन हरे रंग का विशेष महत्व होता है। ऐसे में सुहागिन महिलाएं हरी साड़ी, हरी चूड़ियां पहनती हैं। इस दिन पूजा के साथ-साथ व्रत कथा का भी बहुत महत्व होता है। हरियाली तीज व्रत कथा के बिना अधूरा माना जाता है। आइए, जानते है कि हरियाली तीज की व्रत कथा क्या है।

### हरियाली तीज की व्रत कथा

एक बार जब भगवान शिव ने मां पार्वती को उनके पिछले जन्म की याद दिलाई, तो उन्होंने कहा, हे पार्वती! तुमने मुझे पति रूप में पाने के लिए हिमालय पर कठिन तपस्या की थी। तुमने सर्दी, गर्मी, बरसात आदि सभी ऋतुओं में अन्न-जल ग्रहण किए बिना बहुत कष्ट उठाया। आपकी तपस्या को देखकर आपके पिता पर्वतराज बहुत दुखी हुए। तब एक दिन नारद मुनि आपके घर आए और आपके पिता से कहा कि मैं भगवान श्री हरि विष्णु की आज्ञा से यहां आया हूं। विष्णु जी तुम्हारी पुत्री की तपस्या से बहुत प्रसन्न हैं और उससे विवाह करना चाहते हैं, तो आपके पिता नारद मुनि की बातें सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और नारद जी से कहा कि उन्हें विवाह का प्रस्ताव स्वीकार है। यह सुनकर नारद मुनि भगवान विष्णु के पास जाते है और उन्हें इसकी जानकारी देते हैं।

घने जंगल में चली गई थी देवी पार्वती

इसके बाद भगवान शिव, माता पार्वती से कहते है कि जब तुम्हारे पिता ने तुम्हें यह समाचार दिया, तो तुम्हें बहुत दुख हुआ। क्योंकि तुमने मुझे अपना पति मान लिया था। इसके बाद आपने अपना दर्द अपनी सखी को बताया। तब तुम्हारी सखी ने सुझाव दिया कि तुम घने जंगल में रहो। उसके बाद तुम बिना किसी को बताए वन में चली गई और मुझे प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की। जब तुम्हारे पिता को तुम्हारे अचानक गायब होने का पता चला, तो वे बहुत चिंतित हुए। वह सोचने लगे कि यदि इसी बीच भगवान विष्णु बारात लेकर आ गये तो क्या होगा।

### रेत का शिवलिंग बनाकर की तपस्या

जिसके बाद तुम्हारे पिता ने तुम्हे ढूंढते हुए धरती-पाताल एक कर दिया था। लेकिन वह तुम्हें ढूंढ नहीं सके, क्योंकि उस समय तुम एक गुफा में रेत से शिवलिंग बनाकर मेरी पूजा करने में पूरी तरह लीन थी। तब मैं तुम्हारी तपस्या से प्रसन्न हुआ और मैंने तुम्हारी मनोकामना पूर्ण करने का वचन दिया। तभी इसी बीच तुम्हारे पिता तुम्हें ढूंढते हुए गुफा के पास आ गए और तब तुमने उन्हें अपनी सारी कहानी बताई। आपने उन्हें बताया कि मैंने शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए अपना जीवन तपस्या में बिताया और अंततः यह तपस्या सफल हुई। तब आपने अपने पिता से कहा कि मैं आपके साथ तभी घर लौटूंगी, जब आप मेरा विवाह शिव से ही कराएंगे। तब पर्वतराज सहमत हुए और यह सुनिश्चित किया कि हमारा विवाह सभी रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाए।

## आपके जीवन से जुड़ा है भगवान शिव के इन प्रतीकों का रहस्य



**भगवान शिव की वेशभूषा सबसे भिन्न और निराली है। जब भी भगवान शिव के बारे में जानना हो, उनके रूप के बारे में जानना हो तो उनके कुछ खास प्रतीक चिह्न है जिनके जरिये यह पहचाना जा सकता है कि आपके आसपास भगवान शिव का वास बना हुआ। हालांकि ज्योतिष में तो इन प्रतीकों को घर पर रखने का भी खासा महत्व बताया गया है।**

भगवान शिव के ये प्रतीक आपके और हमारे जीवन से जुड़े हुए हैं और हम सभी को यह संकेत देते हैं कि भगवान की कृपा पर बनी हुई है। भगवान शिव के इन प्रतीकों का अपना अलग-अलग महत्व है और इनसे जुड़ा अपना-अपना रहस्य भी है। तो चलिए जानते हैं भोलेनाथ महादेव के इन प्रतीक चिह्नों और इनसे मिलने वाले संकेतों के बारे में।

**अर्ध चंद्र** - भगवान शिव के मस्तक पर अर्ध चंद्र स्थापित है जो समय का प्रतीक माना जाता है। हमारे जीवन से इसका संबंध यह है कि जिसने अपने चंचल मन को थोड़ा भी सीमित कर लिया उसके भीतर भगवान शिव (भगवान शिव के आगे क्यों नहीं लगता श्री) की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

**त्रिनेत्र** - भगवान शिव की तीन आंखें हैं। तीसरी आंख का अर्थ है उन चीजों का अनुभव करना जिन्हें सामान्य दृष्टि से देखा ना जा सके। हमारे जीवन से इसका संबंध यह है कि जिसने भी अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक रूप से थोड़ा भी भिन्न किया उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

**त्रिशूल** - भगवान शिव का त्रिशूल न सिर्फ शस्त्र है बल्कि मानव शरीर में मौजूद नाड़ियों का सूचक माना जाता है। इसका हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी सही ज्ञान अर्जित किया और उस ज्ञान का सांसारिक उन्नति के लिए प्रयोग किया उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

**रुद्राक्ष** - रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के आंसुओं से हुई है। रुद्राक्ष निर्माण के प्रतीक के तौर पर जाना जाता है। रुद्राक्ष (रुद्राक्ष धारण करने के नियम) का हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी अपनी कला या प्रभु भक्ति से अपने भीतर किसी नवीन शक्ति का निर्माण किया उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

**सर्प** - भगवान शिव के गले में विराजमान सर्प समय चक्र को दर्शाता है। सर्प का हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी भूत, वर्तमान और भविष्य में भी प्रभु भक्ति को चुन हर जीव की सेवा की है उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

**डमरू** - भगवान शिव का डमरू इस बात का प्रतीक माना जाता है कि अपने अवगुणों पर विजय कैसे पाई जाए। डमरू का हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी अपने अवगुणों को दूर करने का प्रयास किया हो और उसमें थोड़ा भी सफल हुआ हो तो उस व्यक्ति में भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

**बाघ की छाल** - भगवान शिव को बाघम्बर कहा जाता है क्योंकि वह मृत बाघ की छाल के आसन पर बैठते हैं जो इस बात का प्रतीक है कि अपनी शक्ति पर अहंकार न करें। बाघ की छाल का हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी अपनी अहंकार को त्याग दिया उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

**त्रिपुंड** - भगवान शिव का त्रिपुंड तिलक उनके मस्तक पर धारित 27 देवताओं और ध्यान का प्रतीक माना जाता है। त्रिपुंड का हमारे जीवन से यह संबंध है कि जिसने भी अपने भीतर 36 में से 27 गुणों को ध्यान शक्ति को जागृत किया है उसमें भगवान शिव की ऊर्जा का स्रोत उत्पन्न हो चुका है।

### दक्षिण अफ्रीका का डब्ल्यूसीएल पॉइंट्स टेबल में वर्चस्व

# ऑस्ट्रेलिया दूसरे पायदान पर, भारत सबसे फिसड्डी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**




एबी डी विलियर्स की अगुवाई वाली साउथ अफ्रीका की टीम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के 8वें मैच में इंग्लैंड को बुरी तरह रौंदा. पहले बैटिंग करते हुए इंग्लिश टीम ने साउथ अफ्रीका के सामने जीत के लिए 153 रनों का टारगेट रखा था. इस स्कोर को अफ्रीकी टीम ने कप्तान एबी डी विलियर्स के तूफानी शतक के दम पर 12.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोए हासिल कर लिया. डी विलियर्स ने 41 गेंदों पर शतक जड़ते हुए कुल 116 रनों की पारी खेली. साउथ अफ्रीका ने सीजन का लगातार तीसरा मैच जीतते हुए डब्ल्यूसीएल पॉइंट्स टेबल में अपना दबदबा बनाया हुआ है.साउथ अफ्रीका ने अपने पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को बॉलआउट में हराया. मैच टाई होने के बाद डब्ल्यूसीएल में विजेता का फैसला सुपर ओवर से नहीं बल्कि बॉल आउट से हुआ, जिसमें साउथ अफ्रीका जीता. वहीं इंग्लैंड से पहले उन्होंने गत चैंपियन भारत को पटखनी दी थी.साउथ अफ्रीका के साथ टॉप-4 में ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज की टीम है.भारत पॉइंट्स टेबल में सबसे आखिरी 6ठे पायदान पर है.

युवराज सिंह की अगुवाई वाली टीम इंडिया के अभी तक दो ही मैच हुए हैं. पाकिस्तान के खिलाफ भारत का मैच रद्द कर दिया गया था जिस वजह से दोनों टीमों को 1-1 अंक मिला, वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत को करारी हार का सामना करना पड़ा. बात साउथ अफ्रीका वर्सेस इंग्लैंड मैच की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मेजबान इंग्लैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 152 रन ही बोर्ड पर लगा सकी. 39 रनों के साथ फिल मस्टर्ड टीम के हाईएस्ट स्कोरर रहे. उनके अलावा कोई इंग्लिश बल्लेबाज 25 रन का आंकड़ा नहीं पार कर पाया.इस स्कोर का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका चैंपियंस के लिए एबी डी विलियर्स ने 41 गेंदों पर शतक ठोका. उन्होंने कुल 51 गेंदों पर 15 चौकों और 7 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 116 रनों की नाबाद पारी खेली.वहीं उनके साथ पारी का आगाज करने उतरे हाशिम अमला ने 25 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से नाबाद 29 रन बनाए.

| टीम | मैच | जीत | हार | नो रिजल्ट | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +3.439 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | +7.949 |
| पाकिस्तान | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | +0.250 |
| वेस्टइंडीज | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -1.760 |
| इंग्लैंड | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.431 |
| इंडिया | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -4.855 |

## काउंटी चैंपियनशिप में भारतीयों का जलवा तिलक वर्मा ने हैम्पशायर के लिए जड़ा शतक

**एजेंसी । नई दिल्ली**




काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन में गुरुवार को भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन मिला जुला रहा. खासकर तिलक वर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक लगाया .भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने हैम्पशायर की ओर से खेलते हुए नॉटिंघमशायर के खिलाफ शानदार शतक जड़ा.

बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 112 रन बनाए. उनका यह शतक हैम्पशायर को नॉटिंघमशायर के पहली पारी के 578/8 डिक्लेयर के स्कोर की ओर ले जाने में अहम साबित हुआ. वहीं, बाएं हाथ के स्पिनर आर. साई किशोर, जो सरे की ओर से खेल रहे हैं, ने यॉर्कशायर के खिलाफ एक और विकेट हासिल कर अपनी पारी पूरी की. उन्होंने 119 रन देकर 2 विकेट झटके. खलील अहमद, जो एसेक्स की ओर से खेल ससेक्स के खिलाफ एक विकेट झटका और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई है. इस बीच, युजवेंद्र चहल का नॉर्थैम्पटनशायर की ओर से खेलते हुए मिडलसेक्स के खिलाफ मैच बेहद खराब रहा. चहल ने पहली पारी में कोई विकेट नहीं लिया और दूसरी पारी में गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) होकर पवेलियन लौट गए.

### भारत को मिलेगी 2036 ओलंपिक की मेजबानी?

# आईओए के सीईओ अय्यर ने कहा- कुछ भी कहना जल्दबाजी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) 2036 ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार मिलने को लेकर बहुत सकारात्मक है, लेकिन उसे लगता है कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि और भी देश इस दौड़ में शामिल हो रहे हैं. कतर नवीनतम देश है जिसने खुलासा किया है कि उसने 2036 खेलों की मेजबानी के अधिकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भविष्य मेजबान आयोग के साथ बातचीत प्रक्रिया शुरू कर दी है. यह मेजबान देश के चयन से पहले की लंबी प्रक्रिया का पहला कदम है.आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम यह मानना चाहेंगे कि हम बहुत सकारात्मक हैं, लेकिन फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी कि किसे मेजबानी के अधिकार मिलेंगे, क्योंकि अब भी कई देश इसमें शामिल हो रहे हैं.' भारत ने पिछले साल ओलंपिक की मेजबानी के लिए रुचि पत्र प्रस्तुत किया था और वह आईओसी के भविष्य मेजबान आयोग (एफएचसी) के साथ निरंतर संवाद प्रक्रिया में एक कदम आगे है. अगला कदम लक्षित संवाद प्रक्रिया है जिसके बाद ही एफएचसी आईओसी कांग्रेस को पसंदीदा मेजबान देश की सिफारिश करेगा.उन्होंने कहा कि 2036 ओलंपिक के लिए मेजबान देश का नाम दो साल बाद ही पता चलने की संभावना है क्योंकि आईओसी ने खुद पूरी प्रक्रिया पर 'रोक' लगाने की घोषणा की है. अय्यर ने कहा, 'हम इस समय आईओसी के साथ निरंतर बातचीत के दौर में हैं. आईओसी के लिए अभी ठहरकर सोचने का समय है क्योंकि उसे अभी नया अध्यक्ष मिला है जो आईओसी में कुछ बदलाव ला रहा है. अगले कुछ वर्षों में हमें पता चल जाएगा कि यह किस दिशा में बढ़ रहा है.'वहीं आईओए के कार्यकारी सदस्य हरपाल सिंह ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की बोली के फैसले पर कहा, 'यह प्रक्रिया चल रही है. राष्ट्रमंडल खेल प्रतिनिधि, टीम प्रबंधन और खेल प्रबंधन पहले सभी संभावित मेजबानों से बातचीत करेंगे जिसके बाद नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लास्गो में होने वाली आमसभा में मेजबान को चुना जाएगा.' कनाडा के बोली की दौड़ से हटने के बाद भारत की 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं.उन्होंने कहा, 'हमें पूरी उम्मीद है कि 2030 के खेल भारत में आयोजित होंगे.' आईओए एथलीट आयोग के उपाध्यक्ष शरत कमल ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर इंडिया प्लेज कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की जिसका उद्देश्य 10 करोड़ लोगों को किसी विशेष खेल या किसी गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है.

पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत ने कहा, 'हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि भारत एथलीट-केंद्रित कार्यक्रमों बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है. हम 'इंडिया प्लेज' नाम का एक अभियान शुरू करेंगे जिसका उद्देश्य हमारे राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को 10 करोड़ लोगों को किसी विशेष खेल या किसी गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित करना होगा.'

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम करेगी ऑस्ट्रेलिया का दौरा

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम अगस्त में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह पर्थ हॉकी स्टेडियम में 15 से 21 अगस्त तक चार मैचों की सीरीज खेलेगी. यह सीरीज भारत के लिए एशिया कप 2025 की तैयारियों का एक अहम पड़ाव मानी जा रही है. आठवीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम का सामना छठी रैंकिंग वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम से होगा. मुकाबले 15, 16, 19 और 21 अगस्त को खेले जाएंगे.हाल ही में दोनों टीमें एफआईएच प्रो लीग 2024–25 के तहत यूरोप में आमने-सामने आई थीं, जहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दोनों मैचों में 3-2 से हराया था. हालांकि, इससे पहले भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर इतिहास रच दिया था-यह ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 1972 म्यूनिख खेलों के बाद पहली जीत थी.पिछले कुछ वर्षों में भले ही मुकाबले कड़े रहे हों, लेकिन समग्र आंकड़ों में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा है. साल 2013 से अब तक दोनों टीमों के बीच 51 मुकाबले हुए हैं, जिनमें से ऑस्ट्रेलिया ने 35 मैच जीते हैं, भारत ने 9 और 7 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं.यह सीरीज 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले हीरो एशिया कप 2025 की तैयारियों के लिहाज़ से बेहद अहम मानी जा रही है. यह टूर्नामेंट एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधे क्वालिफिकेशन का मौका देगा.

### चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारी उलटफेर

# सात्विक-चिराग क्वाफा में, प्रणय बाहर

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

17 साल की उन्नति से हारीं पीवी सिंधू




उन्नति हुड्डा ने अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. अपनी प्रतिष्ठित हमवतन खिलाड़ी का केवल दूसरी बार सामना करते हुए 17 वर्षीय हुड्डा ने कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की. वह पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है.रोहतक की इस किशोरी ने 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीते थे. वह अगले दौर में जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से भिड़ेगी. सिंधू सात साल में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में किसी साथी भारतीय से हारी हैं. पिछली बार उन्हें 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में साइना नेहवाल से हार का सामना करना पड़ा था. वह 2019 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी साइना से ही हार गई थी.इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. हालांकि, एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊ तिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गए.विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की. सात्विक और चिराग को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि दोनों ही गेम में पलड़ा इधर से उधर झुकता रहा. पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-16 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया.दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही.

एक समय लियो और बगास 14-10 की बढ़त बनाए हुए थे. लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया और आखिरी क्षणों में भी संयम बनाए रखते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की. चिराग ने मैच के बाद कहा, 'यह काफी उतार चढ़ाव वाला मैच था और कोई भी टीम किसी भी समय बड़ी बढ़त हासिल नहीं कर पाई. पहले गेम के आखिर में हम लगातार तीन-चार अंक बनाने में सफल रहे. दूसरे गेम के शुरू में हम थोड़ा अधिक धैर्य के साथ खेल सकते थे लेकिन उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया. मुझे खुशी है कि हम आखिर में मैच जीतने में सफल रहे.'

### इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने गिल को चेताया, कहा

## तीसरा दिन निर्णायक, दिखानी होगी विराट की मानसिकता

**एजेंसी । नई दिल्ली**



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने मैनचेस्टर टेस्ट के तीसरे दिन को निर्णायक बताया है. उन्होंने कहा कि इस टेस्ट के तीसरे दिन ही सीरीज का फैसला हो जाएगा. उन्होंने कहा कि भारत को विराट कोहली की मानसिकता दिखाने की जरूरत है. उन्होंने गिल ऐंड कंपनी को शुक्रवार को विराट मानसिकता के साथ उतरने को कहा है. पांच टेस्ट मैच की सीरीज में इंग्लैंड पहले ही 2-1 से आगे है. वॉन ने क्रिकबज पर बताया कि मैनचेस्टर टेस्ट का तीसरा दिन निर्णायक होने जा रहा है. दिन के खेल से ही तय हो जाएगा कि सीरीज पर किसका कब्जा होगा.इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'तीसरे दिन सीरीज का फैसला हो जाएगा. अगर इंग्लैंड के लिए दिन बढ़िया रहा तो वे इस टेस्ट मैच को जीतने जा रहे हैं और सीरीज का भी फैसला हो जाएगा.'वॉन ने भारत को विराट कोहली वाली मानसिकता के साथ उतरने की सलाह देते हुए कहा, 'भारत और शुभमन को तीसरे दिन विराट मानसिकता के साथ उतरने की जरूरत होगी. अगर वे कल जीतते हैं तो गेम जीवंत रहेगा. अगर वे हारे तो सीरीज भी गया.'वॉन ने विराट मानसिकता की जरूरत बताकर भारतीय टीम को एक तरह से चेतावनी दी है कि अगर कोहली की तरह कभी हार न मानने वाली जिद के साथ नहीं उतरे तो सीरीज भूल जाइए. भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भी वॉन के आकलन से सहमति जताई.

# ऋषभ को दर्द सहने की क्षमता जबरदस्त: ठाकुर

**एजेंसी । मैनचेस्टर**



भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की अद्भुत दर्द सहने की क्षमता और बेमिसाल जज़्बे की जमकर तारीफ की. पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले जा रहे चौथे टेस्ट के दूसरे दिन चोट के बावजूद बल्लेबाजी कर सभी का दिल जीत लिया.दरअसल, मैच के पहले दिन पंत को क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलते समय पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया और स्कैन के लिए अस्पताल भेजा गया.

लेकिन दूसरे दिन, जब पहले सत्र में शार्दुल ठाकुर का विकेट गिरा,तो ऋषभ पंत ने तमाम दर्द को नजरअंदाज करते हुए बल्लेबाजी के लिए मैदान पर वापसी की. ड्रेसिंग रूम का माहौल उस वक्त बेहद भावुक था. दिन के खेल के बाद शार्दुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंत की हिम्मत और जुझारूपन की तारीफ करते हुए कहा,हम सब यह देखने के लिए उत्साहित थे कि वह अपनी पारी को कैसे आगे बढ़ाएंगे. जो जज़्बा उन्होंने आज दिखाया वह अद्वितीय है.

पहले भी हमने ऐसे कई मौके देखे हैं जब खिलाड़ी चोटिल होने के बावजूद मैदान पर डटे रहे. जैसे दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रेम स्मिथ का वह पल, जब उन्होंने फ्रैक्चर हाथ के साथ बल्लेबाजी की थी. इन क्षणों में खिलाड़ी की हिम्मत ही सबसे ज्यादा मायने रखती है.शार्दुल ने आगे कहा कि पंत की सकारात्मकता और जज़्बा उन्हें दर्द से दूर रखता है.उन्होंने कहा,उनकी दर्द सहने की क्षमता बहुत ही ज़्यादा है. अगर वो वाकई दर्द महसूस कर रहे हैं, तो समझिए चोट गंभीर है.

लेकिन वो उसे अपने प्रदर्शन पर हावी नहीं होने देते.पंत जब बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरे, उस वक्त वह 37 रन पर नाबाद थे. दर्शकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया.

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लगातार उनके पैर को निशाना बनाया, लेकिन पंत डटे रहे और एक शानदार छक्का और चौके की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया. अंततः जोफ्रा आर्चर की गेंद पर वह बोल्ड होकर 54 रन पर आउट हुए.

इस पारी के दौरान पंत ने टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में वीरेंद्र सहवाग की बराबरी भी की. दोनों के नाम अब 90-90 छक्के दर्ज हैं.भारत ने अपनी पहली पारी में 358 रन बनाए, जिसमें बेन स्टोक्स ने पांच विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया. जवाब में इंग्लैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक 225/2 रन बना लिए हैं और अब भी भारत से 133 रन पीछे है. क्रीज पर जो रूट 11* और ओली पोप 20* रन बनाकर मौजूद हैं.

### बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियन

## तन्वी-वेन्नाला अंतिम आठ में, वैष्णवी ने रचा इतिहास

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने इंडोनेशिया के सोलो में बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि भार्गव राम और विश्व तेज की जोड़ी अंतिम चार में पहुंच गईं. दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने राउंड ऑफ 32 में चीन की शि सी चेन को 21-19, 21-14 से हराया और इसके बाद थाईलैंड की फन्नाचेट पासा-ओर्न को 21-14, 21-15 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई.लगातार दूसरे दिन वेन्नाला ने लगातार दो दौर के मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. पुरुष युगल में राम और तेज ने जापान के हारु मसुदा और शोगो मियाशिता को 21-15, 21-15 से हराया. पुरुष एकल में रौनक चौहान ने थाईलैंड के उत्चन रुएसप को 25-23, 21-18 से हराया जबकि अंश नेगी ने वियतनाम के ले मिन्ह सोन को 21-14, 21-16 से शिकस्त दी. दोनों भारतीय खिलाड़ी अंतिम 16 में पहुंच गए.वैष्णवी अडकर विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी बनीं.

उन्होंने गुरुवार को बर्लिन में एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि तीरंदाजों ने दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कंपाउंड पुरुष और मिश्रित टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक दौर में प्रवेश किया. कई ट्रैक एवं फील्ड एथलीट भी फाइनल में पहुंच गए.वैष्णवी को सेमीफाइनल में स्लोवाकिया की एस्टर मेरी के खिलाफ 6-2, 4-6, 4-6 से हार के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा. विश्व विश्वविद्यालय खेलों के मौजूदा सत्र में यह देश का अब तक का दूसरा पदक है.

**शतरंज**

### फिडे महिला विश्वकप का फाइनल पहली बार दो भारतीयों के बीच होगा

# खिताबी मुकाबला में दो भारतीय हम्पी-दिव्या आमने-सामने

**एजेंसी । नयी दिल्ली**





ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने गुरुवार को फिडे महिला विश्व कप सेमीफाइनल में चीन की टिंगजी लेई को टाईब्रेकर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हरा दिया और अब फाइनल उनका सामना हमवतन भारतीय दिव्या देशमुख से होगा. शनिवार से होने वाले फाइनल में जगह बनाने वाली हम्पी और दिव्या दोनों ने अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है.

सामान्य समय नियंत्रण में पहली दो बाजी ड्रॉ होने के बाद हम्पी को टाईब्रेकर में 1-1 से ड्रॉ के साथ संतोष करना पड़ा जिसमें दोनों खिलाड़ियों के लिए 15-15 मिनट की दो बाजी अतिरिक्त समय के साथ थी. अगली दो टाईब्रेक बाजी 10-10 मिनट की थी. लेई ने पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन हम्पी ने मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद दूसरी बाजी जीतकर मुकाबला फिर बराबर कर दिया.टाईब्रेक बाजी के तीसरे सेट में हम्पी ने पहली बाजी में सफेद मोहरों से शुरुआत की और खेल के सभी विभागों में लेई को परास्त करते हुए इसे जीत लिया. पहली बाजी जीतने के बाद फाइनल में पहुंचने के लिए हम्पी को बस एक ड्रॉ की जरूरत थी और उन्होंने जीत हासिल करके खिताबी मुकाबले में जगह बनाई. यह पहली बार है जब किसी चेस वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत बनाम भारत मुकाबला होगा.

**दिव्या पहली बार खेल रहीं वर्ल्ड कप :** इससे पहले अंतरराष्ट्रीय मास्टर 19 साल की दिव्या देशमुख ने फिडे महिला विश्व शतरंज कप के सेमीफाइनल के दूसरे गेम में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की झोंगयी टैन को हरा दिया था और मिनी मैच 1.5-0.5 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया था. इस प्रक्रिया में दिव्या कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली पहली भारतीय बन गईं थीं. महिला कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट अगले साल होना है और उस टूर्नामेंट से मौजूदा महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा. दिलचस्प बात यह है कि दिव्या पहली बार विश्व कप में हिस्सा ले रही हैं. चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोनर झू और तत्कालीन हमवतन ग्रैंडमास्टर डी हरिका को क्वार्टर फाइनल में हराने के बाद दिव्या ने इस प्रतियोगिता में अपना दबदबा बरकरार रखा और टैन के खिलाफ 101 चाल में जीत उनके बढ़ते शतरंज कौशल का प्रमाण था.

## आर्सेनल ने क्रिस्थियन मोस्क्वेरा के साथ किया करार




**एजेंसी। लंदन**

प्रीमियर लीग क्लब आर्सेनल ने गुरुवार को स्पेनिश क्लब वेलेंसिया के डिफेंडर क्रिस्थियन मोस्क्वेरा के साथ करार की घोषणा की. स्पेन की अंडर-21 टीम के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को लगभग 13 मिलियन पाउंड (प्रदर्शन आधारित ऐड-ऑन सहित) की शुरुआती फीस पर साइन किया गया है.

उन्होंने पांच साल का अनुबंध किया है, जिसमें एक साल का अतिरिक्त विकल्प शामिल है. इस डील के साथ आर्सेनल का इस समर ट्रांसफर विंडो में खर्च लगभग 140 मिलियन पाउंड (करीब 189 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गया है. 21 वर्षीय मोस्क्वेरा, जो हाल ही में आर्सेनल के पांचवें साइनिंग बने हैं, टीम के प्रमुख डिफेंडरों विलियम सलीबा और गैब्रियल को कवर देंगे. हालांकि, वह डिफेंस की किसी भी पोजीशन पर खेलने में सक्षम हैं. पिछले सीजन में मोस्क्वेरा ने वेलेंसिया के लिए 41 मुकाबले खेले थे. उन्होंने अब आर्सेनल की सिंगापुर और हांगकांग की प्री-सीजन टूर के लिए टीम को जॉइन कर लिया है. गौरतलब है कि आर्सेनल प्रीमियर लीग में लगातार तीन बार उपविजेता रहा है और वह अपना 2025/26 सीजन का पहला मुकाबला 17 अगस्त को मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ खेलेगा.इस बीच, क्लब स्पोर्टिंग लिस्बन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकरेस को साइन करने की भी उम्मीद कर रहा है.

### ब्रीफ न्यूज

## राजस्व कर्मचारी 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार

**नवादा।** सिरदला प्रखंड परिसर स्थित अंचल कार्यालय में शुक्रवार को निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मचारी सह राजस्व अधिकारी रणजीत कुमार उर्फ रणजीत पासवान को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया. इस कार्रवाई से पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है. निगरानी विभाग के अनुसंधानकर्ता डीएसपी आदित्य राज ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत चौकियां के निवासी उमेश कुमार ने 10 जुलाई को निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी. उमेश कुमार का आरोप था कि राजस्व कर्मचारी रणजीत पासवान छह डिसमिल जमीन की दाखिल-खारिज के एवज में 50 हजार रुपये की मांग कर रहा था. शिकायत की जांच के बाद 24 जुलाई को निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई. इसके बाद निगरानी विभाग की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और शुक्रवार को रणजीत पासवान को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.

## बिहार चुनाव: पटना की दीवारों पर 'पोस्टर युद्ध'

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही पटना की दीवारें सियासी जंग का मैदान बन गई हैं. शहर के हर चौक, फ्लाईओवर, अंडरपास और दीवारों पर राजनीतिक दलों के पोस्टरों और डिजिटल वॉल पेंटिंग्स की भरमार है. यह पोस्टर युद्ध इतना तेज हो गया है कि "यहां पोस्टर लगाना मना है" जैसी चेतावनियों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे नगर निगम के नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है. राजद नेता तेजस्वी यादव के पोस्टरों में "इस बार सही सरकार" और "मांगे बिहार तेजस्वी सरकार" जैसे नारे लिखे हैं, जिनमें युवाओं और रोजगार को मुख्य मुद्दा बनाया गया है. वहीं, एनडीए एनडीए की ओर से लगाए गए पोस्टरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीरें हैं, जिनमें "महिलाओं की जय-जयकार, फिर से एनडीए सरकार" और "लग रहे उद्योग, मिल रहा रोजगार" जैसे नारे हैं.

### बिहार विधान परिषद में भारी हंगामा : नीतीश कुमार-राबड़ी देवी में तीखी बहस

# कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित



**शुभम संदेश। पटना**

बिहार विधान परिषद में शुक्रवार को मानसून सत्र के पांचवें और अंतिम दिन भारी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई. विपक्ष के तीव्र विरोध और काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच तीखी बहस हुई, जिससे सदन का माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया. सुबह 11 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तभी से विपक्षी दल सरकार विरोधी नारों के साथ आक्रामक रुख में नजर आए. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राबड़ी देवी के बीच इस दौरान आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला. विपक्ष के "नीतीश कुमार हाय-हाय" के नारों पर भड़कते हुए सीएम नीतीश ने विपक्षी नेताओं पर काले कपड़े पहनकर अनावश्यक नाटक करने का आरोप लगाया. उन्होंने राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए कहा, "हाय-हाय नहीं, ये सब घाय-घाय है. ऐसा सब पहले पहनते थे. सब अनाप-शनाप पहनकर आते हो. यही बोली होगी तो सब एक जैसा कपड़ा पहनकर आ रहे हैं.

इसके जवाब में राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए कहा, आप जनता के बीच जाकर जवाब दीजिए. आप तानाशाही से काम नहीं चला सकते. सदन में शोर-शराबा और हंगामा लगातार बढ़ता गया. अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह ने कई बार व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन विपक्षी सदस्य लगातार सरकार विरोधी नारेबाजी करते रहे. ऐसे में पहले कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित की गई. दोपहर 2 बजे कार्यवाही पुनः शुरू हुई, लेकिन हंगामा और अधिक उग्र हो गया. स्थिति को संभालना मुश्किल होता देख अध्यक्ष ने कार्यवाही को एक बार फिर 2:30 बजे तक स्थगित कर दिया. इसके बाद जब भी कोई सहमति बनती नहीं दिखी, तो अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया. गौरतलब है कि इस बार मानसून सत्र के पहले दिन से ही सदन का माहौल गरमाया हुआ है. चौथे दिन तो बहस गाली-गलौज और धक्का-मुक्की तक पहुंच गई थी. 'एसआईआर' और मतदाता पुनरीक्षण को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार टकराव जारी है.

नीतीश सरकार जहां इन मामलों को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दावा कर रही है, वहीं विपक्ष इन मुद्दों पर सरकार की नीयत और पारदर्शिता पर सवाल उठा रहा है. काले कपड़े पहनकर विरोध जताना और नारेबाजी विपक्ष की तरफ से सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत किया गया. इस सत्र के दौरान लोकतांत्रिक मर्यादाएं कई बार टूटती नजर आईं. ना सिर्फ बहसें तीखी रहीं, बल्कि शब्दों की मर्यादा और सदन की गरिमा भी प्रभावित होती दिखी. अब सवाल यह है कि सरकार और विपक्ष के बीच संवाद और सहमति का रास्ता कब खुलेगा, ताकि सदन की कार्यवाही सार्थक और जनहितकारी बन सके.

## सुरक्षित रेक संचालन विषय पर सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

**शुभम संदेश। भागलपुर**



भागलपुर। रेलवे सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ाने की दिशा में एक सक्रिय कदम के रूप में, मंडल रेल प्रबंधक/मालदा मनीषा कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में भागलपुर रेलवे स्टेशन पर "लोड स्थिरीकरण और सुरक्षा" विषय पर एक सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी का संचालन प्रवीण कुमार, क्षेत्र अधिकारी, भागलपुर और उत्पल शर्मा, स्टेशन निदेशक, भागलपुर द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम में स्टेशन अधीक्षक, भागलपुर; मुख्य यार्ड मास्टर, भागलपुर; यातायात निरीक्षक, भागलपुर; वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कैरिज एवं वैगन), भागलपुर; जीबीआई भागलपुर; ट्रेन प्रबंधक परामर्शदाता, और बड़ी संख्या में स्टेशन मास्टर, ट्रेन प्रबंधक, पॉइंट्समैन और अन्य कर्मचारी सदस्यों सहित प्रमुख रेल कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

संगोष्ठी का उद्देश्य सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना और लोडेड मालगाड़ियों के स्थिरीकरण और सुरक्षा से संबंधित परिचालन प्रथाओं में सुधार करना था. भार स्थिरीकरण और सुरक्षा के सही तरीकों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें तिरपाल से ढकी मालगाड़ियों के सुरक्षित संचालन पर विशेष ज़ोर दिया गया. प्रतिभागियों को परिवहन के दौरान सामान खिसकने और उसके परिणामस्वरूप पटरी से उतरने या क्षति से बचने के लिए उचित भार सुरक्षा के महत्व पर भी परामर्श दिया गया. सेमिनार के एक भाग के रूप में, यार्ड में एक व्यावहारिक ऑन-साइट सत्र आयोजित किया गया, जहाँ वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (सीएंडडब्ल्यू), किशलय कुमार ने विभिन्न प्रकार के डिब्बों और वैगनों में ब्रेक लगाने की तकनीकों और हैंड ब्रेक संचालन पर व्यावहारिक प्रदर्शन और गहन व्याख्या प्रदान की. इस क्षेत्रीय प्रदर्शन ने प्रशिक्षण में पर्याप्त व्यावहारिक मूल्य जोड़ा और सुरक्षा-महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के बारे में कर्मचारियों की समझ को बढ़ाया.

### तेजप्रताप के बदल रहे सियासी रुख से सियासी भूचाल

# पार्टी और परिवार से बढ़ाई दूरी

**शुभम संदेश। पटना**



राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और हसनपुर से विधायक तेजप्रताप यादव के ताज़ा कदमों ने एक बार फिर बिहार की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है. लंबे समय से पार्टी लाइन से अलग चल रहे तेजप्रताप अब धीरे-धीरे पार्टी और परिवार से आधिकारिक रूप से दूरी बनाते नजर आ रहे हैं. तेजप्रताप यादव ने पहले अपनी गाड़ी से राजद का झंडा हटा दिया और नई राजनीतिक पार्टी 'टीम तेजप्रताप यादव' का गठन किया. अब उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर एक और बड़ा कदम उठाते हुए राजद के आधिकारिक हैंडल, अपनी बहन राज्यसभा सांसद मीसा भारती, बहन राज लक्ष्मी यादव, हेमा यादव सहित परिवार के कई सदस्यों को अनफॉलो कर दिया है. हालांकि तेजप्रताप ने अभी भी अपने पिता लालू प्रसाद यादव, मां पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और छोटे भाई तेजस्वी यादव को फॉलो कर रखा है. इसके अलावा वे केवल छह लोगों को फॉलो कर रहे हैं, जिनमें समाजवादी नेता अखिलेश यादव, अभिनेता रितेश देशमुख और 'टीम तेजप्रताप यादव' शामिल हैं. पहले यह संख्या 14 थी.

तेजप्रताप यादव के इस कदम के बाद राजनीतिक गलियारों में कयासों का दौर तेज हो गया है. विश्लेषकों का मानना है कि यह सिर्फ सोशल मीडिया गतिविधि नहीं, बल्कि पार्टी और परिवार के भीतर गहराते मतभेद का स्पष्ट संकेत है. तेजप्रताप हाल ही में एक और विवादित पोस्ट शेयर कर चुके हैं जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनके सपने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए थे और उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का न्योता दिया. इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक फोटो भी साझा किया, जिसने चर्चाओं को और हवा दे दी. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तेजप्रताप यादव खुद को एक स्वतंत्र नेता के तौर पर स्थापित करना चाहते हैं और इसके लिए वे पारिवारिक विरासत से हटकर अपनी नई राजनीतिक जमीन तैयार कर रहे हैं. तेजप्रताप के इन कदमों से यह साफ हो गया है कि राजद और यादव परिवार के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है, और आने वाले समय में यह अंदरूनी कलह पार्टी की सियासी रणनीति को गहरा झटका दे सकती है.

### न्यूज अपडेट

## भेडड़ी में जमीन विवाद में गोलीबारी, एक की मौत

**भोजपुर।** जिले के आयर थाना क्षेत्र के भेडड़ी गांव में खेत में धान की रोपनी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया, जिससे गोलीबारी हुई. इस घटना में भगवान सिंह की मौत हो गई जबकि ददन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल को तत्काल सदर अस्पताल आरा में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह विवाद कई वर्षों से जमीन को लेकर चल रहा था. आज जब एक पक्ष खेत में धान की रोपनी कर रहा था, तभी दूसरा पक्ष वहां पहुंच गया और विवाद बढ़ते-बढ़ते गोलीबारी तक पहुंच गया. मृतक भगवान सिंह और घायल ददन सिंह दोनों भेडड़ी गांव के ही निवासी हैं. शिव शंकर, जो मृतक के परिजन हैं, ने बताया कि करीब 27 बीघा जमीन को लेकर दोनों पक्षों में पुराना विवाद है.

## घायल युवती की 19 दिन बाद अस्पताल में मौत

**नालंदा।** नगरनौसा थाना क्षेत्र स्थित गोरायपुर गांव में 7 जुलाई को हुए एक आपसी विवाद में गोली लगने से 18 वर्षीय अंजलि कुमारी गंभीर रूप से ज़ख़्मी हो गई थी. इलाज के दौरान 19 दिनों तक संघर्ष के बाद अंजलि ने अपनी जान गंवा दी. इस घटना का आरोप गांव के ही एक चौकीदार के दो बेटों पर लगा है. परिजनों के अनुसार, 6 जुलाई को गांव के एक व्यक्ति का निधन हुआ था. उस समय गांव के दबंग अशोक पासवान ने लोगों को मृतक की मिट्टी यात्रा (अंतिम संस्कार) में शामिल होने से मना किया था. बावजूद इसके, अंजलि के परिवार सहित कुछ लोग दाह संस्कार में शामिल हुए.

## अनंत सिंह को हत्या के प्रयास मामले में बड़ी राहत

**पटना।** मोकामा के पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह को पटना की अदालत से बड़ी राहत मिली है. वर्ष 2023 में भदौर थाना क्षेत्र में हुई हत्या के प्रयास (आईपीसी धारा 307) के मामले में उन्हें निर्दोष करार देते हुए रिहा करने का आदेश दिया गया है. अदालत ने पाया कि घटना के समय अनंत सिंह पहले से जेल में बंद थे और उनकी संलिप्तता के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य पुलिस जांच में नहीं मिला. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल नामजद होने भर से दोष सिद्ध नहीं होता, साजिश साबित करने के लिए ठोस प्रमाण जरूरी होते हैं. इस आधार पर अनंत सिंह को इस मामले में दोषमुक्त कर उन्हें रिहा करने का निर्देश दिया गया. हालांकि, अनंत सिंह फिलहाल जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे क्योंकि वे सोनू-मोनू फायरिंग केस में अभी भी आरोपित हैं और इस मामले में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई लंबित है. इस कारण उन्हें बेऊर जेल से रिहा नहीं किया जा सकता.

## 116.7 ली नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अररिया।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल की 56वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी डी समवाय कुशमाहा की विशेष गश्ती टीम ने शुक्रवार को एक अहम कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया. यह कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 176/1 से लगभग साढ़े तीन किलोमीटर भीतर भारतीय सीमा में की गई. टीम ने तस्कर के पास से करीब 116.7 लीटर नेपाली शराब बरामद की, जो तीन बोरे में भरकर बाइक से भारत लायी जा रही थी. तस्कर नेपाल से बाइक पर शराब की तस्करी कर रहा था, जिसे पीपरा घाट के पास रोका गया. तलाशी के दौरान उसके पास से नेपाली ब्रांड की कुल 389 बोतल शराब बरामद हुईं. SSB ने तस्करी में इस्तेमाल की गई बाइक को भी जब्त कर लिया है. गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के बाद उसे जब्त शराब और बाइक के साथ अररिया आबकारी विभाग को सौंप दिया गया है, जहां उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

## बालू कारोबारी के हत्यारोपी ने किया आत्मसमर्पण

**पटना।** रानीतालाब थाना क्षेत्र के धाना गांव में हुए बालू कारोबारी रामाकांत यादव की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. आरोपी मंटू कुमार, जो आर्म्स एक्ट के एक मामले में भी फरार था, ने पुलिस की बढ़ती दबिश के बीच पटना सिविल कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है. पश्चिम पटना सिटी के एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मंटू कुमार पर रानीतालाब थाना में दो मुकदमे दर्ज हैं, कांड संख्या 277/25 के तहत वह रामाकांत यादव हत्या का अभियुक्त है और कांड संख्या 280/25 में आर्म्स एक्ट का आरोपी. जानकारी के अनुसार, 10 जुलाई की शाम रामाकांत यादव अपने घर के सामने बगीचे में टहल रहे थे, तभी दो बदमाश पैदल आकर उन पर गोली चलाते हैं. दो गोलियां रामाकांत को लगीं, एक छाती में और दूसरी बांह में. जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.

### कारोबार

## मुकेश अंबानी अमीरों की लिस्ट में फिसले 18वें स्थान पर पहुंचे

**नयी दिल्ली।** भारत और एशिया के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी की वैश्विक अमीरों की लिस्ट में रैंकिंग एक स्थान नीचे खिसक गई है. ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक, अंबानी अब $102 अरब की नेटवर्थ के साथ 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं. गुरुवार को उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में करीब दो फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जिससे उनकी संपत्ति में $1.36 अरब की कमी आई. इस गिरावट का फायदा मेक्सिको के अरबपति कारोबारी कार्लोस स्लिम को मिला, जिनकी कुल संपत्ति $103 अरब तक पहुंच गई है और वे अंबानी को पछाड़कर 17वें नंबर पर पहुंच गए हैं. दिलचस्प बात यह है कि साल 2025 में अब तक अंबानी की संपत्ति में $11.1 अरब की वृद्धि हुई है, जबकि कार्लोस स्लिम की संपत्ति में $23.3 अरब की बढ़ोतरी दर्ज की गई है.

## एलआईसी ने बदला पोर्टफोलियो: 81 कंपनियों से घटाई हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी और प्रमुख संस्थागत निवेशक भारतीय जीवन बीमा निगम ने जून तिमाही के दौरान अपने 15.5 लाख करोड़ रुपए के इक्विटी पोर्टफोलियो में अहम बदलाव किए हैं. एसीई इक्विटी के आंकड़ों के अनुसार, एलआईसी ने 81 कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी घटाई है, जबकि चार प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की डिफेंस कंपनियों में रणनीतिक रूप से निवेश बढ़ाया है. एलआईसी ने पॉपुलर लेकिन अस्थिर प्रदर्शन वाले शेयरों जैसे सुजलॉन एनर्जी, रिलायंस पावर (अनिल अंबानी समूह) और वेदांता (अनिल अग्रवाल) में हिस्सेदारी घटाई है. ये शेयर छोटे निवेशकों के बीच लोकप्रिय रहे हैं, लेकिन उनके अस्थिर प्रदर्शन को देखते हुए एलआईसी ने सतर्क रुख अपनाया है. फिलहाल एलआईसी के पोर्टफोलियो में 277 शेयर शामिल हैं.

### भारत-यूके ट्रेड डील : लग्जरी कार कंपनियों को नुकसान

# ग्राहक रद्द करने लगे कारों की बुकिंग

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारत और ब्रिटेन के बीच मई में हुए ट्रेड डील के ऐलान ने लग्जरी कार बाजार में हलचल मचा दी है. इस समझौते के तहत भारत में ब्रिटेन से आयातित कारों पर लगने वाले टैक्स को मौजूदा 75-125% से घटाकर 10% करने की योजना है. हालांकि यह राहत धीरे-धीरे एक साल के भीतर लागू होगी, लेकिन घोषणा के बाद से ही अमीर ग्राहक अपनी महंगी कारों की खरीदारी रोक रहे हैं या बुकिंग रद्द कर रहे हैं. इस वजह से भारत में ब्रिटेन की लग्जरी कार कंपनियों जैसे लैंड रोवर, जगुआर, रोल्स रॉयस, बेंटले, एस्टन मार्टिन और लोटस को नुकसान झेलना पड़ रहा है.

ब्रिटेन में बनी ये कारें भारतीय बाजार में महंगी होने के कारण ग्राहकों के लिए खास हैं. जगुआर और लैंडरोवर जैसे ब्रांड्स टाटा मोटर्स के अधीन हैं, जो इस ट्रेड डील के प्रभाव को लेकर चिंतित हैं. फिलहाल इन कारों पर भारी इंपोर्ट ड्यूटी लगती है, जिसके कारण भारत में इनकी कीमत ब्रिटेन की तुलना में लगभग तीन गुना ज्यादा होती है. इसके अलावा स्थानीय टैक्स और रजिस्ट्रेशन चार्ज भी कीमत बढ़ाते हैं. इस ट्रेड डील की घोषणा के तुरंत बाद कई अमीर ग्राहकों ने कार खरीदने की योजना स्थगित कर दी और कुछ ने अपनी बुकिंग भी रद्द कर दी. वे टैक्स कटौती के बाद कार खरीदना चाहते हैं ताकि उन्हें सस्ता पड़े. एक बड़े डीलर ने कहा, यह स्थिति हमारे लिए बहुत निराशाजनक है. ग्राहकों की बुकिंग रुकने से हम नुकसान में हैं, जबकि हमने कार कंपनियों को पहले ही ऑर्डर दे दिए हैं. इससे बाजार की छवि भी प्रभावित हो रही है. डीलर ने यह भी बताया कि लग्जरी कार कंपनियां अपनी कारों की वैल्यू बनाए रखने के लिए उत्पादन सीमित रखती हैं. इसके कारण अब वे अधिक गाड़ियां दूसरे देशों को निर्यात कर रही हैं. इस स्थिति में डीलरों को यह भी स्पष्ट नहीं है कि टैक्स कटौती कब और कैसे लागू होगी. वे नहीं जानते कि यह कटौती एक बार में होगी या धीरे-धीरे.

कार खरीदारों का उत्साह समझ में आता है क्योंकि फिलहाल टैक्स के चलते भारत में लग्जरी कारें ब्रिटेन के मुकाबले बहुत महंगी हैं. मई में ट्रेड डील की घोषणा के बाद ही कई ग्राहकों ने बुकिंग रद्द कर दी थी. हालांकि अब डीलर उन्हें समझा रहे हैं कि अभी भी कार खरीदना फायदेमंद हो सकता है. एक डीलर ने कहा, यह समझौता लागू होने में लगभग एक साल लगेगा. टैक्स कटौती एक साथ नहीं होगी, बल्कि साल दर साल धीरे-धीरे घटेगी और आयातित कारों की संख्या पर भी सीमाएं रहेंगी. डीलर ने यह भी बताया कि लग्जरी कारों की कीमत हर साल लगभग 5% बढ़ती है, साथ ही रुपये की कीमत पाउंड के मुकाबले गिर रही है. इसलिए, यदि ग्राहक टैक्स कटौती का इंतजार करेंगे तो कार देर से मिलने के साथ-साथ महंगी भी हो सकती है. इस तरह, भारत-यूके ट्रेड डील ने लग्जरी कार बाजार में अस्थिरता पैदा कर दी है. ग्राहकों की खरीदारी स्थगित होने से डीलर और कंपनियों दोनों को नुकसान उठाना पड़ रहा है. वहीं, समय के साथ टैक्स कटौती लागू होने पर बाजार में स्थिरता आने की उम्मीद है, लेकिन फिलहाल ग्राहकों और डीलरों के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है.

### शेयर बाजार | हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में भारी गिरावट

# बजाज फाइनेंस जैसे दिग्गज शेयरों में दबाव

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई. हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी50 दोनों ही लाल निशान में खुले. प्रमुख शेयरों में बिकवाली और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी के चलते बाजार में कमजोरी बनी रही. सुबह 10:20 बजे सेंसेक्स 552 अंक यानी 0.67% टूटकर 81,632 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी50 भी 189 अंक यानी 0.76% गिरकर 24,872 अंक पर पहुंच गया. सेंसेक्स में शामिल अधिकांश दिग्गज शेयरों में कमजोरी देखी गई. बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व सबसे ज्यादा दबाव में रहे. बजाज फाइनेंस का स्टॉक 5.6% गिरा, जबकि बजाज फिनसर्व 4.4% फिसल गया. बजाज फाइनेंस की एसेट क्वालिटी में गिरावट की वजह से निवेशकों की चिंता बढ़ी है. कंपनी का ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स एक साल पहले के 0.86% से बढ़कर 1.03% और नेट एनपीए 0.38% से बढ़कर 0.50% हो गया है. इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचयूएल, टाटा स्टील और मारुति जैसे प्रमुख शेयरों में भी गिरावट देखी गई. इससे बाजार पर दबाव और गहराया. गिरते बाजार के बीच कुछ सेक्टर्स में मजबूती भी देखने को मिली. खासकर टेक्सटाइल, ऑटो, चमड़ा और जूते बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में खरीदारी दिखी. इसकी वजह ब्रिटेन और भारत के बीच हुआ नया व्यापार समझौता है. इस समझौते के तहत इन सेक्टर्स के उत्पाद अब ब्रिटेन में टैक्स फ्री भेजे जा सकेंगे, जिससे इन कंपनियों के मुनाफे में संभावित बढ़ोतरी की उम्मीद है. एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक और एटरनल जैसे शेयरों में भी हल्की बढ़त दर्ज की गई, जिससे बाजार में कुछ हद तक संतुलन बना रहा. जानकारों के अनुसार, फिलहाल बाजार पर नकारात्मक दबाव हावी है. जियोजित के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट डॉ. वीके विजयकुमार के मुताबिक, ब्रिटेन के साथ हुआ यह व्यापार समझौता भारत के लिए किसी विकसित देश के साथ पहला बड़ा करार है, जो दीर्घकाल में सकारात्मक असर डाल सकता है. हालांकि, फिलहाल अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे बाजार में निर्णायक दिशा नहीं बन पा रही है. उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने करीब 11,572 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं. इससे व्यापक बाजार में कमजोरी आई है, खासकर छोटे और मिडकैप शेयरों में, जिनका मूल्यांकन पहले से ही काफी ऊंचा था.

## इपीएफओ ने बदले नियम, अब बीमा लाभ पाने की शर्तें हुईं आसान

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) ने कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा (इडली) योजना के नियमों में बड़े बदलाव किए हैं, जिससे लाखों कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत मिलेगी. अब इस योजना का लाभ लेने के लिए पहले जैसी कड़ी शर्तें नहीं रहेंगी. खासकर उन परिवारों को इसका सीधा फायदा होगा जिनके कमाने वाले सदस्य की नौकरी के दौरान मृत्यु हो जाती है. केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार, यदि किसी कर्मचारी की नौकरी के दौरान मृत्यु होती है, तो उसके नॉमिनी को कम से कम 50,000 का बीमा लाभ अवश्य मिलेगा, चाहे उसके पीएफ खाते में इतनी राशि जमा न हो. पहले इस लाभ के लिए खाते में 50,000 जमा होना अनिवार्य था, लेकिन अब यह शर्त हटा दी गई है.

### न्यूज अपडेट

## निसान मैग्नाइट को मिली 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग

**नयी दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की मेड इन इंडिया कॉम्पैक्ट एसयूवी नई निसान मैग्नाइट को ग्लोबल न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) की ओर से पैसेंजर सेफ्टी के लिए 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग प्रदान की गई है. यह रेटिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए क्रैश टेस्ट के आधार पर दी गई, जिसमें वयस्कों की सुरक्षा के लिए इसे परफेक्ट स्कोर मिला, जबकि बच्चों की सुरक्षा के लिए 3-स्टार रेटिंग प्रदान की गई. निसान मैग्नाइट को चेन्नई स्थित प्लांट में तैयार किया गया है और यह कंपनी की 'वन कार, वन वर्ल्ड' रणनीति के तहत 65 से अधिक देशों में निर्यात की जा रही है. वर्तमान में यह भारत और दक्षिण अफ्रीका जैसे बाजारों में बिक्री के लिए उपलब्ध है. मैग्नाइट को फ्रंटल व साइड इंपैक्ट प्रोटेक्शन, ईएससी टेस्टिंग, साइड पोल इंपैक्ट और पैदल यात्री सुरक्षा जैसे कठिन परीक्षणों से गुजरना पड़ा. इसमें 40 से अधिक स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें 6 एयरबैग, एबीएस + ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम, ब्रेक असिस्ट, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम शामिल हैं.

## पावरफुल कैमरे से लैस है रियलमी का 15 सीरीज

**नयी दिल्ली।** भारतीय युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने अपनी नवीनतम रियलमी 15 सीरीज़ लॉन्च की, जिसमें दो मॉडल – रियलमी 15 प्रो 5जी और रियलमी 15 5जी शामिल हैं. यह सीरीज़ खास तौर पर युवाओं के लिए डिज़ाइन की गई है, जो न केवल शानदार परफॉरमेंस देती है, बल्कि इसमें उद्योग की पहली एआई एडिट जेनी टेक्नोलॉजी और एक विशेष एआई पार्टी मोड भी शामिल है. रियलमी 15 सीरीज़ को 'एआई पार्टी फोन' के रूप में पेश किया गया है, जिसमें 50एमपी का ट्रिपल कैमरा सेटअप और सेगमेंट का सबसे बेहतरीन 4के 60एफपीएस वीडियो रिकॉर्डिंग सपोर्ट दिया गया है. रियलमी 15 प्रो 5जी में फ्लैगशिप सोनी आईएमएक्स896 ओआईएस सेंसर के साथ 50एमपी का मुख्य कैमरा है, जो 1/1.56" के बड़े सेंसर और 24एमएम फोकल लेंथ के साथ बेजोड़ क्लैरिटी, ब्राइटनेस और रंग प्रदान करता है. इसमें 50एमपी का अल्ट्रा-वाइड एंगल और फ्रंट कैमरा भी है, जिससे शानदार ग्रुप फ़ोटो और सेल्फी ली जा सकती हैं. .

## चीनी कंपनियों के साथ सहयोग को मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों को चीनी कंपनियों के साथ सहयोग की अनुमति देने को लेकर लचीला रुख अपना रही है. एक सरकारी सूत्र ने शुक्रवार को बताया कि वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में चीन की मजबूत उपस्थिति को देखते हुए पूर्णतः नजरअंदाज करना संभव नहीं है. सूत्र ने कहा, भारत और चीन के रिश्तों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं. पर्यटक वीज़ा की सुविधा फिर से शुरू की गई है. इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा चीन में होता है, इसलिए सहयोग की कुछ न कुछ आवश्यकता रहेगी. यह टिप्पणी उस समय आई जब डिक्सन टेक्नोलॉजीज को चीनी कंपनी लॉन्गचीयर के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए भारत सरकार से अनुमति मिली है. यह साझेदारी देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है. डिक्सन टेक्नोलॉजीज कई अन्य चीनी कंपनियों के साथ भी साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ रही है.

## इंटेल 2025 तक 25,000 कर्मचारियों की करेगी छंटनी

**नयी दिल्ली।** दिग्गज चिप निर्माता कंपनी इंटेल ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अपने वैश्विक कर्मचारियों की संख्या में भारी कटौती करने जा रही है. कंपनी ने बताया कि 2025 के अंत तक वह कर्मचारियों की संख्या को 108,900 से घटाकर लगभग 75,000 करने की योजना बना रही है. इसका मतलब है कि 25,000 से अधिक नौकरियां खत्म की जाएंगी. इंटेल ने कहा कि यह कदम लागत में कटौती और कंपनी को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के प्रयासों के तहत उठाया जा रहा है. कंपनी पहले ही अप्रैल 2025 में लागत कटौती की दिशा में अपने इरादे जाहिर कर चुकी थी और तब से अब तक वह 15 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर चुकी है.



**कुशीनगर।** वियतनाम से आए 119 सदस्यीय दल ने कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर में विशेष पूजा कर विश्व शांति की कामना की. शुक्रवार को का यह कुशीनगर से वैशाली के लिए रवाना हो गया. दल ने बुद्ध की शयनमुद्रा वाली प्रतिमा पर पूजा पश्चात संपूर्ण मानवता, वियतनाम व विश्व की खुशहाली के लिए तीन अलग-अलग चीवर अर्पित किए. इसके पूर्व पर्यटक दल ने सुबह

## विश्व शांति की कामना कर वैशाली रवाना हुआ वियतनामी दल

बुद्ध के शवदाह स्थल मुक्तबंधन चैत्य पर भी विशेष पूजा की. वियतनाम से आए 119 सदस्यीय दल के सदस्यों को महापरिनिर्वाण मंदिर में भंते अशोक ने पूजा सम्पन्न कराई. बौद्ध सर्किट के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा पर आया दल एक दिन पूर्व कुशीनगर आया था. ऑफ सीजन में पर्यटकों के कुशीनगर आने से चहल-पहल बढ़ गई. पर्यटन से जुड़े लोग इसे एक अक्टूबर से शुरू हो रहे पर्यटन सीजन के लिए अच्छा संकेत मान रहे हैं. बिरला धर्मशाला के प्रबंधक वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि भावी पर्यटन सीजन के लिए यह अच्छा संकेत है. आम तौर पर ग्रीष्मकाल में अपवाद स्वरूप ही पर्यटक आते हैं. वैसे तो कुशीनगर का पर्यटन सीजन एक अक्टूबर से शुरू होता है. इस ग्रीष्म काल में ऑस्ट्रेलिया, थाईलैंड और वियतनाम के पर्यटक काफी संख्या में आ रहे हैं. पर्यटन से जुड़े लोग खुश हैं.

## न्यूज अपडेट

### पश्चिम बंगाल में ढाई हजार के पार पहुंचा डेंगू संक्रमण का मामला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में डेंगू संक्रमण की रफ्तार मानसून के साथ तेज हो गई है. राज्य में अब तक डेंगू के लगभग ढाई हजार मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से हजार के करीब मामले पिछले एक महीने में दर्ज किए गए हैं. स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जून तक कुल 1,500 मामलों की तुलना में जुलाई में मामलों में तीव्र वृद्धि देखी गई है. राज्य के 16 जिलों में डेंगू का संक्रमण देखा जा रहा है, जिनमें दक्षिण बंगाल के इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं. मुर्शिदाबाद सबसे ज्यादा प्रभावित जिला है, जहां एक जनवरी से 20 जुलाई के बीच 367 मामले सामने आए हैं. इसके बाद उत्तर 24 परगना (356), हुगली (265), हावड़ा (241), मालदा (233) और कोलकाता (176) का स्थान है. हावड़ा पहले शीर्ष पर था लेकिन अब चौथे स्थान पर आ गया है.

### मणिपुर में छह महीने के लिए बढ़ेगा राष्ट्रपति शासन, मिली गया मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार मणिपुर में छह महीने के लिए और राष्ट्रपति शासन बढ़ाने जा रही है. इस संबंध में राज्यसभा में सैद्धांतिक रूप से राष्ट्रपति शासन को छह महीने और बढाने को लेकर मंजूरी मिल गयी है. अब इस प्रस्ताव को राज्यसभा में चर्चा के लिए लाया जाएगा. इस संबंध में अभी कोई तारीख तय नहीं की गयी है, लेकिन जल्दी ही इसे सदन में रखे जाने की उम्मीद है. राज्यसभा के बुलेटिन के अनुसार गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में संकल्प की सूचना दी है जिसे स्वीकार कर लिया गया है. संकल्प में कहा गया है कि यह सदन राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 356 के अंतर्गत मणिपुर के संबंध में 13 फरवरी, 2025 को जारी की गयी उद्घोषणा को 13 अगस्त, 2025 से छह महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए लागू रखने का अनुमोदन करता है.

### मोदी ने इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ते हुए रचा इतिहास : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने लगातार 4078 दिन तक भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ते हुए नया रिकार्ड कायम किया है. मोदी अब स्वतंत्र भारत के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं. पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दो कार्यकालों में मिलाकर 4077 दिन तक देश का नेतृत्व किया था. उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बाबा सोमनाथ की धरती से बाबा विश्वनाथ तक की यात्रा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना किसी राजनीतिक विरासत और न किसी परिवार की बैसाखी के एक ऐसा इतिहास रचा, जो युगों-युगों में कभी विरला ही घटित होता है.

### देश को मिला पहला पूर्ण स्वदेशी ड्रोन रिमोट कंट्रोल सिस्टम 'वाचक'



**इंदौर।** भारत को रक्षा और एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई. इंदौर की डीप-टेक स्टार्टअप प्रीसव टेक्नोलॉजी ने देश का पहला 100 प्रतिशत मेड इन इंडिया ड्रोन रिमोट कंट्रोल सिस्टम 'वाचक' लॉन्च किया है, जो पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित है. अब तक देश में जो भी ड्रोन उपयोग में लिए जा रहे थे, उनमें चाहे निर्माण भारत में हुआ हो या विदेशों से आयात किए गए हों, उनके रिमोट सिस्टम में किसी न किसी रूप में विदेशी, विशेषकर चीनी कंपोनेंट्स शामिल होते थे. लेकिन 'वाचक' पहला ऐसा रिमोट कंट्रोल है, जिसमें एक भी विदेशी पुर्जे का उपयोग नहीं किया गया है. प्रीसव टेक्नोलॉजी के संस्थापक अभिषेक मिश्रा ने बताया कि यह सिर्फ एक डिवाइस नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक निर्णायक तकनीकी कदम है.

### कुवैत जा रही 47 नेपाली महिलाओं को दिल्ली हवाईअड्डे से लौटाया गया

**काठमांडू।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 47 नेपाली महिलाओं के एक समूह को उस समय रोक दिया गया, जब वो बिना उचित अनुमति के यात्रा वीजा पर कुवैत की यात्रा करने का प्रयास कर रही थीं. इन महिलाओं के पास विदेश में नौकरी के लिए नेपाली दूतावास के नाम का फर्जी अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिला, जिसके बाद उन्हें नई दिल्ली में नेपाली दूतावास के समन्वय से हिरासत में ले लिया गया. नेपाली दूतावास के उपनियोग प्रमुख डॉ. सुरेन्द्र थापा ने बताया कि सामान्य पूछताछ के बाद इन सभी महिलाओं को सड़क मार्ग से वापस नेपाल भेज दिया गया. रुपन्देही के प्रमुख जिला अधिकारी बासुदेव घिमिरे के अनुसार महिलाओं को नेपाली दूतावास से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रकाश मल्ल के नेतृत्व में गई एक टीम ने नेपाली दूतावास के अन्य कर्मचारियों के साथ सुनौली सीमा से रुपन्देही ले जाया गया.

### अमेरिकी कालेज गेम्स में लागू होंगे अब संघीय नियम

# डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी। वाशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने गुरुवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए. इसका उद्देश्य अमेरिका के सभी कालेजों के गेम्स (खेलों) में नाम, छवि और समानता से संबंधित संघीय नियम लागू करना है. राष्ट्रपति ने यह कदम इस चिंता के बाद उठाया कि अनियंत्रित खर्च और राज्यों के नाम, छवि और समानता कानूनों ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बाधित किया है. व्हाइट हाउस ने यह ब्यौरा 'हिन्दुस्थान समाचार' को भेजे आधिकारिक ई-मेल में उपलब्ध कराया है. व्हाइट हाउस के विवरण में कहा गया है कि राष्ट्रपति का यह कार्यकारी आदेश छात्रवृत्ति, महिला और गैर-राजस्व खेलों की रक्षा करेगा. यह आदेश कालेज एथलीटों को तीसरे पक्ष के भुगतान पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाता है, जबकि ब्रांडिंग के लिए विज्ञापनों की अनुमति देता है.

राष्ट्रपति का मानना है कि एथलीटों की भर्ती के लिए प्रोत्साहन भुगतान प्रतिस्पर्धा के संतुलन के लिए खतरा पैदा करते हैं. इससे छोटे खेलों के सामने संकट खड़ा हो जाता है. इस आदेश के अनुसार, 2024-25 सीजन के दौरान 125 मिलियन डॉलर या उससे अधिक राजस्व वाले एथलेटिक विभागों को महिलाओं और गैर-राजस्व खेलों में छात्रवृत्ति और रोस्टर स्थानों का विस्तार करना होगा. 50 मिलियन डॉलर से 125 मिलियन डॉलर के बीच आय वाले विभागों को यथास्थिति बनाए रखनी होगी. 50 मिलियन डॉलर से कम आय वाले विभागों को गैर-राजस्व खेलों के अवसरों में कटौती नहीं करनी होगी. राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि कालेज खेलों का देश में विशिष्ट स्थान है. यह खिलाड़ी स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी पर्याप्त सहायता प्रदान करते हैं. साथ ही कई समुदायों में पारिवारिक गतिविधियों, मनोरंजन और संस्कृति का अमिट हिस्सा बनते हैं. इन खिलाड़ियों को भी फुटबॉल खिलाड़ियों जैसा मान-सम्मान और लाभ मिलना चाहिए. 2024 में संयुक्त राज्य अमेरिका की ओलंपिक टीम ने कुल 126 पदक अर्जित किए. टीम लगातार आठवें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की समग्र पदक गणना में अग्रणी रही.

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेजोड़ सफलता के अलावा, कॉलेज के एथलीट स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बेहतर परिणाम देने की अधिक संभावना रखते हैं. सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनियों में महिला अधिकारियों का एक बड़ा हिस्सा किशोरावस्था के दौरान खेलों में शामिल रहा है. इस मामले में कालेज खेलों में हिस्सा लेने वालों में कई उद्योगपतियों और पूर्व राष्ट्रपतियों के उदाहरण दिए जा सकते हैं. यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं है कि अमेरिका की कॉलेजिएट एथलेटिक्स प्रणाली हमारे राष्ट्र की सफलता के प्रेरक नेताओं को तैयार करने में एक अभिन्न भूमिका निभाती है. ट्रंप ने कहा कि कालेज गेम्स के नियमों के खिलाफ हालिया मुकदमों की वजह से इस तरह के कार्यकारी आदेश की जरूरत महसूस की गई. यह कार्यकारी आदेश कालेज गेम्स को सुरक्षा कवच प्रदान करता है. प्रशासन सभी कालेज खेलों को संरक्षण प्रदान करेगा. 2025-2026 एथलेटिक सीजन में इसका प्रभाव देखा जा सकेगा.

## जलगांव में 60 करोड़ रुपये का केटामाइन ड्रग जब्त किया

एजेंसियां। मुंबई

महाराष्ट्र के जलगांव जिले के चालीसगांव के पास कन्नड़ घाट पर पुलिस ने बीती रात लगभग 60 करोड़ रुपये कीमत का 39 किलो केटामाइन जब्त किया है. यह ड्रग दिल्ली से बेंगलुरु एक वाहन में जा रही थी. पुलिस ने इस मामले में कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है.

इस घटना की गहन छानबीन हाइवे पुलिस के साथ जलगांव क्राइम ब्रांच पुलिस कर रही है. पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र राज्य हाइवे पुलिस के अधिकारी सचिन सावंत को दिल्ली से बेंगलुरु जा रही कार के बारे में गोपनीय जानकारी मिली थी. इसी के आधार पर सचिन सावंत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चालीसगांव तहसील में कन्नड़ घाट की तलहटी में कार संख्या डीएल 1 सीबीबी 7771 को शक के आधार पर रोका और कार की तलाशी ली. इस दौरान कार में 39 किलो केटामाइन पाया गया, जिसका इस्तेमाल मादक पदार्थ बनाने में किया जाता है. पुलिस ने ड्रग जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है. पूछताछ के दौरान कार चालक ने बताया कि यह वाहन दिल्ली से इंदौर होते हुए धुले से छत्रपति संभाजीनगर और फिर बेंगलुरु जा रहा था. पुलिस इस मामले की गहन छानबीन कर अन्य तस्करों का पता लगा रही है.

### पीएम मोदी का राष्ट्रपति मोइज्जू ने किया स्वागत



**माले।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रिटेन का दौरा पूरा कर शुक्रवार को मालदीव की दो दिवसीय यात्रा पर माले पहुंच गए हैं. प्रधानमंत्री मोदी के मालदीव पहुंचने पर राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू सहित उनकी कैबिनेट ने गर्मजोशी भरा स्वागत किया. सन ऑनलाइन के मुताबिक आज सुबह माले एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू और विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील सहित अन्य कैबिनेट सहयोगियों ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया. राष्ट्रपति मोइज्जू प्रधानमंत्री मोदी से गले मिले. प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के निमंत्रण पर मालदीव पहुंचे हैं. मालदीव के स्वतंत्रता दिवस की 60वीं वर्षगांठ पर मोदी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है.

## थाईलैंड और कंबोडिया के बीच दूसरे दिन भी घमासान, अब तक 15 की गई जान

एजेंसियां। बैंकॉक



थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक दशक से चल रहा सीमा विवाद बीते कल भीषण लड़ाई में तबदील हो गया. आज दूसरे दिन भी दोनों पक्षों ने जबरदस्त गोलाबारी की है. इस लड़ाई में कम से कम 15 लोग मारे गए हैं. थाईलैंड के उबोन रत्चथानी और सुरिन प्रांत में आज सूरज उगने से पहले ही झड़पें शुरू हो गई हैं. यूरोपीय संघ, अमेरिका और चीन ने चिंता जताते हुए दोनों देशों से बातचीत का आह्वान किया है. कंबोडिया के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने आज आपात बैठक आहूत की है. बैंकॉक पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, थाईलैंड के द्वितीय सेना क्षेत्र ने उबोन रत्चथानी और सुरिन प्रांतों में सूरज निकलने से पहले झड़पें शुरू हो गई हैं. कंबोडिया ने हमले में रूस निर्मित बीएम-21 रॉकेट प्रणालियों का इस्तेमाल किया है. थाई सैन्य अधिकारियों ने कहा कि थाईलैंड ने संघर्ष क्षेत्रों से अपने 1,00,000 लोगों को सुरक्षित निकालकर आश्रय केंद्रों में पहुंचाया है. रॉयल थाई सेना ने बयान में कहा, ?कंबोडियाई बलों ने हमले में घातक हथियारों, फील्ड आर्टिलरी और बीएम-21 रॉकेट प्रणालियों का उपयोग किया है. थाई सेनाओं ने इसका माकूल जवाब दिया है. इस बीच दोनों पक्षों ने गुरुवार को एक विवादित सीमा क्षेत्र में संघर्ष शुरू करने के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया है. दोनों देशों की विवादित सीमा पर कम से कम छह स्थानों पर युद्ध छिड़ गया है. थाईलैंड के कृषि प्रधान सुरिन प्रांत में तेज धमाके हो रहे हैं. सड़कों और पेट्रोल पंपों पर सशस्त्र थाई सैनिकों की भारी मौजूदगी है. बैंकॉक पोस्ट के अनुसार, लगभग एक दर्जन ट्रकों, बख्तरबंद वाहनों और टैंकों वाला एक थाई सैन्य काफिला धान के खेतों से घिरी प्रांतीय सड़कों को पार करते हुए सीमा की ओर बढ़ गया है. यह लड़ाई थाईलैंड के पिछली रात नोम पेन्ह स्थित अपने राजदूत को वापस बुलाने और कंबोडिया के दूत को निष्कासित करने के कुछ ही घंटों बाद शुरू हुई है.

इस दौरान बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से कई थाई सैनिक घायल हो गए. बैंकॉक का आरोप है यह बारूदी सुरंग हाल ही में प्रतिद्वंद्वी सैनिकों ने बिछाई थी. कंबोडिया ने इस आरोप को खारिज कर दिया है.

### बांग्लादेशः 'भ्रष्टाचार की नींव' पर तैयार पुल प्रशासन ने ढहाया

**ढाका।** दक्षिण-पश्चिमी बांग्लादेश के बारिसल डिवीजन के पिरोजपुर जिला में एक पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग होने पर ढहा दिया गया. मदरा बाजार रोड पर ठेकेदार के माध्यम से इस पुल को तैयार कराया गया था. ठेकेदार को इसके लिए 5.73 करोड़ टका का भुगतान किया गया. ठेकेदार ने यह काम किसी दूसरे को सौंप दिया था. ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, स्थानीय निकाय अभियांत्रिकी विभाग (एलजीईडी) से लोगों ने शिकायत की थी कि जलाबाड़ी यूनियन के मदरा बाजार रोड पर स्थित यह पुल कभी भी गिर सकता है. इसके निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है. विभाग को जांच में बड़ी खामियां मिलीं. इसके बाद पुल को गिरा दिया गया. इस घटना के बाद बांग्लादेश में सरकारी निर्माण परियोजनाओं विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी और जवाबदेही को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है. स्थानीय नागरिकों के गुस्से को देखते हुए एलजीईडी को इस संरचना को गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा. इस पुल का ठेका 29 दिसंबर, 2021 को पिरोजपुर एलजीईडी ने एक ठेकेदार फर्म को दिया था.

## उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग असंवैधानिक करार

एजेंसियां। फिलीपींस



सुप्रीम कोर्ट ने उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को असंवैधानिक घोषित कर दिया है. कोर्ट ने शुक्रवार को दिए अपने फैसले में कहा कि इस महाभियोग प्रक्रिया में प्रतिनिधि सभा ने संवैधानिक नियमों का उल्लंघन किया है. मुख्य रूप से यह मामला तकनीकी आधार पर खारिज किया गया है. कोर्ट की प्रवक्ता केमिली टिंग ने बताया कि प्रतिनिधि सभा एक वर्ष में केवल एक ही महाभियोग प्रस्ताव पर विचार कर सकती है, लेकिन इस नियम की अवहेलना की गई. अदालत ने यह स्पष्ट किया कि वह राजनीतिक आरोपों पर निर्णय नहीं दे रही, बल्कि संवैधानिक प्रक्रिया की रक्षा कर रही है. यह मामला 5 फरवरी को तब शुरू हुआ जब राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर की हत्या की साजिश रचने, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता की निंदा करने में विफल रहने के आरोपों के आधार पर प्रतिनिधि सभा के कुछ सांसदों ने दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग लाया था.

मामला सीनेट को भेजा गया था, लेकिन दुतेर्ते ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी. इस फैसले के बाद उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते को राष्ट्रपति को धमकी देने और अन्य गंभीर आरोपों से फिलहाल राहत मिली है. कोर्ट ने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा. हालांकि, अगर यह फैसला अंतिम रूप से मान्य हो जाता है, तो विरोधी अगले वर्ष फिर से महाभियोग ला सकते हैं.

**परेशानी**

### महाराष्ट्र में भारी बारिश से कई नदियां उफान पर, जनजीवन अस्त- व्यस्त हुआ

# मुंबई के लिए ऑरेंज, रायगढ़ के लिए रेड अलर्ट

शुभम संदेश। मुंबई



मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई जिलों में पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश से कई जिलों में नदियां उफान पर हैं. इससे इन जिलों में जनजीवन बहुत ज्यादा प्रभावित हुआ है और लोगों को कई तरह की दिक्कतें उठानी पड़ रही है. मौसम विभाग ने मुंबई के लिए शुक्रवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और दिन भर भारी बारिश की संभावना जताई है. रायगढ़ और गोंदिया जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है. जिससे इन जिलों में भारी बारिश की संभावना है. भारी बारिश को देखते हुए प्रशासन सतर्क है और नागरिकों को आवश्यक काम होने पर ही घर से निकलने की अपील की है.

मुंबई के कांदिवली, बोरीवली, मलाड, अंधेरी, जुईनगर, बेलापुर और वाशी इलाकों में आज तड़के से तेज बारिश हो रही है. जिससे मुंबई के निचले इलाकों में जलभराव हो गया है और सुबह काम पर जाने वाले श्रमिकों को परेशान होना पड़ा है, लेकिन मुंबई में परिवहन व्यवस्था और लोकल ट्रेन सेवाएँ फिलहाल सुचारू रूप से चल रही हैं. साथ ही कल्याण से बदलापुर इलाके में कल रात से लगातार बारिश हो रही है. अगर बारिश की तीव्रता इसी तरह जारी रही तो पूरे इलाके में सडक़ों पर जलभराव होने की संभावना है. मुंबई नगर निगम द्वारा घोषित ज्वार-भाटा कार्यक्रम के अनुसार 24 से 27 जुलाई के बीच समुद्र में उच्च ज्वार आएगा. आज दोपहर 12.40 बजे समुद्र में 4.66 मीटर ऊँची लहरें उठने की संभावना है. 26 जुलाई को सबसे ऊँची लहर 4.67 मीटर ऊँची पहुँचने की संभावना है.

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से इस दौरान समुद्र तट पर जाने से बचने की अपील की है. मौसम विभाग ने विदर्भ में आज पूरे दिन बारिश की चेतावनी जारी की गई है. गढ़चिरौली, चंद्रपुर, भंडारा और गोंदिया जिलों के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि नागपुर, वर्धा और अमरावती जिलों में ऑरेंज अलर्ट है. अगले 24 घंटों में विदर्भ में भारी बारिश की संभावना के चलते नागरिकों से प्रशासन के अलर्ट निर्देशों का पालन करने को कहा गया है. गोंदिया जिले में कल रात से भारी बारिश हो रही है. कई नदियाँ और नाले उफान पर हैं. गोरेगांव तहसील के बाबई गाँव के नाले पर बने पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण दोनों गाँवों का संपर्क टूट गया है. वैनगंगा नदी पर बने धापेवाड़ा बैराज के 7 गेट खोल दिए गए हैं, जबकि पुजारीटोला और कालीसराड बाँधों से भी भारी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है.

## मणिपुर के काकचिंग में प्रतिबंधित संगठन के चार उग्रवादी गिरफ्तार

एजेंसी। इंफाल



मणिपुर पुलिस ने उग्रवाद के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत काकचिंग जिले के वाबगाई क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित संगठन कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वॉर ग्रुप) के चार कैडरों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों की पहचान वाबगाई माइरेंगबम लीकाई निवासी लैश्रम ननाओ सिंह (41), वाबगाई टेरा उरक निवासी मायेंगबम शंजीत सिंह (51) और खादेम राजेश सिंह (45) तथा इम्फाल वेस्ट जिले के यूरेंबम अवांग लीकाई निवासी लैश्रम रंजीत मैतेई (51) के रूप में की गई है. इनके पास से एक .32 पिस्टल, चार मोबाइल फोन और एक कोमेट 10x50 डीपीएसआई दूरबीन बरामद हुई है. अधिकारियों का मानना है कि ये सभी इलाके में भूमिगत गतिविधियों के समन्वय में लिप्त थे. इसके अलावा, 24 जुलाई को चुराचांदपुर थाना क्षेत्र के सिदेन इलाके में एक अन्य अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुए. बरामद सामग्री में एक .22 राइफल (बिना मैगजीन), एक 9 एमएम कार्बाइन विद मैगजीन, एक 9 एमएम पिस्टल विद मैगजीन, छह एसबी राइफल, एक 12-बोर राइफल, एक सिंगल बैरल बोल्ट-एक्शन राइफल, एक संशोधित लंबी दूरी की मोर्टार (पोम्पी), तीन जीवित पोम्पी बम, दो बाओफेंग वायरलेस सेट, एक स्मोक ग्रेनेड और बड़ी मात्रा में कारतूस शामिल हैं. इस बीच, राज्यभर में संवेदनशील और सीमावर्ती इलाकों में तलाशी अभियान तेज कर दिए गए हैं.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट, चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989
**(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)**. आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com